धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

24.03.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




* नगर संस्करण । पेज : 12 | epaper.khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 248 | 06 | संस्कृति की अनमोल धरोहर सरहुल


## शादी हो या त्योहार या फिर दैनिक व्यवहार...

**VAST SUMMER COLLECTION OF MULTIBRAND**
Readymade Suits, Sherwani, Kurta Pajama, Bandi, Trousers, Jeans, Shirts, T/Shirts & Accessories, Readymade Ladies Wear, Readymade Kids Wear.



Also Widest Collection of Multibrand Suitings/Shirtings in Jharkhand

**Widest Collection of Suitings Shirtings in Jharkhand**

- ★ Raymond / Reid & Taylor SUITLENGTHS ₹ 5000.00 TO ₹ 40,000.00 Per Length
- ★ MULTIBRAND SUITINGS / TROUSERINGS ₹ 250.00 Per Meter TO ₹ 15000.00 Per Meter
- ★ MULTIBRAND WORLD CLASS ITALIAN SUITINGS ₹ 900.00 Per Meter TO ₹ 4000.00 Per Meter
- ★ MULTIBRAND SHIRTINGS / KURTA CLOTH ₹ 150.00 Per Meter TO ₹ 3500.00 Per Meter
- ★ MULTIBRAND COMBO PACK ₹ 599.00 TO ₹ 2999.00 Per Box
- ★ MULTIBRAND UNIFORM FABRICS

Also Vast Range of Multibrand Menswear, Ladieswear & Kidswear

ALL DAYS 10:00 A.M. TO 8:30 P.M.

SINCE 1965 **VED TEXTILES AND APPARELS** BAGROY MARKET, MAIN ROAD, RANCHI - 834001


ALL DAYS 10:00 A.M. TO 8:30 P.M.

Raymond | Reid & Taylor | OCM | Moda Biella ITALY | DIGJAM | J.HAMPSTEAD | GEORGIA GULLINI | CADINI | GEOFFREY HAMMONDS | LINEN CLUB | ARVIND | DONEAR | LINEN VOGUE | GRADO | ITALIAN BRANDS
VAN HEUSEN | LOUIS PHILIPPE | BLACKBERRYS | Manyavar | PARK AVENUE | JACK & JONES | MONTE CARLO | FRENCH CONNECTION
TOMMY HILFIGER | Calvin Klein Jeans | UNITED COLORS OF BENETTON | Allen Solly | TURTLE | Levi's | Pepe Jeans | U.S. POLO ASSN. | celio* | spykar | mufti
KILLER | FLYING MACHINE | VERO MODA | ONLY | DEAL JEANS | BIBA | W | aurelia | CRIMSOUNE CLUB | Allen Solly Junior | U.S. POLO ASSN. KIDS | & Other Leading Brands

• All Major Cards Accepted | Visit us at www.vedtextilesandapparels.com | E-mail : vedtextilesandapparels@gmail.com




श्री जे0पी0 नड्डा
अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी


श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री, भारत सरकार


श्री नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार


श्री बाबूलाल मरांडी
नेता विधायक दल, भाजपा, झारखंड


श्री दीपक प्रकाश
अध्यक्ष, भाजपा, झारखंड प्रदेश

## प्रकृति पर्व सरहुल की हार्दिक शुभकामनाएं





## श्री रमेश सिंह

प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा, झारखण्ड प्रदेश।

## समाहरणालय, लातेहार
## (भू–अर्जन शाखा)
## समाहर्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या–86 /भू0 अ0 दिनांक–20.03.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–आन थाना नं0–261 थाना–चन्दवा अंचल–चन्दवा जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–चेटर रेलवे स्टेशन से बनहरदी कोल ब्लॉक तक रेलवे लाईन निर्माण पार्ट–**II** अपेक्षित है रेल लाईन निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–आन थाना नं0–261 थाना–चन्दवा अंचल–चन्दवा जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.665** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आन | 25 | 1146 P | धान II | 0.14 | 0.005 | गंजा उरांव पिता – बिजला उरांव दो अंश, झरीया उरांव पिता सुकवा उरांव दो अंश, बुलो, पेरवा, लंगड़ी पिता – जया उरांव अंश समान, रामु पिता चन्द्रा उरांव एक अंश, लुथरा उरांव, सोहना पिता – लुटवा उरांव चार अंश समान जाति उरांव निवासी निज ग्राम | गंजा उरांव पिता – बिजला उरांव झरीया उरांव पिता सुकवा उरांव, बुलो, पेरवा, लंगड़ी पिता – जया उरांव रामु पिता चन्द्रा उरांव, लुथरा उरांव, सोहना पिता – लुटवा उरांव जाति उरांव | N - Plot No. - 1145 S - Plot No. - 1165 E - Plot No. - 1146 W - Plot No. - 1147 |
| 2 | आन | 103 | 1147 P | धान II | 0.30 | 0.015 | विश्वनाथ प्रसाद भगत, रामजी भगत, पिता जगेश्वर प्रसाद भगत दो अंश समान, लक्ष्मण प्रसाद भगत,कन्हया प्रसाद भगत,ब्रजकिशोर प्रसाद भगत पिता गोबिन्द भगत एक अंश समान जाति ब्याहुत कलवार निवासी नीज ग्राम | विश्वनाथ प्रसाद भगत, रामजी भगत, पिता जगेश्वर प्रसाद भगत लक्ष्मण प्रसाद भगत,कन्हया प्रसाद भगत,ब्रजकिशोर प्रसाद भगत पिता गोबिन्द भगत जाति ब्याहुत कलवार | N - Plot No. - 1165 S - Plot No. - 1163 E - Plot No. - 1165 W - Plot No. - 1147 |
| 3 | आन | 53 | 1162 P | टांड़ II | 0.08 | 0.025 | जयमंगल उरांव पिता बुधु उरांव एक अंश, जिरकू उरांव, मुन्सी उरांव पिता – शनिया उरांव दो अंश समान, सुधू उरांव, भादी उरांव पिता धुरिया उरांव तीन अंश समान, लाला उरांव पिता हरी उरांव छः अंश, लउदा उरांव पिता – फूलदेव उरांव छः अंश, भुउआ उरांव पिता बंधु उरांव छः अंश , जाति उरांव निवासी नीज ग्राम टोला झरीवा। | जयमंगल उरांव पिता बुधु उरांव , जिरकू उरांव, मुन्सी उरांव पिता – शनिया उरांव सुधू उरांव, भादी उरांव पिता धुरिया उरांव लाला उरांव पिता हरी उरांव , लउदा उरांव पिता – फूलदेव उरांव भुउआ उरांव पिता बंधु उरांव जाति उरांव । | N - Plot No. - 1163 S - Plot No. - 1193 E - Plot No. - 1193 W - Plot No. - 1162 |
| 4 | आन | 53 | 1163 P | टांड़ II | 0.26 | 0.060 | जयमंगल उरांव पिता बुधु उरांव एक अंश, जिरकू उरांव, मुन्सी उरांव पिता – शनिया उरांव दो अंश समान, सुधू उरांव, भादी उरांव पिता धुरिया उरांव तीन अंश समान, लाला उरांव पिता हरी उरांव छः अंश, लउदा उरांव पिता – फूलदेव उरांव छः अंश, भुउआ उरांव पिता बंधु उरांव छः अंश , जाति उरांव निवासी नीज ग्राम टोला झरीवा। | जयमंगल उरांव पिता बुधु उरांव एक अंश, जिरकू उरांव, मुन्सी उरांव पिता – शनिया उरांव दो अंश समान, सुधू उरांव, भादी उरांव पिता धुरिया उरांव तीन अंश समान, लाला उरांव पिता हरी उरांव छः अंश, लउदा उरांव पिता – फूलदेव उरांव छः अंश, भुउआ उरांव पिता बंधु उरांव छः अंश , जाति उरांव | N - Plot No. - 1147 S - Plot No. - 1162 E - Plot No. - 1192,1162 W - Plot No. - 1163,1192 |
| 5 | आन | 25 | 1165 P | धान II | 0.15 | 0.005 | गंजा उरांव पिता – बिजला उरांव दो अंश, झरीया उरांव पिता सुकवा उरांव दो अंश, बुलो, पेरवा, लंगड़ी पिता – जया उरांव अंश समान, रामु पिता चन्द्रा उरांव एक अंश, लुथरा उरांव, सोहना पिता – लुटवा उरांव चार अंश समान जाति उरांव निवासी निज ग्राम | गंजा उरांव पिता – बिजला उरांव झरीया उरांव पिता सुकवा उरांव बुलो, पेरवा, लंगड़ी पिता – जया उरांव रामु पिता चन्द्रा उरांव लुथरा उरांव, सोहना पिता – लुटवा उरांव जाति उरांव | N - Plot No. - 1146 S - Plot No. - 1147 E - Plot No. - 1165 W - Plot No. - 1165 |
| 6 | आन | 107 | 1192 P | धान II | 0.13 | 0.040 | बुधु उरांव , मुन्शी उरांव , जीरकू उरांव पिता शनिया उरांव अंश समान जाति उरांव निवासी नीज ग्राम | बुधु उरांव , मुन्शी उरांव , जीरकू उरांव पिता शनिया उरांव जाति उरांव | N - Plot No.1163 S - Plot No. - 1163 E - Plot No. - 1192 W - Plot No. - 1163 |
| 7 | आन | 148 | 1194 P | धान II | 0.18 | 0.090 | रामलखन साव पिता – रामदयाल साव दश अंश , राजेश साव पिता – शुखदेव साव पांच अंश , मुखदेव साव पिता – शिवदयाल साव पांच अंश , शिनरायन साव पिता गोपाल साव दश अंश , रामचन्द्र साव , रामौतार साव , रामसंवारथ साव विता – शिवरतण साव तीस अंश समान , बुलकि देवी , छतरी देवी माता – मुनिया छः अंश समान , भेगताईन , भगवतीया , कुशिदान पिता मनोहर साव चौबिस अंश समान जाति सुंढ़ी निवासी नीज ग्राम | रामलखन साव पिता – रामदयाल साव दश अंश , राजेश साव पिता – शुखदेव साव पांच अंश , मुखदेव साव पिता – शिवदयाल साव पांच अंश , शिनरायन साव पिता गोपाल साव दश अंश , रामचन्द्र साव , रामौतार साव , रामसंवारथ साव विता – शिवरतण साव तीस अंश समान , बुलकि देवी , छतरी देवी माता – मुनिया छः अंश समान , भेगताईन , भगवतीया , कुशिदान पिता मनोहर साव चौबिस अंश समान जाति सुंढ़ी | N - Plot No. - 1193 S - Plot No. - 1203 E- Plot No. - 1194 W - Plot No. - 1193,1194 |
| 8 | आन | 17 | 1277 P | धान II | 0.10 | 0.045 | केश्वर साह पिता दशई साह जाति सौड़ंक निवासी नीज ग्राम | केश्वर साह पिता दशई साह जाति सौड़ंक | N - Plot No. - 1294,1279 S - Plot No. - 1278 E - Plot No. - 1277 W - Plot No. - 1277 |
| 9 | आन | 168 | 1278 P | टांड़ II | 0.22 | 0.030 | यामदेव महतो पिता – जगलाल महतो एक अंश , पुशा महतो पिता जुरका महतो एक अंश , सिधरी पिता – शन्नु महतो एक अंश , तुलो महतो पिता – मुसा महतो एक अंश , बसुआ महतो , पिता – माना महतो एक अंश , झानी महतो पिता – दशुआ महतो एक अंश शंकर महतो पिता चढ़वा महतो दो अंश जाति अहीर निवासी नीज ग्राम टोला झरीवा | केश्वर साह पिता दषई साह जाति शौण्डिक | N - Plot No. - 1277 S - Plot No. - 1272 E - Plot No. - 1278 W - Plot No. - 1279 |
| 10 | आन | 42 | 1279 P | टांड़ II | 0.53 | 0.120 | छदु साह पिता – गोपी साह एक अंश , केश्वर साह , बन्धु साह , शंकर साह पिता दशई साह एक अंश समान जाति शुड़ी निवासी नीज ग्राम | छदु साह पिता – गोपी साह एक अंश , केश्वर साह , बन्धु साह , शंकर साह पिता दशई साह एक अंश समान जाति शुड़ी | N - Plot No. - 1292,1294,1277 S - Plot No. - 1277,1279 E - Plot No. - 1279,1294, 1277 W- Plot No. - 1279,1292 |
| 11 | आन | 42 | 1290 P | टांड़ II | 0.77 | 0.030 | छदु साह पिता – गोपी साह एक अंश , केश्वर साह , बन्धु साह , शंकर साह पिता दशई साह एक अंश समान जाति शुड़ी निवासी नीज ग्राम | छदु साह पिता – गोपी साह एक अंश , केश्वर साह , बन्धु साह , शंकर साह पिता दशई साह एक अंश समान जाति शुड़ी | N-Plot No. - 1289 S -Plot No. - 1290 E- Plot No. - 1292 W - Plot No. - 1292 |
| 12 | आन | 75 | 519/ 1669 P | टांड़ II | 2.70 | 1.20 | परमेश्वर भगत पिता – रामचन्द्र भगत जाति कलवार निवासी नीज ग्राम | परमेश्वर भगत पिता – रामचन्द्र भगत जाति कलवार | N - Plot No. - 519,1702 S- Plot No. - 1664,529,520 E- Plot No. - 1669,1664 W- Plot No. - 519,1669 |
| | कुल– | | | | | 1.665 | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR 293453 (Land Reforms) 22-23 (D)

## विपक्ष के खिलाफ सीएम ने की धुआंधार राजनीतिक बैटिंग, कहा

# भाजपा ने झारखंड में 20 सालों तक गंदगी फैलायी

**उदय चौहान**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट सत्र के समापन पर विपक्ष के खिलाफ धुआंधार राजनीतिक बैटिंग की। उन्होंने राजनीतिक वाशिंग पाउडर भरे शब्दों से प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को धो डाला। झारखंड में गंदगी व रायता फैलाने का आरोप भाजपा पर मढ़ा।

उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति उनके पूर्वजों का संकल्प है। भाजपा के लाख विरोध के बावजूद झामुमोनीत सरकार 1932 मामले में पीछे हटने वाली नहीं है। विधानसभा में नियोजन नीति, सरकार की योजना सहित अहम मुद्दों पर सीएम ने विपक्षी दल को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड 20 सालों तक भाजपा ने गंदगी फैलाया है। अब, महागठबंधन की सरकार साफ करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प यह है कि 1932 के आरक्षण पर भी केंद्र ही फैसला लेगा। केंद्र के नेता यहां आते हैं।

अपनी योजना का शिलान्यास करते हैं, चले जाते हैं। राज्य सरकार को सूचना तक नहीं देते हैं। आज भी केंद्र सरकार का एक कार्यक्रम चल रहा है। लेकिन राज्य सरकार के लोग सबसे नीचे की लिस्ट में है। सबको मान सम्मान से जीने का अधिकार है। उन्होंने संघील ढांचा का उल्लंघन करने का आरोप भी भाजपा नेताओं पर लगाया।

सीएम ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के कथित अपमान को लेकर नारी उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सांसद ने हमारी विधायक दीपिका पर भद्दी टिप्पणी की है। मैं ये नहीं कहता की आप संज्ञान में लें। लेकिन यह गंदी और भद्दी बात है। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि गैर भाजपा शासित प्रदेश के सीएम को विदेश जाने की अनुमति नहीं मिलती है। भाजपाइयों ने लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया है। इडी, सीबीआइ की कार्रवाई पर भी केंद्र सरकार को लताड़ा। उन्होंने कहा कि आज जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है वो 'इनके साथ' ही थे। इनके समय के पाप को हमारे मत्थे पर चढ़ाया जा रहा है। अभी तो राज्य ने चलना शुरू किया है। रोजगार के मुद्दे पर कहा कि हम चाहते हैं कि तीसरे और चौथे दर्जे में झारखंड के लोगों को नौकरी दें। लेकिन विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। हमारी 1932 के प्रति जो कोशिश है उसे हम जारी रहेंगे। हमें पता था कि अड़चन आयेगी। विपक्ष के माध्यम से अड़चन आयी। विपक्ष में ऐसा नहीं है कि सभी बाहरी है। उन्होंने यहां तक कहा कि मरांडी, मुंडा, महतो होना ही झारखंड का हितैषी होना नहीं है। अगर आप सच में झारखंड के हितैषी है तो आपको अपनी सीमा तय करनी होगी। कहा कि भाजपा के कारण ही 27 प्रतिशत का आरक्षण भी खत्म हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाहरियों को भर दिया है। कोडरमा में 173 पदों में बाहरी हुई, जिनमें 43 लोग बाहरी है। जेपीएससी में कलंक गाथा इनके समय में लिखी गयी। युवाओं को दर-दर भटकने व लाठी-डंडा खाने के लिये भाजपा आगे कर दी है। नियोजन नीति के मुद्दे पर इशारों में कहा कि आज जो समझौता हुआ उसे कमजोरी ना समझें। शेर का बच्चा लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे आया है। उन्होंने कहा कि मदर ऑफ डेमोक्रेसी को फादर ऑफ पावर ने कुचल डाला है।

लगभग 50 मिनट के समापन भाषण में अपने विरोधियों को गिन-गिन कर आरोपों के जख्म से भर दिया। भाजपा को झारखंड से लेकर केंद्र तक सुपड़ा साफ करने की चेतावनी दे डाली। सीएम के समापन भाषण के दौरान भाजपा कुछ खास नहीं कर सकी। भाजपा के विधायक टुकुर-टुकुर सीएम को भाषण देते हुये देख रहे थे।

### 50 फीसदी जनसंख्या को बैंक नहीं करता सपोर्ट : सीएम

रांची। सीएम ने सदन में समापन भाषण के दौरान कहा कि राज्य की 50 प्रतिशत जनसंख्या को बैंक कोई सपोर्ट नहीं करता है। विधायकों को भी सपोर्ट नहीं करता है बैंक। लेकिन हमने पढ़ने वाले बच्चों को 4–5 फीसदी ब्याज पर हमने 15 लाख तक ऋण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीयता पर हमारे विपक्ष के भाई काफी चिंता में हैं। इसकी क्या वजह है,मैं नहीं जानता। कुछ दिन पहले ही स्थानीय नीति पारित हुआ, उसका क्या हश्र कर दिया है इन्होंने। पूरे सदन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हमलोग कम्पर विचारधारा के लोग हैं। हमलोग बिल्कुल 1932 के प्रति जो हमारी कोशिश है। ये पता था कि विपक्ष के माध्यम से अड़चनें आयेंगी। विपक्ष में भी कुछ मूलवासी–आदिवासी हैं। बड़ा विचित्र बात है कि हमारे मूलवासी आदिवासी विपक्षी लोग रोबोट की भूमिका में हैं। जो उपर से आदेश होता है उसपर ही वो चलते हैं। सीएम ने कहा कि सहूलियत की राजनीति नहीं होनी चाहिए। सहूलियत की राजनीति से राज्य का भला नहीं होगा। इन्होंने ओबीसी आरक्षण को 27 फीसदी से घटाने का काम किसने किया था। हमने 27 फीसदी आरक्षण का बिल लाया उसे भी विपक्ष ने धराशायी कर दिया। इन्होंने से आधे से अधिक बाहरी लोगों को भर दिया है। इनके कार्यकाल में शिक्षकों की बहाली हुई। इनके तात्कालीन शिक्षा मंत्री के जिला में 173 लोगों की बहाली हुई थीए जिसमें करीब आधे बाहरी थे। जेपीएससी में 250 बच्चों की बहाली हमने की है। गिन के बता दीजिए कितने लोग बाहरी हैं।

## राहुल गांधी के सजा मामले पर सदन गरमाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के आखिरी दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को सजा सुनाये जाने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने जबरदस्त हंगामा किया। कांग्रेसियों के हंगामा को देख कर विपक्षी सदस्य भी बेल पर पहुंच गये और नारे बाजी करने लगे। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहली पाली में साढ़ 12 बजे तक और द्वितीय पाली में साढ़े तीन बजे स्थगित कर दी गयी। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। मोदी सरनेस केस में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से 2 साल की सजा मामले पर कांग्रेस विधायक सदन में भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद भाजपा विधायक भी वेल में आकर कर हंगामा करने लगे। समझाने के बाद भी जब विधायक नहीं माने तो हंगामे को देखते हुये सदन की कार्यवाही 3.30 बजे तक स्थगित कर दी। मालूम हो कि बजट स्त्र के आखिरी दिन गुरूवार को कई सरकारी बिजनेश थे। सत्रावसान से पहले स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदस्यों के प्रति आभार जताया।

### बन्ना ने कहा, प्रदीप बाबू आप उतने भी विद्वान नहीं हैं

**रांची।** प्रथम पाली में पक्ष और विपक्ष के सवालों से बौखलाये मंत्री बन्ना गुप्ता बोले कि प्रदीप बाबू आप उतने भी विद्वान नहीं हैं, हम सीपी सिंह से ट्यूशन पढ़ने जायेंगे। दरअसल, भाजपा विधायक सीपी सिंह के सवालों से सदन में मंत्री बन्ना गुप्ता घिर गये। उधर, सत्ता पक्ष के विधायक प्रदीप यादव ने भी उन्हें घेरते हुए कहा कि मंत्री को विधायकों के सवाल का जवाब देख कर फाइल में हस्ताक्षर करना चाहिए। इसपर बन्ना गुप्ता बौखला गये। उन्होंने कहा की प्रदीप बाबू आप बाल का खाल मत निकालिए। आप भले ही मंत्री रहे हैं। लेकिन उतने भी विद्वान नहीं हैं।

### हंगामे के बीच इटकी टीबी सेनेटोरियम संशोधन विधेयक पास

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को हंगामे के बीच इटकी ट्यूब्रोक्लोसिस सेनेटोरियम संशोधन विधेयक पास हो गया। इसे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदन में पेश किया था। इसके अलावे सरकार ने छह विधेयकों को वापस ले लिया।

### जातीय जनगणना सरकार सुनिश्चित करे : आजसू पार्टी

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो व सुनीता चौधरी ने कुरमी–कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने, आबादी के अनुसार ही आरक्षण का दायरा सुनिश्चित करने के लिए राज्य में जातीय जनगणना कराने, ट्रिपल टेस्ट के आधार पर ही आरक्षण नीति तय करने और राज्य के सभी जिलों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग को लेकर गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन प्रदर्शन किया व धरना दिया।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी की सजा को लोकतंत्र पर कुठारघात बताया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुजरात के सूरत जिला न्यायालय से मानहानी के मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाये जाने को प्रदेश कांग्रेस ने इसे भाजपा का साजिश बताया है। सजा सुनाये जाने की खबर मिलते ही कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं एवं पदाधिकारियों ने गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संकल्प मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। संकल्प मार्च कांग्रेस भवन से निकलकर सुभाष चौक, शहीद चौक होते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचकर सभा में बदल गयी। कांग्रेस भवन से निकाली गयी संकल्प मार्च में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, रवीन्द्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, गजेन्द्र सिंह, सुरेश बैठा, रंजन बोयपाई, राजीव रंजन प्रसाद, आभा सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, ईश्वर आनंद, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो शामिल हुए।

संकल्प मार्च को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सबको पता है कि राहुल गांधी तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, गलत को गलत कहने का साहस दिखा रहे हैं। इस साहस से तानाशाह घबराया हुआ है। कभी ईडी, कभी पुलिस, कभी केस, कभी सजा से डराने में जुटा है। हम लड़ेगे भी और जीतेंगे भी। उन्होंने कहा कि डरी हुई सत्ता की पुरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाकर राहुल गांधी की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी डरनेवाले नहीं हैं। वे सच बोलते रहेंगे और तनाशाह की पोल खोलते रहेंगे। राहुल गांधी के पास केंद्र सरकार के खिलाफ देशवासियों के प्यार के साथ सच बोलने की ताकत है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार से कई शहादत देश की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए दी है।

## भाजपा की प्रमंडल स्तर पर सांगठनिक बैठक 24 से 27मार्च तक

**रांची।** भाजपा की प्रमंडल स्तर पर सांगठनिक बैठक 24 से 27 मार्च तक किया जायेगा। भाजपा की सांगठनिक गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। पार्टी के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया कि बूथ सशक्तिकरण अभियान को बल देने एवं सांगठनिक संरचना को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने केलिए आगामी 24मार्च से 27मार्च तक भाजपा की प्रमंडल स्तरीय सांगठनिक बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि अलग अलग प्रमंडल की बैठक में शामिल होंगे प्रदेश के वरिष्ठ नेता। इसी क्रम में 27मार्च को प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश जमशेदपुर में कोल्हान प्रमंडल की बैठक को संबोधित करेंगे। नेता विधायक दल 24मार्च को दुमका में और 25को बोकारो में रहेंगे। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 24मार्च को दुमका में, 25मार्च को पलामू में और 27मार्च को रांची की बैठक में शामिल होंगे। संबंधित प्रमंडल में निवास करने वाले पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक भी शामिल होंगे।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर चैंबर ने टोल टैक्स को कम करने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में सडक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम कोलेकर विधानसभा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उपरांत अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर, झारखण्ड में सडक परियोजनाओं के शिलान्यास के लिए मंत्री को धन्यवाद दिया एव कहा कि इन परियोजनाओं के शिलान्यास से झारखण्ड के हर क्षेत्र के लोगों का विकास होगा।

### झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित हुआ गडकरी का दौरा : रमेश सिंह



**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ अपने सैकड़ों समर्थकों को लेकर विधानसभा मैदान धुर्वा पहुंचे और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में शामिल हुए। रमेश सिंह ने कहा कि नितिन गडकरी जी ने झारखंड को 13,200 करोड़ की भारी भरकम राशि की सौगात प्रदेश को दिया है। यह झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर एक नजर में

### हाइकोर्ट ने सीबीआई से पूछा, जांच कहां तक पहुंची

रांची। धनबाद में दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत में सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि फिलहाल जांच जारी है। अदालत ने सीबीआई को यह जानकारी देने को कहा है कि फिलहाल जांच किस स्टेज तक पहुंची है। अब हाईकोर्ट 27 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई करेगा।

### दिव्यांग बच्चों की शिक्षा मामले में सरकार से मांगा जवाब

रांची। दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर छाया मंडल की ओर से दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को गंभीर बताते हुए राज्य सरकार को 4 सप्ताह में विस्तृत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 27 अप्रैल निर्धारित की है।

### हाइकोर्ट ने बिहार और झारखंड सरकार से मांगा जवाब

रांची। बांका, बिहार के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में झारखंड व बिहार सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### सुषमा बड़ाइक पहुंची हाईकोर्ट

रांची। 2005 में तत्कालीन आईपीएस पीएस नटराजन पर यौन शोषण करने के आरोपों से चर्चा में आई आदिवासी महिला सुषमा बड़ाइक गुरुवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष पहुंची। सुषमा बड़ाईक ने कोर्ट से उनके हाउस गार्ड वापस लिए जाने के मामले को कोर्ट के संज्ञान में लाया। जिस पर कोर्ट ने रांची एसएसपी से वर्चुअल मोड में बात की। खंडपीठ ने सुषमा को हाउस गार्ड उपलब्ध कराने का रांची एसएसपी को निर्देश देते हुए इससे संबंधित याचिका को निष्पादित कर दिया।

### सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

रांची। अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 अप्रैल निर्धारित की है।

### व्यवसायी रुंगटा को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

रांची। झारखंड के बड़े व्यवसायी राम स्वरूप रुंगटा की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है।

### ढुल्लू महतो की याचिका पर सुनवाई 11 अप्रैल को

रांची। बरी हुए मामले को उनके आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़ने को लेकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 अप्रैल निर्धारित की है।

### पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई सुनवाई

रांची। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लांड्रिंग करने के मामले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की ओर दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने आगे की सुनवाई जारी रखते हुए 25 मार्च की तारीख तय की है।

### पांच अप्रैल तक बढ़ी हिरासत अवधि

रांची। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लांड्रिंग करने के आरोप में जेल में बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, तत्कालीन एक्सक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश एवं निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि ईडी कोर्ट ने पांच अप्रैल तक बढ़ा दी है।

### निलंबित चीफ इंजीनियर की हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम की न्यायिक हिरासत अवधि छह अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। गुरुवार को इडी कोर्ट में आरोपी को पेश किया गया था।

### सीएम को इरफानने दी रमजान की शुभकामनाएं

रांची। झारखंड हज कमेटी के चेयरमैन सह जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी झारखंड के डायनामिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर माहे रमजान की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक डॉ अंसारी ने मुख्यमंत्री को टोपी और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें अरब से मंगाये गये खजूर और आब–ए–जमजम भेंट की। मौके पर विधायक के साथ एक शिष्टमंडल उपस्थित था।

### 9 जिलों में 12 अप्रैल से लगेगा मिजल्स रुबेला का टीका

रांची। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नामकुम स्थित सभागार में गुरुवार को मिजल्स रुबेला टीकाकरण पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रभावित 9 जिलों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आईईसी के नोडल पदाधिकारी अनिल कुमार ने की। समीक्षा में साहेबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद और कोडरमा जिले के अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मिजल्स रुबेला कार्यक्रम की शुरुआत 12 अप्रैल 2023 से सभी प्रभावित 9 जिलों में अभियान के रूप में होगी।

### बोले जयराम, आंदोलन जारी रहेगा

रांची। रांची पुलिस की लाठी खाने के बाद टाइगर जयराम महतो ने कहा कि आज शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस है, पुलिस से हम डरनेवाले नहीं है। जयराम ने कहा कि अब किसी बात का डर नहीं है। हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जयराम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जयराम ने कहा कि झारखंड में दो लाख नौकरी में 1.5 लाख बाहरी लोगों को नौकरी मिल जाएगी। अगर यही नीति रही तो यहां के लोग नौकरी से वंचित रह जाएंगे। इधर, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा विधानसभा घेराव कार्यक्रम में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आजसू केंद्रीय समिति की बैठक 27 को जमशेदपुर में

**रांची।** 27 मार्च को गोल्डन लीफ रिसॉर्ट, पारडीह काली मंदिर के समीप, जमशेदपुर में आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई है। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो इसकी अध्यक्षता करेंगे।केंद्रीय समिति की बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन, जन पंचायत एवं अन्य भावी कार्यक्रमों सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

24.03.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

प्रकृति पर्व सरहुल पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

नगर संस्करण । पेज : 12 epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 248 06 संस्कृति की अनमोल धरोहर सरहुल



**चैत्र नवरात्र- तृतीय चंद्रघंटा**



पिण्डजप्रवरारूढ़ा
चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं
चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

**नवरात्रि** के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां के पूजन से भय का नाश और साहस की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में मां चंद्रघंटा का मंत्र बहुत ही कलयाणकारी माना गया है। चंद्रघंटा को शांतिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। इनका ध्यान करने से व्यक्ति को लोक और परलोक दोनों में सद्गति की प्राप्ति होती है।

24 मार्च का इफ्तार : शाम 6.03 बजे।
25 मार्च की सेहरी : भोर के 4.26 बजे






| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,500 रु./प्रति किलो |

## प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा आज



गुरुवार को पूरे विधि-विधान के साथ केकड़ा और मछली पकड़ने के साथ सरहुल की शुरुआत हो गयी। शुक्रवार को निकलेगी शोभायात्रा। केकड़ा और मछली पकड़ने के पीछे इनकी मान्यता है कि इन दोनों ने समुद्र के नीचे की मिट्टी ऊपर लाकर यह धरती बनायी। फसल की बुवाई के समय इन नर और मादा केकड़ों का चूर्ण बीजों के साथ बोया जाता है, इस आस्था के साथ कि जिस तरह केकड़े के अनगिनत बच्चे होते हैं, उसी तरह फसल भी बड़ी मात्रा में होगी।

**सदन में भाजपा पर बरसे सीएम** कहा- वे शेर की खाल में सियार हैं

# 1932 से हटने का प्रश्न ही नहीं

- देश में भाजपा चला रही निर्लज्ज वाली व्यवस्था
- तीन साल में हमारी सरकार ने बेहतरीन काम किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधानसभा में सीएम हेमंत सोरेन के तेवर बेहद तल्ख थे। उन्होंने स्थानीय नीति, नियोजन नीति से लेकर दिल्ली में पीएम मोदी के पोस्टर विवाद को लेकर भाजपा की जमकर खिंचाई की। सीएम ने कहा- शेर का खाल ओढ़ लेने से सियार कभी शेर नहीं बन सकता। भाजपा के लोग शेर के खाल में सियार हैं। सीएम ने 1932 के मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि 1932 हमारा है और रहेगा। यह हमारे पूर्वजों का संकल्प रहा है। ऐसे में इससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है और बेहतरीन काम किया है। बजट सत्र के समापन भाषण में राहुल गांधी मामले पर सीएम ने कहा कि वैचारिक मतभेद हो सकता है, लेकिन ऐसा न हो कि लोग एक दूसरे के जान के प्यासे हो जायें। ऐसा भी न हो कि मदर ऑफ डेमोक्रेसी को फादर ऑफ पावर कुचल दे। (शेष पेज 11 पर)



### भाजपा की नीतियां समझ से परे

सीएम ने कहा कि आजादी के बाद देश में पहली बार ऐसी निर्लज्ज वाली व्यवस्था चल रही है। पता ही नहीं चल रहा है कि देश आगे जा रहा या पीछे। सत्तावाले ही लोकसभा चलने नहीं दे रहे हैं। वही आचरण यहां भाजपा भी कर रही है। यह समझना चाहिए कि जनप्रतिनिधियों का आचरण आम जनता देखती है। हमलोगों को एक संदेश देना चाहिए कि सदन में किस तरीके का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग 1932 के विरोध में कोर्ट गये थे, वे भाजपा के हैं। भाजपावाले बैनर पोस्टर लेकर खड़े होते हैं और वही विरोध भी करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश बहुत विचित्र दौर से गुजर रहा है। भाजपा की गलत नीतियों के नाते ही उन्हें एक राज्य से हाथ धोना पड़ा है। आने वाले समय में इन्हें पूरे देश से हाथ धोना पड़ेगा।

**1932 हमारे पूर्वजों का संकल्प है**

सीएम श्री सोरेन ने 1932 के मुद्दे पर कहा कि यह हमारे पूर्वजों का संकल्प है, इससे पीछे हटने का सवाल ही नहीं है। 1932 हमारा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने 3 साल का कार्यकाल पूरा किया है और बेहतरीन काम किया है। दो साल कोरोना वायरस में गया है। बचे हुए साल में हम लोग बेहतरीन तरीके से काम करेंगे।

# राहुल गांधी को दो साल की सजा, जमानत पर रिहा

**एजेंसी**

**सूरत।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुरुवार को एक बड़ा कानूनी झटका लगा। सूरत की एक सेशंस कोर्ट ने मानहानि के एक मुकदमे में उन्हें दो साल की सजा सुनायी है। हालांकि, राहुल गांधी को सजा की घोषणा के थोड़ी देर बाद ही जमानत भी मिल गयी। बता दें कि 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कथित तौर पर मोदी सरनेम को लेकर एक टिप्पणी की थी। जिसे लेकर विवाद था। उन्होंने कहा था कि सभी चोरों का उपनाम मोदी



ही कैसे हो सकता है? इसे लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी थी। पिछले हफ्ते, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनीं थी।

**गडकरी ने झारखंड को दी 13200 करोड़ की सुपर सौगात, कहा**

# अमेरिका से अच्छी बनेंगी यहां की सड़कें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड दौरे पर आये केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य को दस हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। रांची और जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में श्री गडकरी ने 13200 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत की। रोची में करीब 9400 करोड़ की योजना से 21 सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी और शुभारंभ किया। पुराने विधानसभा परिसर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बटन दबाकर इन इनका शिलान्यास और




लोकार्पण किया। इससे 21 सड़क परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में झारखंड की सड़कें अमेरिका से भी बेहतर बनेंगी। सीएम को आमंत्रित नहीं किये जाने के विरोध में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। समारोह में नितिन गडकरी ने झारखंड को संसाधनों से समृद्ध राज्य बताया। (शेष पेज 11 पर)

# विधानसभा घेरने जा रहे छात्रों पर लाठीचार्ज

- आंसू गैस के गोले दागे, कई जख्मी पत्थरबाजी में जवान भी घायल
- विधानसभा के पास बना रणक्षेत्र, मंत्री के काफिले पर फेंकी बोतल
- छात्रों ने तोड़ा बैरिकेड, 50 नामजद समेत सैकड़ों अज्ञात पर थाने में एफआइआर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नियोजन नीति को लेकर विधानसभा घेरने आये छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। छात्रों की भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े। छात्रों ने भी पुलिस-प्रशासन पर पत्थरबाजी की। उत्तेजित छात्र



जगन्नाथ मंदिर के पास लगे बैरिकेडिंग को तोड़कर विधानसभा के पास वाली खेत तक पहुंच गये। पुलिस प्रशासन ने छात्रों को रोकने की कोशिश की, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने उनपर लाठीचार्ज कर दिया। झड़प के दौरान छात्रों ने पत्थरबाजी की। (शेष पेज 11 पर)




# ऐतिहासिक, अलौकिक व अभूतपूर्व रही मां भारती के सम्मान में अखंड तिरंगा यात्रा

>> लौहनगरी में धर्म, वर्ग , समाज , जाती व दलों के बंधन तोड़ उमड़ा जनसैलाब

>> अनुशासन के साथ गौरवमय यात्रा के लिए शहरवासियों का आभार : काले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन ने देश के वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस यात्रा में शहर के प्रबुद्धजनों , बड़ी संख्या मे मातृशक्ति एवं हजारों युवाओं ने तिरंगा हाथ में लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ अपनी विशाल उपस्थिति दर्ज करायी। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान स्थित सभा स्थल से मां भारती के रथ को तिरंगा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक परिवार के सभी सदस्यों को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी पूर्व सैनिक परिवार ने संभाली।



साकची से गुजरता अखंड तिरंगा यात्रा का विहंगम दृश्य।

यात्रा में सबसे आगे तीन सफेद घोड़ों पर तिरंगा लहरा रहा था इसके पीछे मां भारती का रथ शोभयमान था। अन्य झांकियों में तीनों वीर शहीदों को फांसी के फंदे को चुमते हुए दशार्या गया। सारा शहर एक ओर तिरंगे की आन बान और शान के साथ सुशोभित हो रहा था तो दूसरी और भारत माता की जय, वंदे मातरम की जय से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। यात्रा में सम्मलित देशभक्तों के साथ साथ यात्रा के स्वागत हेतु खड़े लोगों में भी उमड़ता जोश देखते ही बन रहा था । लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भालूबासा दुकानदार संघ, रजक समाज, जंबू अखाड़ा समिति, मुखी समाज, प्रजापति समाज, विश्वकर्मा समाज, गंडा समाज, रामलीला उत्सव समिति, विक्की फर्नीचर, नीलकंठ सेवा संघ, गौसिया लंगर समिति, सब्जी विक्रेता संघ, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी समाज, साकची दुकानदार संघ, सुहागन, टेम्पु स्टैंड एसोसिएशन, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक, पैगामे अमन , पायल टैक्स , गुरुनानक मार्केट वि गुरुनानक ज्वेलर्स , साहू समाज , पंजाबी समाज , सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, नौजवान सभा, हो समाज, तुरी समाज, मनोकामना मंदिर, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, आल इंडिया सिख स्टुडेंट फेडरेशन, कालीमाटी दुकानदार संघ एसोसिएशन, तेलगू समाज, काशीडीह दुकानदार संघ, जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन एवं अन्य संगठनों ने सेवा शिविर लगाकर मां भारती की अगवानी की और अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



यात्रा का रवाना करते विधायक सरयू राय, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय और महंत विद्यानंद सरस्वती।

### जमशेदपुर की देशभक्ति का जज्बा पूरे देश के लिए अनुकरणीय : सरयू राय

सरयू राय ने कहा कि देशविरोधी विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए ऐसे ही पहल से ताकत मिलती है और सचमुच ही शहादत के बाद मिली इस आजादी का मायने समझने के लिए इससे बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता देश के युवा जब तिरंगे की आन, बान और शान के लिए जाति, धर्म, संप्रदाय, ऊंच-नीच और दलों से ऊपर उठकर खड़ा होता है तब राष्ट्रप्रेम की ऐसी सुनामी दिखती है इस दिशा में अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में नमन परिवार का यह प्रयास अतुलनीय और सच में नमन का पात्र है।

**अखंड तिरंगा यात्रा में शामिल विशिष्ट जन :** कार्यक्रम में महंत विद्यानंद सरस्वती, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, पटना साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के महामंत्री सरदार इंदरजीत सिंह, इंटक नेता राकेश्वर पांडे, आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह, क्षत्रिय समाज शम्भूनाथ सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, टाटा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आर. के. सिंह, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, कांग्रेस नेता विजय खां, नट्टू झा, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, वरिष्ठ भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, विजय खां, अजय सिंह, समाजसेवी विकास सिंह, साकची गुरुद्वारा प्रधान निशान सिंह, जनतंत्र मोर्चा के सुबोध श्रीवास्तव, रामनारायण शर्मा, मजदूर नेता संजीव श्रीवास्तव, समाजसेवी व आल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशंस के सतनाम सिंह गंभीर सहित शहर के दर्जनों धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, कॉके रोड, रॉची–834031, झारखंड, भारत
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## शहीदों की वीर नारियों, पूर्व सैनिकों को भी समारोह में सम्मानित किया गया



**नमन परिवार के भाव एवं भावना को नमन : विद्यानंद सरस्वती**

महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि भारतवर्ष में शहीदों और अपनी शहादत और सांस्कृतिक विचारों को अक्षुण्ण रखने के लिए आयोजित होने वाला यह सबसे भव्य आयोजन है। राष्ट्र भक्ति के लिए नमन परिवार के जज्बे को नमन। इस मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने उपस्थित जनसमुदाय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि 2016 में जब देश विरोधी ताकतें भारत को कमजोर करने में जुटी थी तब लोहनगरी में नमन परिवार ने अखंड तिरंगा यात्रा से उनकी गलतफहमी और भ्रम को तोड़ते हुए उनके इरादों को मुँहतोड़ जवाब दिया था और चेताया था कि जब भी देश विरोधी ताकतें राष्ट्र की अखंडता पर वार कर अंधकार फैलाने का कुत्सित प्रयास करेगा तो उनके नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब नमन परिवार ऐसे ही देशभक्ति की मशाल प्रज्वलित कर एकता और अखंडता की रोशनी से देने के लिए सदैव संकल्पित है।



कारगिल युद्ध के नायक माणिक बारदा का उत्साह बढाते नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले व अन्य अतिथिगण।




# पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,जमशेदपुर

अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना

निविदा संख्या–JSR/SVS-21/2022–23 दिनांक 22.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची। |
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक– 27.03.2023, समय– 2.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक– 03.04.2023 को अपराह्न समय 4.30 बजे तक |
| 4 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय एवं स्थल | दिनांक– 05.04.2023 समय– 2.00 बजे अपराह्न तक। कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 06.04.2023, समय 02.00 बजे अपराह्न |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर। |
| 7 | प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0657–3560557, 8002536460 |
| 8 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651– 2480345 |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | योजना की संख्या | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत–खैरबनी ग्राम–लखाईडीह, लखाईडीह टोला (2) पंचायत–खैरबनी ग्राम–लखाईडीह, प्रधान टोला (3) पंचायत–खैरबनी ग्राम–लखाईडीह, सबर टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-01 | 03 | 2429699.00 | 48600.00 | 5000.00 | 4 Month |
| 02 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– खैडुआ, ग्राम–बादलकोचा, बादलकोचा टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-02 | 01 | 629165.00 | 13000.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 03 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– बारुनिया, बारुनिया –1 टोला (2) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– बारुनिया, बारुनिया –2 टोला (3) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– बारुनिया, धोड़ाबांधा टोला (4) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– बारुनिया, बारुनिया नीचे टोला (5) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– बारुनिया, बारुनिया रेहरा टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-03 | 05 | 3909071.00 | 78500.00 | 5000.00 | 4 Month |
| 04 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– जानेगोड़ा, जानेगोड़ा–1 टोला (2) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– जानेगोड़ा, जानेगोड़ा–2 नीम टोला (3) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– जानेगोड़ा, नयाडीह टोला (4) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– जानेगोड़ा, नीमडीह टोला (5) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– जानेगोड़ा, रोहिनडीह टोला (6) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– जानेगोड़ा, जानेगोड़ा उपर टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-04 | 06 | 5200636.00 | 104500.00 | 10000.00 | 4 Month |
| 05 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– हरेबेड़ा, हरेबेड़ा टोला (2) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– हरेबेड़ा, कुलजोप टोला (3) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– हरेबेड़ा, राधा टोला (4) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– हरेबेड़ा, रोहिनडीह टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-05 | 04 | 2650882.00 | 53500.00 | 5000.00 | 4 Month |
| 06 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– दसोडीह, दसोडीह टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-06 | 01 | 624748.00 | 12500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 07 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, मुलु खास टोला (2) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, मुलु नीचे टोला (3) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, मुलु उपर टोला (4) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, हरिजन टोला (5) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, जनमटाड़ टोला (6) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, खैरबनी–1 टोला (7) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, खैरबनी–2 टोला (8) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, खैरबनी–3 टोला (9) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, समरडीपा टोला (10) पंचायत– खैरबनी ग्राम– खैरबनी, तुरीगोड़ा टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-07 | 10 | 8453296.00 | 169500.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 08 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, बरदाजोड़ा टोला (2) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, तालाडीह–1 टोला (3) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, तालाडीह–2 टोला (4) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, हरयाकोचा टोला (5) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, करकाबेड़ा टोला (6) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, पुनडुंगरी टोला (7) पंचायत– धोलबेड़ा ग्राम– धोलबेड़ा, संगमकोचा टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-08 | 07 | 6568703.00 | 131500.00 | 10000.00 | 6 Month |
| 09 | जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जमशेदपुर अन्तर्गत प्रखंड–डुमरिया के (1) पंचायत– खैडुआ, ग्राम– संगामाटी, संगामाटी टोला मे सोलर आधारित एकल ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य। | JSR/DUM/SVS/GR.-09 | 01 | 794293.00 | 16000.00 | 1250.00 | 3 Month |

निविदा की शर्तें, परिमाण विपत्र एवं योजनाओं की विस्तृत विवरणी विभागीय वेबसाईट http://Jharkhandtenders.gov.in से Download की जा सकती है। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,जमशेदपुर

PR 293426 Drinking Water and Sanitation(22-23).D


### 1876 करोड़ की लागत से एनएच-33 पर पारडीह कालीमंदिर से बालिगुमा तक बनेगा यह अनोखा ब्रिज

# टाटा के पास देश का सबसे बड़ा डबल डेकर फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास

**डबल डेकर फ्लाई ओवर समेत 3800 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकापर्ण**

**गडकरी ने कहा, अब कोई सांसद एनएच-33 की शिकायत मुझसे नहीं करेगा**

**सांसद विद्युतवरण महतो की प्रशंसा गडकरी और रघुवर ने मुक्त कंठ से की**



डबल डेकर फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास बटन दबा कर करते बायें से सांसद गीता कोड़ा, पूर्व सीएम रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री नीतीन गडकरी व सांसद विद्युतवरण महतो।



केंद्रीय मंत्री नीतीन गडकरी को गुलदस्ता देकर अभिनंदन करते जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो।

सत्येन्द्र कुमार

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज जमशेदपुर में कोल्हान की 3800 करोड़ रुपए से अधिक की सड़क एवं पुल -पुलिया की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। गोपाल मैदान में आयोजित भव्य समारोह में नितिन गडकरी ने एनएच-33 पर जमशेदपुर के समीप पारडीह काली मंदिर से लेकर बालिगुमा तक 10 किलोमीटर लंबी डबल डेकर फ्लाई ओवर ब्रिज का भी शिलान्यास किया जिसके निर्माण पर कुल 1876 करोड रुपए का खर्च आएगा। इस डबल डेकर ओवरब्रिज के बन जाने से आज परिवहन के लिए जो 45 मिनट का समय लग रहा है वह मात्र 5 मिनट में तय हो सकेगा। इस प्रोजेक्ट की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दावा किया कि आज लोग जमशेदपुर को इसके बड़े-बड़े कल-कारखाने और बेहद सुव्यवस्थित और सुंदर शहर के रुप में जानते हैं, अब इस शहर को देश के सबसे लंबे डबल डेकर ऐलिवेटेड कोरिडोर के लिए भी जाना जायेगा। इसकी सुंदरता देखने के लिए लोग देश-विदेश से आयेंगे। गडकरी ने कहा कि एनएच-33 महुलिया-बहरागोड़ा का निर्माण टाटा स्टील के वेस्ट मैटैरियल्स से किया गया है। स्लैग देने के लिए मैं टाटा स्टील प्रबंधन का आभार व्यक्त करता हूं। मैं आज टाटा स्टील और झारखंड के अन्य स्टील उद्योगों को आमंत्रित करता हूं कि आपके पास जितना स्लैग वेस्ट मैटैरियल्स हैं,उसे हमें दें,हम झारखंड में उससे सड़के बनायेंगे। इससे जहां प्राकृतिक संसाधन बचेंगे वहीं दूसरी ओर कंपनियों का बेकार पड़ा जमीन खाली हो जायेगा जिसका वे दूसरे उद्यम के लिए उपयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युतवरण महतो, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की सांसद गीता कोड़ा समेत एनएचएआई के अधिकारीगण उपस्थित थे। शिलान्यास सह लोकापर्ण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत सरकार के सबसे कद्दावर मंत्री और अपने प्रदर्शन में नंबर वन माने जा रहे नितिन गडकरी ने कहा कि मेरे दिमाग में हमेशा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का विचार गूंजता है जिसमें उन्होंने कहा था- अमेरिका धनवान है इसलिए यहां की सड़कें अच्छी है यह कहना उचित नहीं होगा बल्कि सही बात यह है कि अमेरिका की सड़कें दुनिया में सबसे अच्छी है इसलिए अमेरिका दुनिया का सबसे समृद्धशाली देश है। यानी सड़कों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई चौड़ाई पर देश का आर्थिक समृद्धि निर्भर करता है। गडकरी ने कहा कि झारखंड खनिज एवं वन संपदा से परिपूर्ण राज्य है और देश के विकास में इस राज्य की अहम भूमिका है झारखंड के महत्व को केंद्र की वर्तमान समय सरकार बहुत शिद्दत से महसूस करती है और यही कारण है की झारखंड में आधारभूत संरचना के विकास पर हमारा मंत्रालय 7 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा ह। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे झारखंड में राजमार्ग की लंबाई 25 किलोमीटर थी जो अब बढ़कर 4050 किलोमीटर से अधिक हो गई है। अब तक केंद्र सरकार 2 लाख करोड़ रुपये आधारभूत संरचना पर झारखंड के विकास पर खर्च कर चुकी है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से झारखंड का औद्योगिक विकास तेज होगा और यहां रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा, झारखंड के निवासियों को इस बात पर गर्व होगा कि देश का पहला डबल डेकर फोर ले फ्लाई ओवर ब्रिज जमशेदपुर के पास बन रहा है इसका आज मेरे हाथों भूमि पूजन हुआ। यह बड़ा प्रोजेक्ट सांसद विद्युत वरण महतो के कहने पर बनाए जा रहा है।

## अब कोई सांसद एनएच-33 की शिकायत मुझसे नहीं करेगा



एनएच-33 की चर्चा करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट लंबे समय से विवादों में था और शायद ही कोई ऐसा दिन हो जब झारखंड का कोई न कोई सांसद इसकी शिकायत न करता हू किंतु आज हेलीकॉप्टर से आते वक्त मैंने इस एनएच का पूर्ण रूप भी देखा और पाया की गाड़ियां काफी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। कभी रांची से टाटा की दूरी लोग 5 घंटे में पूरी करते थे आप डेढ़ घंटे में दूरी तय हो रही है जो खुशी की बात है। जमशेदपुर में बनने वाली डबल डेकर फ्लाईओवर ब्रिज की चर्चा करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो के कहने पर हमारे इंजीनियरों ने जब इसका प्रोजेक्ट तैयार किया तो मैंने कहा कि मैं जमशेदपुर को नजदीक से जानता हू और वहां बड़े-बड़े कारखाने हैं और कई नए नए कारखाने आने वाले हैं इसलिए आप लोग वहां पर डबल डेकर फ्लाईओवर बनाइए जो 7 किलोमीटर नहीं बल्कि 10 किलोमीटर लंबा होगा ताकि अगले 50 साल तक जमशेदपुर को भारी वाहनों के जाम से मुक्ति मिल सके। और खुशी की बात है कि हमारी टीम ने जो डिजाइन और डीपीआर तैयार किया है सुंदर और अनुकरणीय है।

**झारखंड के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं :** गडकरी ने कहा कि रेल पाठकों के सामने ओवरब्रिज बनाने के लिए 11 परियोजनाओं को भी हमने मंजूरी दी है इसमें से कुछ का आज शिलान्यास हुआ है जो समय पर पूरा कर लिया जाएगा। गडकरी ने स्पष्ट किया कि आधुनिक और विकसित भारत का निर्माण झारखंड के निर्माण के बिना संभव नहीं है वर्ष 2024 तक झारखंड में दो लाख करोड़ की लागत से बड़ी सड़क परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। इससे राज्य में नए-नए उद्योग धंधे लगेंगे और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग देने के लिए झारखंड सरकार एवं झारखंड के सभी पदाधिकारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## झारखंड की हेमंत सरकार के चलते लटकी हैं एनएच की 7 बड़ी परियोजनाएं : रघुवर दास

शिलान्यास कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का कहनाा कि कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का पांव जहां जहां जाता है वहां विकास का रास्ता खुलता है। इनका नाम के साथ- साथ काम भी बड़ा है और देश विदेश में इनकी पहचान है उन्होंने अपने समर्पित कार्यप्रणाली से शोहरत पाई है और उनका व्यक्तित्व अद्भुत है। नितिन गडकरी जी का झारखंड को हमेशा ही आशीर्वाद मिला है और उनके कार्यकाल में झारखंड में 15 बड़ी सड़क परियोजनाओं का स्वीकृति मिला है। इसमें से 7 परियोजनाओं पर काम चल रहा है जबकि 7 परियोजनाओं को वन विभाग से क्लीयरेंस दिलाने और सर्किल रेट झारखंड सरकार तय नहीं कर पा रही है जिससे उन पर काम नहीं शुरू हो पा रहा है। झारखंड सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द इन बाधाओं को दूर करें ताकि इन परियोजनाओं को राज्य हित में अंजाम तक पहुंचाया जा सके।

# विकास दर पर बहस

दुनिया की सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था के सबसे तेज गिरावट वाली अर्थव्यवस्था बन जाने की खबर ने टिप्पणियों की बाढ़ ला दी। सदन में भी इस मसले पर बहस हुई। भारत की वृद्धि संभावना कम ही आंकी जा रही है। यह स्पष्ट हो चुका है कि कोविड-19 के कारण बनी मंदी की परिस्थितियों से उबरने तक राजकोषीय घाटा और सार्वजनिक ऋण रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका होगा, दोहरी बैलेंस शीट संकट को एक नया अवसर मिलेगा, जटिल मौद्रिक चुनौतियां सामने होंगी और इन बातों के परिणामस्वरूप वृद्धि दर की संभावना, जो कभी 7 फीसदी से अधिक मानी जाती थी, वह काफी घट जाएगी लेकिन 5 फीसदी वृद्धि के अनुमानों का आकलन सहज पत्रकारिता के माध्यम से किया जा सकता है (निवेश दर में आईसीओआर अथवा वृद्धिमान पूंजी उत्पादन अनुपात का भाग देकर) या जटिल गणित की मदद से। भारतीय अर्थव्यवस्था डेटा के लिहाज से कमजोर उभरती अर्थव्यवस्था है जहां वृद्धि संभावनाओं के अनुमान हल्के फुल्के आंकड़ों पर आधारित हैं। इसके बावजूद किसी ने नहीं कहा था कि भारत की वृद्धि संभावना सन 1980 और 1990 के दशक में हासिल वास्तविक वृद्धि दर (जो 5.5 और 6 फीसदी के बीच थी) से कम हो जाएगी। सन 2022-23 में मुद्रास्फीति समायोजन के बाद रुपये में प्रति व्यक्ति आय 2019-20 से बेहतर नहीं रहेगी। यानी तीन वर्ष का नुकसान। अंग्रेजी के 'यू' (थोड़े अंतराल के बाद सुधार), या 'डब्ल्यू' या 'एल' आकार का सुधार या फिर 'के' अक्षर के तर्ज पर सुधार। 'के' अक्षर जैसे सुधार का तात्पर्य है एक लंबवत रेखा से निकलती दो रेखाएं। वैश्विक टीकाकारों का कहना है कि सन 2008 के वित्तीय संकट के बाद से कमोबेश ऐसा ही हो रहा है। वैश्विक मंदी के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का बेहतर होना एक सुखद संकेत है।

# महंगी कारों की मांग

भारत में मर्सिडीज बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार कंपनियों के महंगे मॉडलों की मांग बढ़ रही है। इसके चलते आपूर्ति दिक्कतों की वजह से ऐसे मॉडलों के लिए इंतजार की अवधि (वेटिंग पीरियड) बढ़ गई है। इन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ऑडी इंडिया कि पिछले साल से सी और डी खंड यानी 70 से 75 लाख रुपये की गाड़ियों की मांग बढ़ी है। इसमें वृद्धि मात्रा वाले खंड से अधिक रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसी कारें खरीदने में सक्षम हैं मसलन उद्योगपति, खिलाड़ी और बॉलीवुड की हस्तियां, वे आगे आ रहे हैं और लग्जरी उत्पाद खरीद रहे हैं। कंपनी ऑडी इलेक्ट्रिक ई-ट्रॉन का उदाहरण कार को एक करोड़ रुपये से अधिक दाम में बेच रहे हैं। भारत आने से पहले ही ए कारें पूरी तरह बिक जाती हैं। उन्होंने कहा कि इन कारों की इंतजार की अवधि आपूर्ति अड़चनों की वजह से बढ़ी है। पहले इनके लिए इंतजार की अवधि एक से दो माह होती थी, जो अब बढ़कर चार से छह महीने हो गई है। इन कारों के साथ सिर्फ आपूर्ति पक्ष की दिक्कत ही नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर इनकी मांग भी काफी ऊंची है। ऐसे में हमें प्राथमिकता तय करनी पड़ती है। वर्ष 2022 की पहली तिमाही में कंपनी के पास 4,000 से अधिक इकाइयों का ऑर्डर था। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 2021 में भारत में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 2,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री की। इनमें एस-क्लास मेबैक, जीएलएस मेबैक और टॉप-ऐंड एएमजी शामिल हैं। कंपनी की कुल सालाना बिक्री में 30 प्रतिशत हिस्सा एस-क्लास और जीएलएस एसयूवी का है। एक अन्य लग्जरी वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू को भी कुछ इसी तरह रुझान देखने को मिल रहा है। 2022-23 में भी यह मांग का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

# प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता सरहुल





-दीप्ति सिंह

> एक परंपरा के अनुसार इस पर्व के दौरान गांव का पुजारी मिट्टी के तीन पात्र लेता है और उसे ताजे पानी से भरता है। अगले दिन प्रातः पुजारी मिट्टी के 3 पात्रों को देखता है। यदि पात्रों से पानी का स्तर घट गया है तो वह अकाल की भविष्यवाणी करता है और यदि पानी का स्तर सामान्य रहा तो उसे उत्तम वर्षा का संकेत माना जाता है। सरहुल पूजा के दौरान ग्रामीणों द्वारा पूजा स्थान को घेरा जाता है।

**प्रकृति पर्व** सरहुल आदिवासियों का वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक प्रमुख पर्व है। सरहुल आदिवासियों का प्रमुख पर्व है, जो झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव चैत्र महीने के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। इसमें वृक्षों की पूजा की जाती है. यह पर्व नये साल की शुरूआत का भी प्रतीक माना जाता है। पतझड़ के बाद पेड़ पौधों की टहनियों पर हरी हरी पत्तियां जब निकलने लगती है। आम के मंजर तथा सखुआ और महुआ के फूलों से जब पूरा वातावरण सुगंधित हो जाता है तब आदिवासियों द्वारा यह प्रकृति पर्व सरहुल मनाया जाता है। सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है सर और हुल . यहां सर का अर्थ है सरई अर्थात सखुआ या साल पेड़ के फूल से होता है , जबकि हुल का अर्थ क्रांति से है। जिसका पूरा शाब्दिक अर्थ है : सखुआ के फूलों की क्रांति या सखुआ के फूलों द्वारा होने वाली क्रांति को सरहुल के नाम से जानते हैं। मुख्यतः यह पर्व फूलों (सखुआ के फूलों ) का पर्व है। सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है सर और हुल। यहां पर सर का अर्थ सरई अर्थात सखुआ के फूल/फल से होता है। जबकि हुल अर्थ क्रांति से है सरहुल उरांव जनजाति का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। वे कृषि का अभ्यास करते हैं और सरनावाद को अपने धर्म के रूप में मानते हैं। प्रकृति के बेहद करीब होने के कारण जनजाति पेड़-पौधों और प्रकृति मां की पूजा करती है।

यह पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होता है और चैत्र पूर्णिमा को समाप्त हो जाता है। अंग्रेजी माह के अनुसार यह पर्व अप्रैल में मुख्य रूप से मनाया जाता है। कभी-कभी यह पर्व मार्च के अंतिम सप्ताह में भी आता है। जैसे आज 24 मार्च को मनाया जा रहा है।

सरहुल आदिवासियों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्राकृतिक पर्व है। यह त्योहार झारखंड में प्रमुखता से मनाया जाता है। इस पर्व में पूजा की अतिरिक्त नृत्य के साथ गायन का प्रचलन है।

सरहुल पर्व वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति से संबंधित पर्व है। मुख्यतः यह फूलों का त्योहार है पतझड़ ऋतु के कारण इस मौसम में पेड़ों की टहनियों पर नई-नई पत्ते एवं फूल खिलते हैं। इस पर्व में तान की पेड़ों पर खेलने वाले फूलों का विशेष महत्व है। यह पर्व 4 दिनों तक मनाया जाता है जिसकी शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीय से होती है।

सरहुल पर्व के पहले दिन मछली के अभिषेक किए हुए जल को घर में छिड़का जाता है। दूसरे दिन उपवास रखा जाता है तथा गांव का पुजारी जिसे पहन के नाम से जाना जाता है घर की छत पर साल के फूलों को रखता है। तीसरे दिन वाहन द्वारा उपवास रखा जाता है तथा पूजा स्थल पर सरई के स्कूलों की पूजा की जाती है साथ ही मुर्गी की बलि दी जाती है। तथा चावल और बलि की मुर्गी का मांस मिलाकर नामक खिचड़ी बनाई जाती है जिसे प्रसाद के रूप में गांव में वितरण किया जाता है। चौथे दिन गिडिवा नामक स्थान पर सरहुल फूल का विसर्जन किया जाता है।

एक परंपरा के अनुसार इस पर्व के दौरान गांव का पुजारी मिट्टी के तीन पात्र लेता है और उसे ताजे पानी से भरता है। अगले दिन प्रातः पुजारी मिट्टी के 3 पात्रों को देखता है। यदि पात्रों से पानी का स्तर घट गया है तो वह अकाल की भविष्यवाणी करता है और यदि पानी का स्तर सामान्य रहा तो उसे उत्तम वर्षा का संकेत माना जाता है। सरहुल पूजा के दौरान ग्रामीणों द्वारा पूजा स्थान को घेरा जाता है।

**सरहुल के अन्य नाम**

आदवासियों के आवास स्थलों के विभिन्न क्षेत्रों में सरहुल को अलग अलग नामो से जाना जाता है। उरांव जाति के लोग इसे खद्दी बोलते हैं। संथाली लोग बा परब के नाम से भी जानते हैं। खड़िया भाषा में इसे जकोर कहते है।

**सरहुल से जुड़ी प्राचीन कथा**

सरहुलपर्व से जुड़ी कई प्राचीन कथाएं हैं उनमें से महाभारत से जुड़ी एक कथा है। इस कथा के अनुसार जब महाभारत का युद्ध चल रहा था तब आदिवासियों ने युद्ध में कौरवों का साथ दिया था जिस कारण कई मुंडा सरदार पांडवों के हाथ मारे गए थे। इसलिए उनके शवों को पहचानने के लिए उनके शरीर को साल के वृक्षों के पत्तों और शाखाओं से ढका गया था। इस युद्ध में ऐसा देखा गया था कि जो 6 साल के पत्तों से ढके गए हैं वह सब पढ़ने से बच गए थे और ठीक से पर जो दूसरे पत्तों या अन्य चीजों से ढके थे वह सब पड़ गए थे। ऐसा माना जाता है कि इसके बाद आदिवासियों का विश्वास साल पेड़ों और पत्तों पर बन गया था जो सरहुल के रूप में माने जाते हैं।

लड़कियां अपनी ससुराल से मायके लौट आती हैं। वे अपने घरों की लिपाई पुताई करती हैं और दीपावली की तरह हाथी-घोड़े तथा फूल-फल आदि के चित्रांकन से घरों की सजावट करती हैं। इस दिन बच्चे, बूढ़े और जवान सभी आदिवासी नये-नये कपड़े धारण करते हैं। आदिवासी युवतियां नये वस्त्रों के साथ-साथ फूलों से भी अपना श्रृंगार करती हैं।

नृत्य का आयोजन चैत्र मास की पूर्णिमा को रात के समय किया जाता है। यह नृत्य एक प्रकार से प्रकृति की पूजा का आदिम स्वरूप है।

**नृत्य का आयोजन**

आदिवासियों का यह विश्वास है कि साल वृक्षों के समूह में, जिसे यहाँ 'सरना' कहा जाता है, उसमे महादेव निवास करते हैं। महादेव और देव पितरों को प्रसन्न करके सुख शांति की कामना के लिए चैत्र पूर्णिमा की रात को इस नृत्य का आयोजन किया जाता है। आदिवासियों का बैगा सरना वृक्ष की पूजा करता है। वहाँ घड़े में जल रखकर सरना के फूल से पानी छिंचा जाता है।

ठीक इसी समय सरहुल नृत्य प्रारम्भ किया जाता है। सरहुल नृत्य के प्रारंभिक गीतों में धर्म प्रवणता और देवताओं की स्तुति होती है,यह नृत्य प्रकृति की पूजा का एक बहुत ही प्राचीन रूप है।

(प्रशिक्षु, संतजेवियर कॉलेज रांची)

## खास बात

### शहीदों की याद में

आरके सिन्हा

**19 दिसंबर,** 1928 को राजगुरु, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद ने सुखदेव के कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरूप सांडर्स नाम के एक अन्य अंग्रेज अफसर, जिसने स्कॉट के कहने पर लाला लाजपत राय पर ताबड़तोड़ लाठियां चलायी थीं, का वध कर दिया। अपने काम को पूरा करने के बाद भगत सिंह अंग्रेज साहब बनकर तथा राजगुरु उनके सेवक बनकर पुलिस को चकमा देकर लाहौर से निकल गये थे। उस समय भगत सिंह और राजगुरु के साथ दुर्गा भाभी भी थीं। वो भगत सिंह की पत्नी बनी हुईं थीं। दुर्गा भाभी का पूरा नाम दुर्गा देवी वोहरा था। वो मशहूर हुईं दुर्गा भाभी के रूप में।

दुर्गा भाभी असली जिंदगी में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) के सदस्य भगवती चरण वोहरा कीपत्नी थीं। इसी संगठन के सदस्य भगत सिंह भी थे। वोहरा की बम का टेस्ट करते वक्त धमाके में मौत थी। दुर्गा भाभी के अलावा सुशीला देवी जैसी कुछ और महिलाएं भी एक्टिव थीं। बहरहाल, भगत सिंह को राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी हो जाती है। संगठन बिखर सा गया। उसके बाद दुर्गा भाभी ने 1940 के दशक में लखनऊ के कैंट में एक बच्चों का स्कूल खोला। दशकों तक चलाती रहीं। वो 1970 के दशक तक लखनऊ में ही रहीं। फिर वो अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ गाजियाबाद शिफ्ट हो गयीं। 1999 में उनकी गुमनामी में ही मृत्यु हो गई। इस बीच, शहीद भगत सिंह ने 8 अप्रैल, 1929 को जब केंद्रीय असेंबली (अब संसद भवन) में बम फेंका और पर्चे बांटे तब बटुकेशवर दत्त उनके साथ थे। इसके बाद दोनों ने गिरफ्तारी दी और उनके खिलाफ मुकदमा चला। बटुकेशवर दत्त को बी.के.दत्त भी कहते हैं। उन्हीं के नाम पर 1950 में साउथ दिल्ली में लोदी कॉलोनी के पास बी.के. दत्त कॉलोनी स्थापित हुई। बटुकेश्वर दत्त मूल रूप से एक बंगाली कायस्थ परिवार से थे। उनकी 1924 में कानपुर में भगत सिंह से भेंट हुई। इसके बाद उन्होंने हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन अपनाया। इसी क्रम में बम बनाना भी सीखा। 12 जून, 1929 को इन दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी।

# मालिक से नाता

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

**23 मार्च** 2023, गुरुवार को झारखण्ड में 13,200 करोड़ से अधिक के निवेश से 31 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

-नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री

## रोचक ट्वीट

**न्यायिक** व्यवस्था पर पूरा विश्वास रखते हुए भी मानहानि मामले में श्री राहुल गांधी जी को सजा के निर्णय से असहमत हूँ। गैर-भाजपा सरकारों और नेताओं को षडयंत्र का शिकार बनाया जा रहा है। यह देश के लोकतंत्र और राजनीति के लिए चिंता का विषय है। – हेमंत सोरेन





**मेरा** धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन।

- महात्मा गांधी

-राहुल गांधी

# दुनिया में खाद्य संकट की आहट और बदलते मौसम की परेशानी



**अंकिता बनर्जी**

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में खाद्यान्न संकट की आहट महसूस की जा रही है, भारतीय किसानों की पसीने की महक देश को नया आत्मविश्वास दे रही है। निस्संदेह कोरोना की पहली लहर के बाद लगे सख्त लॉकडाउन के दौरान केवल कृषि क्षेत्र ने देश की जीडीपी को संबल दिया। वैशाखी की बयार किसानों में नई उमंग भर गई है वहीं दूसरी ओर किसानों की अंतहीन समस्याएं खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं। जहां तेज गर्मी की मार के चलते अनाज की गुणवत्ता में गिरावट आई है, वहीं किसानों को मंडियों में अनाज ले जाने से लेकर बेचने तक की प्रक्रिया में तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि सत्ताधीश ग्रामीण विकास, सड़कों व मंडियों के रखरखाव तथा सुविधाओं के विस्तार के लिये आवंटित धन को अन्य मदों में खर्च कर देते हैं। इससे अन्नदाता की ? अंतहीन समस्याओं का समाधान संभव नहीं होता। इसका हालिया उदाहरण पंजाब का है, जहां अब तक ग्रामीण विकास फंड के दुरुपयोग के चलते केंद्र ग्रांट पर रोक लगाने की बात कर रहा था। उसके बाद वित्तीय संकट से जूझ रही पंजाब सरकार ने कानून में बदलाव लाकर समस्या का युक्तिसंगत समाधान निकाला। पंजाब सरकार ने केंद्र की शर्तों के अनुरूप पंजाब ग्रामीण विकास (संशोधन) अध्यादेश-2022 को मंजूरी दे दी। इसके बाद राज्य सरकार रूरल डेवेलपमेंट फंड यानी आरडीएफ का पैसा केवल ग्रामीण विकास पर खर्च करेगी जिससे 1100 करोड़ रुपये की इस ग्रांट के पंजाब को मिलने का रास्ता साफ हुआ। दरअसल, इस ग्रांट को लेकर पंजाब का केंद्र से टकराव चल रहा था क्योंकि पूर्ववर्ती बादल व अमरेंद्र सरकार पर अनुदान का इस्तेमाल ग्रामीण विकास के बजाय अन्य कार्यों में खर्च करने के आरोप लगे। अब पंजाब सरकार कह रही है कि ग्रांट की धनराशि मंडियों व खरीद केंद्रों की सड़कों के निर्माण, मरम्मत, पेयजल व्यवस्था व भंडारण आदि पर खर्च की जायेगी।?

## सामयिक

वहीं हरियाणा के किसान भी गर्मी की वजह से कम पैदावार के संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाया जा रहा है कि गेहूं की पैदावार औसत से कम हुई तो बीमा कंपनियां नुकसान की भरपाई करेंगी। असल में, जनवरी में बेमौसमी बारिश व मार्च माह के मध्य में अप्रत्याशित मौसम बदलाव से गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। आशंका है कि रबी की दूसरी फसलों का उत्पादन भी अन्य वर्षों के मुकाबले कम रह सकता है। राज्यों में गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है। दस से पंद्रह फीसदी कम उत्पादन की बात कही जा रही है। वहीं किसानों को अधिक तापमान के चलते कई तरह की अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कई जिलों में खड़ी फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। झुलसाती गर्मी व तेज हवा आग को फैलाने की वजह बनती हैं वहीं पंजाब की मंडियों में गेहूं की फसल एफसीआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं आने से खरीद एजेंसियां खरीद में संकोच कर रही हैं। इसके बाद राज्य एजेंसियों के इंस्पेक्टर्स हड़ताल पर चले गये। दरअसल, यदि गेहूं की कम मानकों पर खरीद होती है और एफसीआई द्वारा कोई छूट नहीं दी जाती तो उसकी जवाबदेही इन इंस्पेक्टरों की होती है जिसके चलते वे कुछ समय के लिए खरीद प्रक्रिया से हट गये।? इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने खरीद सीजन में गेहूं के सिकुड़े दानों के नियमों पर पुनः विचार करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया था जिसे बाद में केंद्र ने मान भी लिया।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### हिंदी माध्यम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

– नीलेश, गढ़वा

### जल है बचाना जरूरी

**जल** संचय के मामले में आज भी हम जीरो हैं। वाहन धोने में लाखों लीटर पानी रोज फिजूल बहाया जाता है। लोग गर्मियों में सड़कों पर भी पानी का छिड़काव बड़ी बेदर्दी से करते हैं। यदि समय रहते हम पानी का मूल्य नहीं समझेंगे तो भविष्य में हालात विकटतम होते जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तर तक जल संचय के लिए मुफ्त तकनीक व सलाह की व्यवस्था की जाना चाहिए। – दीपक सिंह, रांची

# आदिवासियों के प्रकृति प्रेम का प्रतीक सरहुल



**महिपाल महतो**

आदिवासियों की प्रकृति प्रेम के प्रतिक के रूप में सरहुल पर्व पूरे राज्य में मनाया जाता है । यह आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है । चूंकि यह पर्व रबी की फसल कटने के साथ ही आरंभ होता है । इसलिए इसे नए वर्ष के आगमन के रूप में भी मनाया जाता है । हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को चांद दिखाई पड़ने के साथ ही सरहुल का आगाज एवं पूर्णिमा के दिन इसका अंत होता है । इस पर्व में साल व सखुआ वृक्ष की विशेष तौर पर पूजा की जाती है । सखुआ साहस , हिम्मत , संघर्ष और धैर्य का अद्भुत प्रतिक है । दरअसल यह भारत में प्रकृति एवं वृक्षों की पूजा की पुरानी परम्परा का ही हिस्सा है । ऋतुराज बसंत के आगमन के साथ ही सारा आदिवासी समुदाय पर्व की प्रतीक्षा करने लगता है । सरहुल पर्व को झारखंड की विभिन्न जनजातियां अलग अलग नाम से मनाती हैं । कुड़मी संस्कृति में सरहुल को जेहरा परब , उरांव जनजाति इसे खुदी पर्व , संथाल बाहा पर्व , मुंडा बाहा पर्व और खड़िया जनजाति जंकौर पर्व के नाम से मनाते हैं । कई दिनों तक चलने वाला यह पर्व इस बात की याद दिलाता है कि धरती और सूर्य के संबंध से ही प्रकृति में हरियाली आती है ।सरहुल के एक दिन पहले केकड़ा

## पर्व विशेष



खोदने का रिवाज है । केकड़ा को पूर्वजों के रूप में बाहर लाकर सूर्य और धरती के विवाह का साक्षी बनाया जाता है। केकड़ा परिश्रम का साक्षी है , जिससे फसल की उपज अच्छी मानी जाती है । सरहुल पूजा आरंभ होने से पूर्व पाहन या पहनाइन को उपवास करना होता है । पूजा के पूर्व सरना स्थल को सफाई करने के बाद गोबर से लिपाई-पुताई करके सजाया जाता है । घड़े में गांव के कुएं से पानी भर कर सरना स्थल / जाहेर थान के नीचे रखा जाता है , जो सृष्टि के प्रतीक के रूप में देखा जाता है । घड़े के सिर को अरवा सूत से एक साथ लपेटा जाता है । दूसरे दिन पाहन घड़े का पानी देखकर भविष्यवाणी करते हैं कि इस वर्ष वर्षा कैसी और कितनी होगी एवं पाहन के द्वारा सरना वृक्ष को स्नान कराकर नए परिधान के रूप में सूत को लपेटा जाता है । इस पर्व में सरना स्थल या जाहेर थान के पास आम जन सामूहिक पूजा करते हैं । इस पूजा में सखुआ का फूल , अरवा चावल , नया सूप दिया - सलाई , दूब घास , सिंदूर , जल व दूब - धूवन और बलि के लिए मुर्गा चढ़ाया जाता है । सफेद मुर्गा सिंहबोगा , लाल मुर्गा ग्राम देवता के लिए जो ग्रामीणों की रक्षा करता है , तथा काला मुर्गा अपने पूर्वजों के लिए होता है , पूजा समाप्ति के बाद फुलखोशी का नेग किया जाता है । पाहन घर घर जाकर जल और फूल वितरित करते हैं । वे महिलाओं के सिर पर पानी छिड़कते हैं । ऐसा माना जाता है कि महिलाओं पर ही घर का भाग्य निर्भर करता है । पाहन ' बरसो ' कह कर महिलाओं के सिर पर पानी छिड़कते हैं , ऐसा कर वह संतान प्राप्ति के लिए महिलाओं को शुभकामनाएं देते हैं ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### प्रेरणास्रोत शहीद हैं : शैलेश कुमार



बरही। पंचमाधव स्थितआइलेक्स पब्लिक स्कूल निदेशक शैलेश कुमार ने शहीद दिवस के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए देश को आजादी दिलाने वाले अन्य रणबांकुरों को याद किया। शैलेश कुमार ने शहादत दिवस पर कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की बुनियाद रहे इन शहीदों की आत्माएं हमेशा हर भारतीय के दिल में जीवित रहेंगी।कहा कि भारतीय युवाओं के प्रेरणाश्रोत व आत्मसम्मान का नाम है शहीद।उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद क्रांतिकारियों के सम्बंध में विस्तार से बताते हुए कहा  कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजी प्रशासन में क्रांतिकारियों के नाम का खौफ निरन्तर बना रहता था।वही देश की आजादी के लिए अपनी सारी सुख सुविधाओं एवं घर परिवार को छोड़कर देश के प्रति समर्पित रहने के लिए ततपर रहा करते थे।उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 91 साल पहले 23 मार्च 1931 की सायं सात बजे देश के तीन सपूतों शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को फांसी के तख्ते पर लटका दिया था। उन्होंने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले इन क्रांतिकारियों के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

### आंधी से पानी टंकी क्षतिग्रस्त

बरही। बसरिया पंचायत अंतर्गत माधोपुर में लगा जलमीनार आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। माधोपुर गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त जल मीनार की मरम्मति व पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि 2 दिन पूर्व आए आंधी-तूफान से जल मीनार में लगे सोलर प्लेट व टंकी क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव में एक और चापाकल भी है मगर उस चापानल में पानी का लेयर काफी कम है। गांव में लगभग दर्जनों घर है, जो पेयजल के लिए इसी जलमीनार पर आश्रित हैं।

### विष्णुगढ़ में तहसील कचहरी जर्जर

विष्णुगढ़ । विष्णुगढ़ अंचल का तहसील कचहरी  जर्जर है यहां चारों और गंदगी पसरा है.  तहसील भवन का आलम यह है कि कर्मचारी जहां बैठते हैं उस स्थान के बरामदे में चारों ओर कंक्रीट फैला हुआ है मानो महिनों से भवन में सफाई नहीं की गई है अचलजामो पंचायत के तहसील कचहरी में तीन कमरे हैं जिसमें एक कमरे में अचलजामो पंचायत  के कर्मचारी बैठते हैं जबकि दो अन्य कमरों में ताले लटकते रहते हैं। वही बिष्णुगढ़ गोविंदपुर रोड पर स्थित एक और तहशील भवन है  यहां तीन कमरे है जिसमें दो कमरों में कर्मचारी कार्य करते हैं यह आवास भी खस्ता हाल में है भवानो का खस्ता हाल के कारण ही नई भवन की जरुरत पर कर्मचारीयों के लिए नई भवन बई लेकिन सरकारी खजाना के लाखों रुपए के लागत से कस्तूरबा विद्यालय के समीप पड़वा पोखर के पास  नए तहसील भवन सह कर्मचारी का आवास बनकर तैयार है लेकिन यहां दो वर्ष बाद भी बिल्डिंग कर्मचारियों का बाट जोह रहा है।

### ज्ञानोदय विकास स्कूल का मना वर्षगांठ

बड़कागांव। ज्ञानोदय विकास स्कूल बड़कागांव के वर्षगांठ पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, चिकित्सा प्रभारी डॉ. बीएन प्रसाद, विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ महतो ,सचिव बुद्धिनाथ महतो विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव सिकेन्द्र सोनी ,प्राचार्य रियासत हसन के द्वारा शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रियासत हसन एवं संचालन शिक्षक कुलदीप कुमार राणा, कक्षा नौ की छात्रा श्वेता कुमारी एवं रिमझिम कुमारी के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।स्कूल के प्राचार्य रियासत हसन ने स्कूल से संबधित कार्यप्रणाली का वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर सुनाया। मौके पर  मुखिया कविता देवी, पूर्व मुखिया गुलाब देवी,उपप्राचार्य अरुण कुमार भारती, कुलदीप कुमार , तोहिद आलम, सौरभ रंजन, ईश्वर दयाल महतो, लालदेव महतो, संजय कुमार दांगी ,विकास सेवा समिति सदस्य के अलावा सैकड़ों छात्र-छात्रा व अभिभावक उपस्थित थे।

### चरही में शांति समिति की बैठक

चरही ।गुरुवार को चरही थाना परिसर में महा रामनवमी,वासंतिक दुर्गा पूजा,सरहुल और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी सीओ शशि भूषण सिंह व संचालन पुलिस निरीक्षक महेंद्र सिंह और थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने किया। सीओ श्री सिंह ने कहा कि इस पावन पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। ताकि आपसी सद्भावना बनी रहे। आगे यह अभी कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।अगर कोई व्यक्ति ऐसा हरकत करता है तो इसकी जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें। थाना प्रभारी ने कहा कि इस महान पर्व को देखते हुए अशलील गाने,शराब और डीजे पर पूर्ण तरह से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शरारती तत्व के लोगों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि पर्व को देखते हुए चपे-चपे पर पुलिस किया जाएगा।अगर कोई व्यक्ति शरारत करने और अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शशि भूषण सिंह महेंद्र सिंह देवेंद्र कुमार सुरेंद्र कुमार बैजनाथ महतो जगन्नाथ महतो अमित सिंह वासुदेव करमाली निरंजन प्रसाद, नायक निरंजन महतो रामदुलार साव बाल कुमार महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### 41 बच्चों को दिया गया पोशाक

कटकमसांडी। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र रेबर पंचायत अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में 41 पोशाक का वितरण किया गया। बच्चों  को प्रधानाध्यापिका सुषमा शर्मा वार्ड सदस्य के ससुर किशोर सिंह एवं शिक्षक शशी सिंह अध्यक्ष रीना देवी ने संयुक्त रूप से वितरण किया। बच्चों एवं अभिभावकों को चेहरे पर मुस्कुराहट दिखा हर कोई वार्ड सदस्य एवं शिक्षक के प्रति आभार प्रकट किए।

### इको फ्रेंडली पार्क भुरकुंडा में लगी आग

भुरकुंडा। सीसीएल और भारत सरकार के पर्यावरण विभाग के सहयोग से संगम खदान भुरकुंडा पर बने इको फ्रेंडली पार्क में गुरूवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से सखुआ, बांस, आम, घास सहित दर्जनो पेड़ जल गए। स्थानीय लोगों और जिंदल दमकल के सहयोग से आग पर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# जंगल की सुरक्षा सभी का दायित्व : डीएफओ

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने वन समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों को अग्नि सुरक्षा व गिद्ध संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डीएफओ मो शब्बा अहमद, जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, एसीएफ गोरख राम, पर्यावरणविद्द सत्यप्रकाश, सेवानिवृत डीएफओ एके मल्होत्रा, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

डीएफओ मो शब्बा अहमद ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगल की सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इसलिए महुआ फूल व अन्य उपज इकट्ठा करने के लिए पेड़ के नीचे या आसपास आग न लगाएं। इसके साथ ही जंगल के रास्ते से गुजर रहे हैं तो बीड़ी, सिगरेट जलते हुए कभी



ना फेंके। वनों के निकट के खेतों में भी आग लगाने से बचें। मौके पर सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, विकास सिंह, महेश ठाकुर, बासुदेव यादव, फोरेस्टर दीपक यादव, आनंद सिंह, भूपेंद्र कुमार, सीसीआर मिंज, बिरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों वन समिति के सदस्य, पदाधिकारी मौजूद थे।

२३ है पी १: जंगल संरक्षण पर

### रक्षासूत्र बांधकर वन बचाने का लिया संकल्प

हजारीबाग। हजारीबाग वन्य प्राणी प्रक्षेत्र स्थित  जैलमा वन में रक्षाबंधन सह वन अग्नि सुरक्षा को लेकर गुरूवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्म के द्वारा वृक्षों एवं वन्य जीवों को बचाने, वनों को आग से बचाने एवम  पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों प्रकृतिप्रेमियों द्वारा वृक्षों में रक्षासूत्र बांधकर वनों को बचाने का शपथ व संकल्प लिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि  अशोक राणा, मुखिया मो. अनवरूल हक,  इको वन विकास समिति के अध्यक्ष बैजनाथ वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला, सुरेंद्र कुमार, बीससूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, वन उप परिसर पदाधिकारी  वाल्टर बारला, श्रवण कुमार मेहता, सुजीत टोप्पो, सतीश पांडेय, ननकू महतो, दशरथ यादव, रोहित दास बहिमर वन बीट परिसर में गठित इको वन विकास व वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सदस्य, वन कर्मी व सैकड़ो  ग्रामीण शामिल हुए। वनकर्मी वाल्टर बारला व श्रवण कुमार द्वारा बताया गया कि वनों की सुरक्षा व संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित है।  मौके पर बीससूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति ने कहा कि महुआ चुनने के खातिर लगाए गऐ आग से हर वर्ष जहां सैकड़ो पेड़ पौधे जलकर राख  हो जाते हैं। वहीं आग के चपेट में आकर बड़ी संख्या में जंगली जीव जंतु जलकर खाक हो जाते हैं। पेड़ों पौधों को जलने एवं जीव जंतुओ को झलकर मरने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ जाता है, जिसका असर मानव जीवन पर पड़ता है। उन्होने आगे कहा कि जंगलों को बचाना समाज के हर एक व्यक्ति का दायित्व है।

# पंचायत समिति सदस्यों की समिति के गठन में मनमानी : संतोषी

बरही। प्रखंड प्रमुख कार्यालय में बुधवार को हुई पंचायत समिति सदस्यों की समिति गठित हुई। जिसमें धनवार पंचायत की पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी ने कहा कि प्रखंड प्रमुख मनोज रजक पर मनमानी एवं पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा की यह समिति का निर्माण सर्वसम्मति से किया जाना था लेकिन प्रमुख द्वारा पहले से लिस्ट तैयार कर अपने करीबियों को समिति का अध्यक्ष बना दिया गया है। मैंने पंचायत समिति सदस्यो के लिए बने एक वाट्सअप ग्रुप में कुछ लिखकर विरोध जाहिर की तो उसे प्रमुख द्वारा एडमिन का पावर दिखाते हुए मेरा संदेश को डिलीट कर दिया गया। प्रमुख मनोज रजक के इस कृत का मैं विरोध करती हूं एवं अग्रेतार कार्यवाही के लिए तत्पर हूँ।उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रमुख एक जिम्मेवारीपूर्ण पद है,जहाँ निष्पक्षरूप से कार्य करने की जरूरत है।परन्तु एक जिम्मेवार व्यक्ति के द्वारा स्वार्थ की राजनीति के तहत किये गए कार्य समाज के लिए हितकर नही हो सकता है।इस प्रकार के किये गए कार्य का उन्होंने भर्त्सना करते हुए उनपर कानूनी करवाई किया जाना चाहिए।इस बाबत प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि हमने समिति निर्माण से पूर्व सभी सदस्यों सहमति लिया था। जिसके तहत जिनका प्रस्ताव समिति में किसी विभाग के लिए अध्यक्ष बनने का आया, उन्हे अध्यक्ष बनाया गया, धनवार पंचायत की समिति सदस्या संतोषी कुमारी का कभी भी कोई प्रस्ताव नहीं आया और अचानक उनका इस तहत मेरे ऊपर आरोप लगाना समझ से परे है।उन्होंने कहा कि सारे कार्य नियम संगत किए है।

# सभी योग्य लाभुकों को दें पेशन

## रामगढ़ की उपायुक्त ने कई विभागों की समीक्षा, दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त  माधवी मिश्रा ने गुरूवार को  समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत जिले के योग्य लाभुकों को उपलब्ध कराए गए पेंशन की जानकारी लेने के उपरांत वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला सम्मान पेंशन, दिव्यांग पेंशन, एचआईवी पीड़ित मरीजों के लिए पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं को लेकर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को नियमित रूप से अपने अपने क्षेत्र में सर्वे करने एवं कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता आंगनबाड़ी केंद्रों में सुनिश्चित करने, आंगनबाड़ी केंद्रों के चाहरदीवारी आदि  के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।  उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने रामगढ़ जिले को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से नियमित रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सर्वे करने एवं सैम तथा मैम बच्चों की पहचान कर उनके उपचार हेतु एमटीसी केंद्र में बच्चों को भर्ती कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी से अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए गए लाभ की जानकारी ली जिसके बाद उपायुक्त ने संवेदक के साथ संपर्क कर सभी योग्य लाभुकों को ससमय योजना का लाभ देने का निर्देश दिया ।

### शांतिपूर्ण निकाले रामनवमी जुलूस : इंस्पेक्टर



कुजू। रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को कुजू ओपी परिसर में मांडू इंस्पेक्टर संजय गुप्ता की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक सुरेश वर्णवाल शामिल हुए। बैठक में रामनवमी पूजा व चैती दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जुलूस निकालने से पूर्व ओपी में लिखित सदस्यों की जानकारी देने का निर्देश दिया गया। साथ ही जुलूस में डीजे व शराब पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।  मौके पर ओपी के अनि कमलेश सिंह, सअनि हीरा लाल मुंडा, ज्ञानी महतो के अलावे अमर सिंह, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, प्रेम प्रसाद, शिव प्रसाद साहू, इंद्र प्रसाद गुप्ता, रतन प्रसाद साहू, धर्मराज राम, अरविंद कुमार, सुधीर सिंह, कयूम खान, गणेश सोनी, शंभू लाल ठाकुर, जय कुमार ओझा, हेमनी देवी, उमेश चंद्र पटेल, अरशद अंसारी, सुरेश चंद्र पटेल, लखन प्रसाद, जितेंद्र गुप्ता, मुबारक हुसैन, दिवाकर गिरी, समीम अंसारी, चितू महतो, नरेश पटेल, महेश ठाकुर, अर्जुन यादव, कीनू रविदास, द्वारिका प्रसाद भंडारी, कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, जयनाथ महतो, धनेश्वर महतो, दिलीप करमाली, उमेश करमाली, शक्ति कुमार के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड का महत्वपूर्ण पर्व है सरहुल : डॉ सुनील कश्यप



रामगढ़। सरहुल झारखंड का प्रमुख पर्व है। यह बसंत ऋतु में मनाए जाने वाला पवित्र एवं महत्वपूर्ण पर्व है। यह बात गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के सहायक शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही। कहा की पतझड़ के बाद पेड़ पौधों की टहनियों पर हरी हरी नई पत्तियां निकलती है, आम मंजर , सखुआ और महुआ के फूल से जब पूरा वातावरण सुगंधित हो जाता है तब सरहुल पर्व मनाया जाता है ।यह पर्व प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होकर चैत्र पूर्णिमा के दिन तक संपन्न होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार अप्रैल महीने में या मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में सरहुल पर्व झारखंड ,बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम और मध्य भारत का पर्व है इस पर्व में  साल  अर्थात सखुआ पेड़ का विशेष महत्व है । उन्होने कहा कि सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है सर और हुल सर का अर्थ होता है सरइ अर्थात सखुआ फूल और फल से होता है, जबकि हुल का अर्थ क्रांति से है। इस प्रकार सखुआ के फूल की क्रांति को सरहुल के नाम से जाना जाता है। सरहुल पर्व के बाद ही नई फसल  विशेष कर गेहूं की कटाई की जाती है। सरहुल पूजा जब तक संपन्न नहीं होता है तब तक सखुआ के पत्तों में भोजन करना उचित नहीं होता है।

### विस्थापित मोर्चा ने दी शहीदों को दी श्रद्धाजंलि

भुरकुंडा (रामगढ़)। ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड द्वारा गुरूवार को न्यू बैरक कलोनी भुरकुंडा में शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का 92वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय संयोजक मधु बावरी व मंच संचालन मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड. आशीष आशीष कुमार ने शहीदे आजम भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मौके पर मुख्य अतिथि ड आशीष कुमार ने कहा देश की आजादी के लिए भगत सिंह आदि शहीदों ने अपना बलिदान दे दिया। भगत सिंह का सपना था कि देश में समता मूलक समाज बने।

# सांस्कृति की धरोहर है रामलीला : अमित

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी क्लब घर के दुर्गा मंडप प्रांगण में बुधवार की देर शाम 9 दिवसीय रामलीला शुरू हुआ। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार व पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा ने पूजा पाठ एवं फीता काटकर किया।अमित कुमार ने कहा कि हमारी सांस्कृति की धरोहर है रामलीला। समय के साथ रामलीला का आयोजन कम हुआ है लेकिन इसकी महता आज भी सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हमसबों को रामलीला जरूर देखनी चाहिए। मुखिया उपेंद्र शर्मा ने बताया कि रामलीला 22 से 30 मार्च तक चलेगा। जो प्रतिदिन संध्या साढ़े सात बजे साढ़े नौ बजे तक होगा। इस दौरान रामायण से जुड़ी सभी पौराणिक रचनाओं और घटनाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला के कलाकार प्रयागराज उत्तर प्रदेश से आए हैं। जो अपने पाठ व आकर्षक झांकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। मौके पर एसआई मयंक प्रसाद, अक्षय कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, रामनवमी पुजा समिति के अध्यक्ष दिपक सिंह, दुर्गा पूजा समिति सचिव संजय यादव, ओमकार कुमार, सोनू पांडेय, बिक्की दुबे सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### देश की एकता बनाए रखना हमसबों का दायित्व : मनोज

भुरकुंडा। भाकपा अंचल कार्यालय में गुरूवार को अंचल परिषद पतरातु एवं ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन अंचल परिषद द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का 92वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाकपा अंचल मंत्री सह फेडरेशन के जिला सचिव मनोजमहतो ने शहीदे आजम भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। महतो ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए क्रांति के सूत्रधार थे। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति से उपर उठकर देश की एकता बनाए रखना हमसबों का दायित्व है। भगत सिंह ने क्रांति की जो मशाल जलाई थी उसे उसे जलाए रखते हुए हम सभी युवाओं को अपने हक-अधिकार की लड़ाई को और मजबूत करना होगा।


## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना

मेघातरी बस पड़ाव

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 (31 मार्च 2024) तक के लिए मेघातरी बस पड़ाव की बंदोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथि को की जायेगी-

| क्र0 | बस पड़ाव का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बस पड़ाव मेघातरी | 8636500.00 | 863650.00 | 31-03-2023 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय हो, आवेदन पत्र (दस्तावेज सहित) के साथ संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते है। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य
कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा

PR 293509 Rural Development (22-23)_D

## Office of the Bishrampur Nagar Parishad
E-Procurement Notice

NIT No: UDD/NPB/40/2022-23(3RD CALL)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 15 KLD at Bishrampur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,64,30,125<br>Operation & Maintenance Cost: 1,63,98,868<br>Total: 4,28,28,993 |
| 3. | Bid Security (INR) | 4,28,290/- (Rupees Four Lakes Twenty-Eight Thousand Two Hundred Ninety Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 24.03.2023 11:00 AM |
| 7. | Document downloading start Date | 24.03.2023 11:00 AM |
| 8. | Bid submission end date | 15.04.2023 05:00 pm |
| 9. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 17.04.2023 at Bishrampur Police Station as on 01.00 pm |
| 10. | Bid opening date (online | 18.04.2023 |
| 11. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 12. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Bishrampur Nagar Parishad |
| 13. | Helpline Number | 9771761820, 7870121518 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in)

Assistant Municipal Commissioner
Bishrampur Nagar Parishad

PR 293525 District(22-23)D

## कार्यालय नगर निगम, गिरिडीह
ई-मेल: giridihmunicipalcorporation@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (श०) 2.0 के तहत् तीन सप्ताह का Women-Led स्वच्छता अभियान अंतर्गत Swachhotsav 2023 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की अवधि 8 मार्च से 30 मार्च 2023 तक है। इस अभियान के अंतर्गत "Women Icon Leading Swachhata (WINS)Awards2023" हेतु आवेदन किया जा सकता है।

I. कौन आवेदन कर सकते हैं – Category
- व्यक्तिगत महिा उद्यमी, शहरी स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन में परिवर्तन का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति (Individual Women Entrepreneurs and Change Agent)
- स्वयं सहायता समूह (Self Help Group)
- स्टार्टअप्स (Startups)
- गैर सरकारी संगठन (NGOs)

II. आवेदन करने का विषयगत् क्षेत्र
- सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालयों का प्रबंधन
- सेप्टिक टैंक सफाई सेवाएं
- Treatment Facilities-Used Water/Septage
- म्यूनिसिपल वेस्ट कलेक्शन और ट्रान्सपोर्ट
- MRF (Material Recovery Facility) संचालन
- वेस्ट टू वेल्थ उत्पाद
- Treatment Facilities- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
- Information, Education, Communication, Training Capacity Building
- Technology and Innovation
- अन्य विषय (To be Specified)

III. आवेदन करने की प्रक्रिया
- आवेदक अपनी विस्तृत आवेदन इस लिंक http://forms.gle/G4mfXYJUyFVfqg2d6 या ईमेल giridihmunicipalcorporation@gmail.com पर कर सकते हैं।
- आवेदक ईमेल का विषय "Application for Women Icon Leading Swachhata(WINS) Awards2023" ऐसे लिखेंगे।
- आवेदक ईमेल में अपना नाम, मोबाईल नं०, उम्र, विशयगत क्षेत्र का आवेदन का Category एवं आवेदक द्वारा किए जा रहे कार्य का विवरण एवं दस्तावेज संलग्न कर सकते हैं।
- केवल महिला आवेदक ही WINS Awards 2023 में भाग ले सकते हैं।
- आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2023 तक।
- अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में 06532359258 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम गिरिडीह

PR 293514 Urban Development(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,साहेबगंज।

CORRIGENDUM ( प्रथम शुद्धि पत्र)

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सुचना सं0- DWSD/SAHIBGANJ- 20/2022-23, Dt.- 15.03.2023, P.R.No.- 279643 में प्रकाशित निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

1. Construction of rural water supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set & Construction of DT/GPT/HYDT/HYGPT (as applicable) Bore well for Tolas/Village/Areas which is not included in MVS and has no electricity or less electricity t o supply water 2000 LPH at least 15/30 year for 24x7 supply under JJM in the state of Jharkhand. **(Model-IB)**
2. Construction of rural water supply Scheme with 2 Nos. 1.00 HP DC Solar motor pump complete set for Tolas/ Village/ Areas which is not included in MVS and has no electricity or less electricity on 2 Nos. DT/GPT/HYDT/HYGPT (as applicable) having potential to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 years for 24 x 7 supply under JJM in the state of Jharkhand. **(Model-3)**
3. Construction of rural water supply Scheme with 2 Nos. 2.00 HP DC Solar motor pump complete set for Tolas/ Village/ Areas which is not included in MVS and no electricity or less electricity on 2 Nos. DT/GPT/HYDT/HYGPT (as applicable) having potential to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 years for 24 x7 supply under JJM in the state of Jharkhand. **(Model-4)**

| क0 | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication on website Dt. 18.03.2023 up to 06.00 P.M | Dt. 24.03.2023 up to 06.00 upto P.M |
| 2 | Last date of Bid Submission- Dt. 25.03.2023 up to 05.00 P.M | Dt. 01.04.2023 upto 05.00 P.M |
| 3 | Hard Copy Submission- Dt. 27.03.2023 up to 05.00 P.M | Dt. 03.04.2023 up to 05.00 P.M |
| 4 | Date of Opening of Tender – 28.03.2023 at 05.00 PM | Dt. 05.04.2023 at 05.00 P.M |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, साहेबगंज।

PR 293504 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

# भगत सिंह को समझने के लिए युवा उनके जीवनी को पढ़ें : उपायुक्त

## शहीद दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह वैचारिक संस्मरण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को शहीद भगत सिंह वैचारिक संस्मरण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमाण्डेंड राहुल कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत पदाधिकारियों द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की चित्र पर दीप जलाकर, माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि भगत सिंह को पूरी तरह समझने के लिए आज की युवा पीढ़ी को उनके दस्तावेजों को पढ़ना चाहिए जो उन्होंने जेल में रहने के दौरान फांसी के पूर्व लिखे थे। उनके दस्तावेजों में सामाजिक व्यवस्था, लोकतांत्रिक व्यवस्था, समाजवाद की बात कही गई है। देश में जमींदारी प्रथा समाप्त करने, जमीन का राष्ट्रीयकरण व सामूहिक खेती, उद्योग का राष्ट्रीयकरण एवं देश मे औद्योगीकरण, सार्वभौमिक शिक्षा, आवास की गारंटी, सभी वयस्क/पुरूष व महिला को मत देने का अधिकार, आर्थिक स्वंतत्रता हेतु राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य, किसानों के सभी शुल्क माफ करने संबंधी योजनाओं की बात कही गई है। उन्होंने काफी कम उम्र मात्र 23 वर्ष की आयु में वो कर दिया जो ताउम्र जीवन के बाद भी लोग नहीं कर पाते। इतनी कम उम्र में उनके विचार काफी स्पष्ट थे। आज के युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना मंच से जोड़ा जा रहा है। इस दिशा में काफी सकारात्मक परिणाम जिला प्रशासन को मिला है। आज गांवों में स्कूलों व कॉलेजों में काफी संख्या में युवा सद्भावना मंच से लोग जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि आज के युवा अपने समय का सदुपयोग अपने लक्ष्य प्राप्ति में करें। अत्याधुनिक तकनीक का सही इस्तेमाल करें, दुरुपयोग न करें और अपनी उर्जा सही जगह लगायें। शहीद भगत सिंह का लक्ष्य बिल्कुल साफ था। आप भी लक्ष्य तय कर लें और उसके प्राप्त करने के लिए अपनी योजना की दिनचर्या तय कर लें।उन्होंने कहा कि आपके अपने मन में अगर किसी के लिए नफरत है तो उसका त्याग करें। सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कार्यक्रम में कहा कि शहीदों के बलिदान को युवाओं को याद करना चाहिए। शहीदों का अपने देश के लिए किस हद तक समर्पण भाव था उसे आत्मसात करना चाहिए। देश के लिए कुछ करना है तो ऐसे महान पुरूषों से सीख लें ताकि देश के काम आ सकें। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी पद पर बैठे हैं तो भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े कदम उठायें तभी शहादत दिवस सार्थक होगा। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने देश के शहीदों आंदोलनकारियों द्वारा देश के लिए किये गये बलिदान और अलग-अलग समय में किये गये युद्ध, क्रांति और आंदोलन की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीएस कॉलेज के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष मिश्रा, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, बीएस कॉलेज की छात्रा श्रुति कुमारी द्वारा भी उपरोक्त विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में एएसपी अभियान दीपक पांडेय, डीएसपी (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और युवा सद्भावना मंच के सदस्यगण उपस्थित थे।




श्रद्धांजलि देते डीसी, एसपी व उपस्थित लोग

## याद किए गए शहीद भगत सिंह



श्रद्धांजलि देते अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव थापर एवं शहीद शिवराम राजगुरु के प्रतिमा में माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, बीपीओ मृणाल प्रकाश, अमन शिखर, आकाश कुंवर, परवीन साहू, सीमा भगत, चंद्रदेव उरांव, बुद्धदेव उरांव सहित प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में मौजूद अजातशत्रु

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विगत 19 मार्च 2023 को चेन्नई के एसआरएम विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय युवा संसद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के युवा कार्यकर्ता अलग अलग प्रदेशों से भाग लिए। कार्यक्रम में युवा और खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों पर बहस, चर्चा और प्रस्तुति की गई। पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती से झारखंड भाजयुमो प्रदेश के मंत्री अजातशत्रु शत्रु शामिल होकर प्रश्नोत्तर काल, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने पक्ष रखा। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि पहला राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में शामिल होना गौरव का क्षण है। ऐसे समारोह में हमारे देश के अंदर रहने वाले विभिन्न कलाओं और परिस्थितियों को जानने का अवसर प्राप्त होता है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं सहिया: डीडीसी




कार्यक्रम में सहिया को सम्मानित करते डीडीसी व कार्यक्रम में शामिल सहिया बहनें व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा मंगलवार को जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बख्तर साय इंडोर स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त हेमंत सती एवं एसडीओ सदर रवि जैन ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल के बाहर लगे स्वास्थ्य शिविर का भी उप विकास आयुक्त एवं एसडीओ सदर ने उदघाटन किया। कैंप में स्वास्थ्य संबंधित 15 स्टॉल लगाये गये। जिसमें स्वास्थ्य से जुड़े हेल्थ चेकअप किया गया। इस दौरान ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**कैरो।** प्रखंड के हनहट बुनियादी विद्यालय परिसर में गुरुवार को रामनवमी व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बसंत महतो, मोहन साहू, संजू शुक्ला, श्यामसुन्दर उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जशपुर(छतीसगढ़)**

**ईश्तहार**

क्रमांक 1278/वाचक/ अपर कले./2023 जशपुर दिनांक 17.3.2023 सर्व साधारण को इस इश्तेहार से जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल कुमार पिता बिनोद सिंह उम्र 26 वर्ष, जाति राजपूत, निवासी ग्राम लेम चतरा, जिला चतरा(झारखंड) एवं कु सुमन ताम्रकार पिता श्री गोपाल कृष्ण ताम्रकार उम्र 32 वर्ष , जाति ठठेरा, निवासी ग्राम भागलपुर जशपुर, तहसील व जिला जशपुर(छ.ग) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा -05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके बीच विवाह अनुष्ठापित कराने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस विवाह अनुष्ठापित के संबंध में जिस किसी को आपति हो वे दिनांक 17-4-2023 को स्वतः या अधिवक्ता के मार्फत आपति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नहीं होगा।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह पदाधिकारी जशपुर छतीसगढ़**


# विभिन्न अखाड़ों के सदस्यों की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** केंद्रीय महावीर मंडल समिति गुमला एवं विभिन्न अखाड़े के सदस्यों की बैठक गुरूवार को ज्योति संघ सभागार में केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामनवमी जुलूस को लेकर कई निर्णय लिये गये और अखाड़ों के सदस्यों को वोलेटियर तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल एवं सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष श्री बंटी ने रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाने पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी ने त्योहार के दौरान नशा पान से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। बैठक का संचालन समिति के सचिव राजेश सिंह ने करते हुए कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्योहार धूमधाम एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे।

## एसपी ने किया सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारीब ने सरहुल व रामनवमी पर्व को देखते हुए पुलिस केंद्र में रखे सभी सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। साथ ही थानाओं एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में भी उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों का जायजा लिया। सरहुल एवं रामनवमी में विधि व्यवस्था में काफी संख्या में बलों को लगाया जा रहा है। जिसे दिखते हुए यथासंभव सभी बलों एवं पदाधिकारियों के पास सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्जेंट मेजर को निर्देशित किया गया। रामनवमी के पूर्व बड़े पैमाने पर ड्रील करवाने का निर्देश सार्जेंट मेजर को दिया गया।

## हिंदू नववर्ष व राम जन्मोत्सव कार्यक्रम मना

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के खेतली ग्राम में हिंदू नववर्ष सह राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय साहू ने बताया की 25 मार्च दिन शनिवार को खेतली ग्राम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष सह राम जनमोत्सव के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर राज परिवार के विक्रमादित्य सिंह जूदेव एवं विशिष्ट अतिथि रंगनाथ महतो, केशवचंद्र साय एवं विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी रहेंगे।

# शांति समिति की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल सदस्य व पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी थाना परिसर में सरहुल व रामनवमी त्योहार को लेकर गुरुवार को बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का एवं सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव भी शामिल हुए। थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय ने कहा की सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाएं। बिना लाइसेंस के कोई भी जुलूस न निकालें एवं गैर लाइसेंस यथाशीघ्र आवेदन दें। जिसमें त्योहार से संबंधित व पूरा रूठ चार्ट देना आवश्यक है। जुलूस निकालने के लिए साउंड सिस्टम संचालक का पूरा ब्यौरा देना होगा। साथ ही शराब का सेवन जुलूस में नहीं करना है। वहीं कोई भी गिरजा, मंदिर व स्कूल हो तो वहां पर बाजा बंद कर देना है और बाजा अधिक साउंड में तथा भड़काऊ भाषण या गाना नहीं बजाना है। वहीं सभी आयोजक समितियों को पांच पांच योग्य वोलेंटियरों की सूची देने की बातें भी कही गई। बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि सरहुल व रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सभी नागरिकों की जिम्मेवारी है। सोशल मीडिया में किसी भी तरह के फैलने वाले अफवाहों से बचें, ना ही गलत पोस्ट करें और ना ही फारवर्ड करें। वहीं सभी को प्रखंड प्रमुख एवं सर्किल इंस्पेक्टर ने भी संबोधित किया। मौके पर एसआई रवि कुमार, मुखिया प्रदीप मिंज, संजय उरांव, जवाहर कवर, चेतानलाल मिंज, ज्योति बहेर देवी, सब्जीलाल साहु, विजय केशरी, सुदामा प्रसाद केशरी, संजय साहू, गोविंद सिंह, उमेश कुमार, विकास कवर, बीरेंद्र भगत, जगरनाथ भगत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड सभागार में प्रखंड शिक्षा समिति की बैठक बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जहां शिक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रखंड अंतर्गत जहां भी तीन माध्यमिक विद्यालय है व प्लस टू विद्यालय नहीं है। वैसे जगहों में एक माध्यमिक विद्यालय को प्लस टू विद्यालय में उत्क्रमित करने के प्रस्ताव को जिला में स्वीकृति हेतु भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2016 -17 एवं उसके बाद जो भी विद्यालय विलय हुआ या उत्क्रमित हुआ है वहां छात्रों को कोई कठिनाई तो नहीं हो रही है उसकी समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत इस तरह की कोई कठिनाई संबंधी मामला प्रकाश में नहीं आया। वहीं स्कूली छात्र छात्रा जिनका आधार कार्ड नहीं बन हुआ है उनके लिए प्रखंड कार्यालय स्थित आधार केंद्र एवं जैरागी को आधार केंद्र बनाकर उसमें आधार बनवाने की सहमति बनी। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डुमरी में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनों का जांच के उपरांत सही आवेदन का नियमानुसार सूची सोमवार तक जिला में भेजने का निर्देश दिया गया।


**एग्जीक्यूटिव रेजिडेंट मजिस्ट्रेट चास बोकारो के समक्ष**

**शपथ पत्र**

मैं, किरण सिंह पत्नी शांति भूषण उम्र लगभग 32 वर्ष निवास-11 डी, पोस्ट : सेक्टर-9, बोकारो-827009 शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि
1. यह कि, मेरे बेटा का सही और वास्तविक नाम swastik kumar singh है जो आधार कार्ड नं- 954221018587 में उल्लेखित है।
2. यह कि, मेरे बेटा के बैंक पासबुक (बैंक ऑफ इंडिया, खाता नं- 485910110008545) में उसका नाम swastik lucky व्यक्त है।
3. यह कि, swastik kumar singh और swastik lucky दोनों एक ही है जो मेरा बेटा है।
4. यह कि, मैं यह शपथ पत्र सक्षम पदाधिकारी के समक्ष उपरोक्त बैंक खाते में अपने बेटा के नाम में सुधार करने हेतु बना रही हूँ। Sl.No. 147/2008 dtd 21.03.2023



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, चतरा**

**सूचना**

भारतीय वायु सेना द्वारा Agniveervayu Intake 02/2023 हेतु निबंधन 17.03.2023 से 31.03.2023 तक किया जा रहा है। Agniveervayuके लिए निबंधन हेतु अविवाहित भारतीय महिला एवं पुरूष जिनका जन्मतिथि 26.12.2002 और 26.06.2006 के बीच हो, एवं जिन्होंने 10+2/इंटर अथवा इंजिनियरिंगमें तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स अथवा दो वर्षीय व्यावसायिक कोर्स अथवा दोवर्षीय व्यावसायिक कोर्स Non Vocational Subject-Math Physics से किया हो, भाग ले सकते हैं,उम्मीदवार का न्यूनतम कुल 50% अंक होना आवश्यक है।

अतः सभी इच्छुक एवं योग्य छात्र–छात्राओं अपना निबंधनhttp://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर कर सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय चतरा

PR293419 (Labour Employment and Traning)22-23*D


# शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के करौंदा गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिवालय का त्रिदिवसीय प्राणप्रतिष्ठा समारोह 24 मार्च से होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए व्यवस्थापक मंडल के सुजीत नन्द ने बताया कि अनुष्ठान का कार्यक्रम शुक्रवार को प्रातः आठ बजे कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। यात्रा में करौंदा सहित निकटवर्ती गांवों के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। दूसरे दिन बाबा का श्रृंगार, प्राणप्रतिष्ठा व महारुद्राभिषेक का आयोजन होगा तथा 26 मार्च को पूर्णाहुति पश्चात भंड़ारा का कार्यक्रम निश्चित है। शिवालय के प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर करौंदा सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को बचाना ही हमारा लक्ष्य है: चमरा लिंडा

## समाहरणालय मैदान में प्रार्थना सभा द्वारा सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सरहुल पूर्व संध्या आयोजन समिति ने बुधवार को समाहरणालय मैदान लोहरदगा में सरहुल पूर्व संध्या समारोह मनाने से पहले हरमू धरती माता का पूजा पाठ आदिवासी सांस्कृतिक परम्परासखुवा पेड़ का पूजा पाठ आदिवासी सांस्कृतिक के रीति-रिवाज से सरना समुदाय के पहान पूजार द्वारा सम्पन्न हुआ। इसके बाद समारोह के मुख्य अतिथि विशुनपुर के स्थानीय विधायक सह मुख्य संरक्षक सरना प्रार्थना सभा महानगर एवं पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष आदिवासी छात्र संघ चमरा लिंडा, विशेष अतिथि मंजू केरकेट्टा द्वारा अखड़ा में सरना झण्डा, सखुवा पेड़ पर जल चढ़ाकर, अरवा चावल, सखुवा फूल के साथ पूर्वजों द्वारा बनाये गये आदिवासी रीति-रिवाज के साथ पूजा पाठ करके दीप प्रज्वलित किया गया और कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागतम गाना आदिवासी सांस्कृतिक से प्रारंभ हुआ। इस समारोह में जिला के विभिन्न ग्रामीणों क्षेत्रों से आए खोड़हा के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का कार्य किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को बचाना ही हमारा लक्ष्य है इसी उद्देश्य के साथ इनके द्वारा सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए हमें आगे आना होगा, वर्तमान समय में गीत संगीत के बदलते स्वरूप ने आदिवासी संस्कृति को धीरे धीरे गौण करने का कार्य कर रही है, ऐसे में हमें आगे बढ़कर अपनी ऐतिहासिक संस्कृति को बचाने के लिए कदम उठाना होगा। इस कार्यक्रम में कुल 60 खोड़हा के लोगों ने अपना -अपना आदिवासी कला सांस्कृतिक का प्रस्तुत किया। इस कला सांस्कृतिक में जो भी प्रतिभागी का सबसे अच्छा प्रतिभा दिखायेंगे उन सभी प्रतिभागी विजेता को प्रथम -25000/- द्वितीय-20,000, तृतीय-15000/- और बाकी को संतावना पुरस्कार-5000/- देकर सम्मानित किया गया। सरहुल पूर्व संध्या समारोह में लेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इस लेख प्रतियोगिता में छः लोग भाग लिये। इस लेख प्रतियोगिता के विजेता को प्रथम -5000/-,द्वितीय-3000/- और तृतीय-2000/- पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरहुल पूर्व संध्या आयोजन समिति के अध्यक्ष शामिल उरांव, सचिव सुखदेव उरांव, कोषाध्यक्ष राधा तिर्की, कार्यकारिणी अध्यक्ष विनोद उरांव एवं समिति के अन्य सदस्य राजमणि उरांव, मिठू उरांव, मनोज उरांव, बिहारी उरांव, रौना उरांव, जगेशवर उरांव, विनोद पुजार, रवि उरांव, राजकुमार उरांव, तारा उरांव, बालकिशुन भगत, रंथु उरांव, महादेव उरांव, अमित लोहरा, अर्जुन उरांव, प्रमोद उरांव, अजीत उरांव, विनोद उरांव, संतोष तिर्की, देवेन्द्र तिर्की, पुनम उरांव, पुनम भगत,सूरज उरांव, बिरशु उरांव, सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा एवं आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा सहित भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि


**R.K.V.S. Sansthan B.Ed. College**
Rehla Road, Sonpurwa, Garhwa
Jharkhand-822114

Recognised By NCTE, Bhubanoswar
Affiliated to Nilamber – Pitamber University, Palamu, Jharkhand
Affiliated to JAC, Ranchi, Jharkhand

Ref No. Rkvs/G/1495/23 Date: 14-03-2023

**ADMISSION NOTICE FOR D.El.Ed. 2023-25**

Prospects and forms are available from 16.03.2023 to 31.03.2023 on payment of Rs. 700/- by cash or last date for submission of duly field application from along with all relevant documents is 31.03.2023 by hand/ speed post / college mail : rkvssansthan2014@gmail.com eligibility Intermediate are any stream with minimum 50% for Gen and 45% for Obc, Sc, St. Forms are available at college office.

Contact No. : 7870357110 / 9199114947

Principal
Dr. C.D. Pandey



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**
(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

**–:अति अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अन्तर्गत हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखण्ड अन्तर्गत मार्शल प्राइमरी बुनकर सहयोग समिति लि0, कजरी कॉटन हैण्डलूम सेन्टर के लिए उपस्कर एवं कच्चा माल की आपूर्ति किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निविदादाता (Bidders) से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06/04/2023 समय 2.00 अपराहन् तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06/04/2023 समय 3.00 अपराहन्।
4. निविदा खोलने का स्थान :– उप विकास आयुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग

PR 293518 District(22-23)#D

## स्पीड न्यूज

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीद दिवस पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में ब्लड बैंक गढ़वा में रक्तदान शिविर एवं जिला कार्यालय गढ़वा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दो यूनिट रक्तदान किया गया।

### रासलीला मंच का उद्घाटन

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम प्रांगण में तृतीय वार्षिकोत्सव के दौरान बुधवार की रात्रि में रासलीला का मंचन वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा किया गया। कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति से श्रद्धालु दर्शक भावविभोर होकर देर रात्रि तक रासलीला का आनंद उठाते रहे।

### स्वर्ण वाटिका से दो लाख रुपए के जेवर चोरी

**रमना।** रमना के भीड़भाड़ वाले इलाके में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निकट स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स नामक दुकान में दो लाख रुपए के जेवर चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। जेवर चोरी के मामले मे दुकानदार रमना बाजार निवासी अनिल कुमार सोनी ने रमना थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरो की गिरफ्तारी और चोरी गए जेवर की बरामद्गी का आग्रह किया है।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**रमना।** रामनवमी पर्व को लेकर रमना थाना परिसर में प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोगों व रामनवमी पूजा आयोजन कमिटि के सदस्यों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। मौके पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि पर्व आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता है। लोग आपस मे मिलजुल कर रामनवमी पर्व मनाए।

### एक यूनिट किया रक्तदान

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के जड़गड़ नावादोहरी ग्राम निवासी सौरभ ठाकुर ने यूनिट रक्तदान कर एक मरीज की जान बचायी। जानकारी देते हुए अधिवक्ता अनुप ठाकुर ने बताया कि सदर अस्पताल में इलाजरत बीरबांध पंचायत के उरांव टोली निवासी जुगुल राम को ओ पजिटिव खून की जरूरत थी। लेकिन ब्लडबैंक में इस ग्रुप का ब्लड न होने के कारण घरवाले परेशान थे। पीड़ित के परिजन अपने पंचायत के मुखिया पति अजय ठाकुर को इसकी जानकारी दी। तत्काल अजय ने सौरभ से संपर्क कर उन्हें प्रेरित करते हुए एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्तदान कराया। मौके पर उक्त सहित विकाश चंद्रवंशी, नवीन पासवान, अलख ठाकुर, लैब टेक्नीशियन रूपदेव कुमार, रामजी कुमार, ज्योति कुमारी, नेहा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** आगामी रामनवमी पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अंजू देवी ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी के अलावा पूजा समिति के लोगों व डीजे संचालक के बीच कई विषयों पर बिंदुवार तरीके से बातचीत की गई एवं रामनवमी पूजा को शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही गई। मौके पर निर्मला देवी, राज नारायण सिंह, अमित कुमार, दिलीप मंडल, राजकुमार यादव, सरफुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, दुलारी देवी आदि लोग मौजूद थे।

### बोल्डर व डस्ट लदा तीन हाइवा जब्त

**सतगांवा (कोडरमा)।** पुलिस ने चेकपोस्ट केंद्य समीप से बिना चालान के बोल्डर व डस्ट लदा तीन हाईवा को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाईवा डोमचांच की ओर से सतगावां होते बिहार जा रही थी। इसी क्रम में नासरगंज चेक पोस्ट के समीप पुलिस ने बोल्डर व डस्ट लदे तीनों हाईवा के चालाको से चालान की मांग की, मगर चालकों नेंद्य किसी भी प्रकार का कागजात नहीं दिखाया। जिसपर पुलिस ने वाहनंद्य को जब्त कर थाना ले आई।

# कलेजे का टुकड़ा सौदा मामले का खुलासा

## 1.64 लाख रुपए के साथ 11 आरोपी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल में जन्म लेने के बाद नवजात के बेचे जाने के मामले में चतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं नवजात को सकुशल बोकारो जिले के पेटरवार से बरामद किया है। पुलिस आरोपी के पास से चार मोबाईल और 1.64 लाख रुपये नगद बरामद किये है। गिरफ्तार आरोपी चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र निवासी डिम्पल देवी, आशा देवी, मालती देवी, रामानंद कुमार, बोकारो जिले के आनन्द प्रकाश जयसवाल उर्फ मोनू, सरोज कुमार, चंदन कुमार, रजनीकांत साव, हजारीबाग जिले के उपेंद्र कुमार, रीना देवी, रामगढ़ जिले के सारू देवी का नाम शामिल है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 21 मार्च को डीसी अबू इमरान को सूचना मिली कि एक महिला ने 18 मार्च को प्रसव के कुछ घंटे बाद ही अपने नवजात बच्चे को बेच दिया है। डीसी ने यह जानकारी एसपी को दी। जिसके बाद एसपी ने चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया। छापेमारी दल ने बच्चे को बोकारो से सकुशल बरामद कर लिया। वहीं इस घटना में शामिल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरोह में शामिल सहिया ने शहर के झारखंड मैदान इलाके में संचालित अवैध नर्सिंग होम के संचालक अरुण कुमार दांगी के मिलीभगत से साढ़े 4 लाख रुपये में नवजात का सौदा कराया था। नवजात की मां को सहिया ने ही एक लाख रुपये देकर अस्पताल से बाहर ले जाकर बच्चा को बेचवाने में अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि शहर के दीभा मुहल्ला निवासी एक महिला ने पैसों के लालच में प्रसव के आठ घंटे के बाद ही एक लाख रुपये में अपने नवजात को बेच दिया था। महिला ने 18 मार्च की रात चतरा के सदर अस्पताल में शिशु को जन्म दिया था। इधर, महिला के रिश्तेदारों की शिकायत पर चतरा जिला प्रशासन एवं सदर अस्पताल प्रबंधन हरकत में आयी और नवजात की तलाश शुरू की। नवजात की माँ को एक लाख रुपये दिये गए थे। जबकि साढ़े तीन लाख रुपये सहिया व ड्रेशर समेत अन्य ब्रोकरों के बीच बांटा गया था। बहरहाल गिरोह के मास्टरमाइंड अवैध नर्सिंग होम के संचालक अरुण कुमार दांगी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिसिया दबिश बढ़ा दी गई है। अरुण दांगी की गिरफ्तारी के बाद ही इस पूरे गिरोह और उससे जुड़े मानव तस्करी से जुड़े सफेदपोश गुनाहगारों के चेहरे से पर्दा हट सकेगा।

## भक्ति जागरण का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्याम शरण में आजा रे.. का 11व अरदास कीर्तन का आयोजन झुमरीतिलैया के देवी मंडप रोड जयेश जेठवा के निवास स्थल पर हुआ। इस अवसर पर बाबा श्याम का शीश का दरवार सजाया गया, जो कि रामगढ से मंगाया गया था। अखंड ज्योत के साथ संगीतमय भजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पुजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा व विजय पांडेय ने करायी।

जबकि यजमान के रूप में दीपेश जेठवा, संगीता जेठवा शामिल हुए।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मनाया गया शहीद दिवस

## देश के वीर सपूतों को बनाये अपना रोल मडल : रेखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखण्ड के लोचनपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्कूल की प्राचार्या रेखा कुमारी की अध्यक्षता में शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली शिक्षकों और छात्र छात्राओं के द्वारा शहीदेआजम भगत सिंह के तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

इस दौरान प्राचार्या रेखा कुमारी ने भारत के वीर सपूतों के द्वारा स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों की चर्चा विस्तार से करते हुए कहा कि आज हम सभी लोग आजाद भारत में सांस ले रहे हैं तो इसका श्रेय देश के इन सच्चे सपूतों को जाता है, इन्होंने आजाद भारत की कल्पना करते हुए अंग्रेजों के साथ हुए संघर्ष में हंसते हंसते अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मौके पर सुमित्रा महतो, गीता शर्मा, अनिता कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे स्कूली बच्चे मौजूद थे।



वहीं आदर्श मध्य विद्याालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी की अध्यक्षता में शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव आदि आजादी के दीवानों के शहादत दिवस पर उनके तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर शिक्षक संजीत भारती आदि मौजूद थे।

### राजा के अस्त्र शस्त्र की हो रही पूजा-अर्चना



**कोडरमा।** जिले के चैतीकाली राजागढ़ में चैती नवरात्र का इतिहास करीब 300 वर्ष पुराना है। यहां राजा के द्वारा शुरू किए गए चैती नवरात्र का आज उनके वंशजो द्वारा निर्वहन किया जा रहा है। यहां नवरात्र पर राजा के अस्त्र शस्त्र की विशेष पूजा की जाती है।

### निर्माण यूनियन ने मनाया भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की शहादत दिवस

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 92वीं शहादत दिवस पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) ने वार्ड नंबर 19 अंतर्गत इंदरवाटांड़ में शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर शम्भु पासवान, राजेन्द्र पासवान, शिवनंदन भूइयां, अनील कुमार, जागेश्वर भूइयां, संजू देवी, बिरजू भूइयां, सुनील दास, बब्लू दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनएसएस के तत्वावधान में गुरूवार को शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सदस्यों एवं बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं द्वारा शहीद भगत सिंह की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

## संतों का आगमन सदा सुखकारी होता है : प्रपन्नाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मन्दिर के समीप स्थित नरगीर आश्रम में रामनवमी के मौके पर आठ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आठ दिवसीय रामकथा के प्रथम दिन अयोया से पधारे सन्त पूज्य प्रपन्नाचार्य जी ने अपने प्रवचन में रामायण एवं रामकथा के महात्म्य, सत्संगति का लाभ एवं तुलसीदास द्वारा मानस के प्रारम्भ में की गयी स्तुति के बारे मे विस्तार से बताया। प्रपन्नाचार्य ने कहा कि इस कलिकाल में रामकथा वह कुल्हाड़ी है जो कलुषता, विद्वेश, पापकर्म और दुर्भावना जैसे भाव को शीघ्रता से काटने में सक्षम है। इससे बुद्धि की शुद्धि होती है। रामकथा को कल्पवृक्ष के समान सर्वफल प्रदायी बताया। उन्होंने कहा कि रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। इससे इंसान के पाप तो धुलते ही हैं, जीवन सुखमय हो जाता है। आज इंसान शारीरिक कष्ट के साथ ही पारिवारिक कष्ट से भी दुखी है। अगर मनुष्य रामायण का श्रवण कर उसमें निहित जीवन चरित्र रूपी दर्शन को अपने जीवन में उतारे तो बदलाव आ सकता है।



प्रवचन करते प्रपन्नाचार्य

## रामनवमी, सरहुल व रमजान को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में रामनवमी, सरहुल एवं रमजान को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में उपस्थित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी, अखाड़ा के अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य से प्रखण्ड स्तर पर किए गए शांति समिति कि बैठक की जानकारी ली गई। प्रखण्डवार अखाड़ों और संवेदनशील स्थानों की भी जानकारी ली गई। बैठक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी प्रखण्डो के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने स्तर से संवेदनशील स्थानों एवं अन्य स्थानों की निगरानी रखेंगे। उपायुक्त ने रामनवमी पर्व को लेकर आपसी सौहार्द एवं शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने का अपील किया। प्रशासन विधि व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण रामनवमी सम्पन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काउ पोस्ट से बचे। साथ ही कहा कि जुलूस के लीडर एवं वोलनटिअर्स के नाम प्रशासन को उपलब्ध कराया जाएं। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने कहा कि पूर्व वर्ष की भाँती इस वर्ष भी नियमानुसार पारंपरिक रूप से त्योहार मनाएं।

### राम नवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने शिव शंकर शिबू

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारिसाखी दुर्गा मंडप साहू मोहल्ला मैं रामनवमी पूजा को लेकर के एक बैठक किया गया। जिसमें अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। अध्यक्ष शिव शंकर शिबू, सचिव दिनेश भारती कोषाध्यक्ष सुनील साव को बनाया गया। शिव शंकर शिबू ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके से और हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। विचार क्रांति मंच के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### ज्ञान विज्ञान समिति व पीयूसीएल ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते लोग

**गढ़वा।** शहादत दिवस के अवसर पर गुरूवार को ज्ञान विज्ञान समिति इप्टा और पीयूसीएल के संयुक्त तत्वावाान में अस्पताल चौक पर भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पीयूसीएल के राज्य सचिव एसएन पाठक ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत हम किसी भी कीमत पर बेकार नहीं जाने देंगे। आज संपूर्ण मुल्क में जो परिस्थिति पैदा हुआ है, नफरत और घृणा का माहौल है, इसके खिलाफ हम भगत सिंह के रास्ते पर चलकर ही लड़ सकते हैं। ज्ञान विज्ञान समिति के संजय तिवारी ने कहा कि मरते सभी हैं, लेकिन कुछ मरने वाले ऐसे भी होते हैं जो यादों की बारात छोड़ कर चले जाते हैं।

## एक नजर में

### समारोह पूर्वक हुआ रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में गुरुवार को समारोह पूर्वक रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन हुआ। यह केंद्र बनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा खोला गया। केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार का सृजन करना तथा उन्हे रोजगार से जोड़ना है।

### राजद कार्यकताओं ने किया जिला अध्यक्ष का स्वागत

**सिमरिया।** प्रखंड के राजद कार्यकताओं ने गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर नव मनोनित जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव को स्वागत किया और बधाई दी। कार्यक्रम में उन्हें माला पहनाया गया मिठाइयां खिलाई गई तथा उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया।

### आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में सरकार द्वारा जिले में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं और उनके प्रगति पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत फरवरी और मार्च में जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुकूल काम न कर पाने वाले प्रखण्डों पर नाराजगी जताते हुए खाद्य वितरण के कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।

### विश्व यक्ष्मा दिवस का आयोजन

**इटखोरी।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र इटखोरी में गुरुवार को विश्व यक्ष्मा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद की अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### विधायक ने उठाया छात्रावास की दैनीय स्थिति का मामला

**टंडवा।** प्रखंड अंतर्गत राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय में अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास में बेड, शौचालय एवं पेयजल की स्थिति अत्यंत दयनीय होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से आकर रहने वाले छात्रों को पठन-पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### रोड मैप का सांसद प्रतिनिधि ने किया विरोध

**टंडवा (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिसई से शिवपुर तक एनटीपीसी चट्टी बारियातु कोल डिस्पैच के के लिए बनाए जाने वाली सड़क का टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने फिर कड़ा विरोध किया है। चट्टी वारीयातु कोल माइनिंग से सिसई खैलहा होते हुए टंडवा सिमरिया मुख्य मार्ग के द्वारा कटमसाडी साइडिंग तक ट्रांसपोर्टिंग का रोड मैप बनने की सूचना जैसे ही सिसई निवासी सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय को मिला,उन्होंने जान माल के खतरे को देखते हुए कड़ा विरोध किया है।

### विधायक ने उठाया सड़क विहिन गांव का मुद्दा

**चतरा।** झारखंड सरकार के बजट सत्र में विपक्ष पूरी तरह से सरकार के विरोध में दिखा। विपक्ष के विधायक कभी राम नवमी में सरकार के तुगलक फरमान के विरोध में उतरे तो कभी अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर गरजे सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने सत्र के दौरान लावालौंग प्रखंड के रिमी रामपुर गाँव व भुसाड़ गांव में सड़क नही होने का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि आजादी के बाद से अभी तक इन गांवों के ग्रामीण पक्की सड़क नही देख पाए है।

### जमीनी विवाद का किया गया निपटारा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना परिसर में सीओ राम सुमन प्रसाद एवं थाना प्रभारी लव कुमार के द्वारा थाना दिवस के अवसर पर क्षेत्र से आये कई जमीन संबंाित मामला का निष्पादन किया गया। ज्ञात हो कि मरकच्चो प्रखंड स्थित पंचायत तेलोडीह के ग्राम नईटांड निवासी के द्वारा अपनी जमीन को लेकर भाई भाई में विवाद को लेकर आवेदन दिया गया था।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत भवन में हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वााान में ग्राम उत्थान कार्यक्रम के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/20/2022-23**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in JPHCL of Government of Jharkhand and having the experience of similar nature of work for the work as given below :

| Sl. no. | Tender Ref.no. | Name of work | Estimated cost (Rupees) | Amount E.M.D. (Rupees) | Cost of BOQ (Rupees) (Non refundable). | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | JIIDCO/20/ Barrack/ manjhipada kunda/ 2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Manjhipada Piquet, kunda, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 02 | JIIDCO/20/ Barrack/ Ghorighat Piquet, Pratap-pur /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at I.R.B-03, B. Company, Ghorighat Piquet, Pratap-pur, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 03 | JIIDCO/20/ Barrack/ Pandeypura Piquet, Hunterganj /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at I.R.B-03, D. Company, Pandeypura Piquet, Hunterganj, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 04 | JIIDCO/20/ Barrack/ Gidhaur /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Gidhaur, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 05 | JIIDCO/20/ Barrack/ Lawalaung /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Lawalaung, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 06 | JIIDCO/20/ Barrack/ Simariya /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at I.R.B-03, A. Company, Simariya, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 07 | JIIDCO/20/ Barrack/ Itkhori /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Itkhori, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 08 | JIIDCO/17/ Officer Residence/ Itkhori /2022-23 | Construction of Officer Residence (20'-0" x 64'-0") at Itkhori, Distt- Chatra | 29,05,954.00 | 58,500.00 | 5,000.00 | 6 months |
| 09 | JIIDCO/20/ Barrack/ Police Center Chatra /2022-23 | Construction of Barrack (16'-0" x 64'-0") at Police Center Chatra, Distt- Chatra. | 25,64,619.00 | 51,500.00 | 5,000.00 | 6 months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 27.03.2023 To 29.03.2023
b. Tender will be received on 31.03.2023 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 31.03.2023 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.

**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.**

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**JIIDCO, Ranchi**

## स्पीड न्यूज

### रेलवे ट्रैक पर शव बरामद

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ स्थित टोरी-शिवपुर रेलखंड के ब्रिज नंबर 41 पोल संख्या 16/14,16/16 के पास गुरुवार सुबह में रेलवे ट्रैक के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव पाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मालगाड़ी के चालक ने उक्त शव को रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ देखा और इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना बालूमाथ पुलिस को दी। जिसके बाद बालूमाथ पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को बरामद कर लिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है की युवक रेलवे ट्रैक में बुधवार देर रात ही गिर गया होगा और सर में चोट लगने की वजह से वह वहां से उठ नहीं पाया। घंटों खून का रिसाव होने के कारण उसकी मौत हो गई होगी। उन्होंने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा की यह हत्या या कोई दुर्घटना।

### हाथियों ने 5 घरों को किया ध्वस्त

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती मरमर गांव में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात भी जंगली हाथियों के झुंड ने मरमर में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हथियो के झुंड ने 5 ग्रामीण प्रमोद गंझु, अर्जुन गंझु, रामा गंझु, मोहन लोहरा और बैजू मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने ग्रामीणों के साथ मुलाकात कर नुकसान से संबंधित जानकारी ली। कहा की वन विभाग कुशल टीम बुला कर जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाए। मुआवजा से काम नहीं चलेगा, घर के बदले हमलोग घर का मांग करेंगे। मांग करने वाले ग्रामीणों में मनोज मुंडा, टकलू गंझू, अर्जुन गंझु, बंधन मुंडा, सुनील गंझु, संकर गंझु, सोभरन गंझू, रमेश लोहरा, सूरजमनी देवी, मनिता देवी, मुनरी देवी व दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### अरहर की खेत मे लगी आग, 15 एकड़ में लगी फसल जलकर नष्ट

**चंदवा।** प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत रखात गांव में गुरुवार की दोपहर अरहर के खेत में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया व लगभग 15 एकड़ भूमि पर लगी अरहर की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों ने आगलगी की घटना के बाद आग पर काबू पाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे और जब तक आग पर काबू पाया जाता फसल जलकर नष्ट हो चुका था। घटना के बाद भुक्तभोगी किसान सितन सिंह, रामेश्वर सिंह, धनेश्वर साव, बीरबल साव, मुकेश साव, शंकर साव, अशोक यादव, अलखदेव सिंह व अन्य लोगो ने मामले को लेकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इन दिनों महुआ चुनने का समय चल रहा है। महुआ चुनने के लिए पेड़ के आसपास आग लगायी गयी होगी, जो बढ़कर खेतो तक पहुंच गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

### राम नवमी को लेकर बैठक संपन्न

➲ हर साल की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा: संजय साव

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम में रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बृहस्पतिवार को रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष संजय साव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राम नवमी पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान संजय साव ने कहा की हर साल की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही साथ रामनवमी का त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाने की बात कही। वही बैठक के दौरान उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि जुलूस के दौरान कोई भी लोग शराब पीकर ना आए अगर किसी के द्वारा उपद्र करते देखा गया तो वैसे लोगों पर समाज के द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही बैठक के दौरान ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से सचिव लालमोहन सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साव, उपाध्यक्ष ददन प्रसाद, सहयोगी में शंकर साव, विजय साव, मुंशी मिस्त्री, सत्येंद्र प्रसाद, रामविलास प्रसाद, राजेश प्रसाद, रामधनी प्रसाद, रामदेव मिस्त्री, दुलारो सिंह, पिंटू प्रसाद, श्यामलाल प्रसाद उर्फ पा कन्हाई सिंह, नंदलाल प्रसाद, कैलाश प्रजापति, सुरेश सिंह, सौरव कुमार गुप्ता, रामू प्रसाद को बनाया गया है।

### अंबेडकर जयंती की तैयारी पर बैठक



**बालूमाथ।** बालूमाथ हरिजन टोला में गुरुवार को कौलेश्वर राम के आवास में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक मे निर्णय लिया गया कि आगामी 143अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर का 132 वां जयंती मनाया जाएगा। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराने पर सहमति बनी जिसमें उत्तर प्रदेश के कलाकार सनोज त्यागी व वक्ता संतोष यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमिटी गठन किया गया। जिसमे प्रीतलाल यादव को अध्यक्ष, बीरेंद्र यादव, गोपाल राम, तुलसी राम, सुनील राम, बाबूलाल राम उपाध्यक्ष, सुरेश राम, दशरथ पासवान, दीपक यादव, जितेंद्र राम सचिव,संजय राम, कोषाध्यक्ष राजू राम, मनोज यादव, सुरेश राम, महेश राम, धर्मजीत भुईंया संरक्षक, राम कुमार भुईंया, संजय राम, अजित कुमार, अशोक कुमार को मीडिया प्रभारी, कौलेश्वर राम को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। कार्यकारी सदस्य के रूप में राजेश राम, ब्रह्देव राम, रवि यादव, गोविंद दास, अनिल कुमार, बसंत राम, अरुण राम, प्रदीप कुमार रवि को बनाया गया है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम ने चकला प्लांट में सीपीएल अधिकारियों से की पूछताछ

# मेनपावर कर्मचारी संघ की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** इन दिनों सुर्खियों में चल रहे चंदवा के बाना चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट में गुरुवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम पहुंची। टीम के साथ अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार उनके साथ थे। प्लांट पहुंचने के बाद टीम प्लांट हेड बीसी साहू व सीपीएल के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ मेन पॉवर कर्मचारी संघ की नई कमेटी के लोगो से घंटों पूछताछ की व रिपोर्ट भी तैयार किया। इस दौरान मेन पावर कर्मचारी संघ के लोगों ने अपनी समस्याओं को आयोग की टीम के समक्ष रखा। हालांकि मामले को लेकर पूछे जाने पर टीम में शामिल एसडीओ शेखर कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर वरीय अधिकारियों को समर्पित की जाएगी। मामले को लेकर मेन पावर कर्मचारी संघ के नई कमेटी के लोगों ने बताया कि मेनपावर कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण को लेकर उनके द्वारा आयोग से शिकायत की गई थी। कर्मचारियों ने बताया कि विकास के नाम पर उन्होंने अपना सब कुछ गंवा दिया है, प्लांट में वह 15 वर्षों से काम कर रहे हैं लेकिन अब तक उन्हें भविष्य निधि (पीएफ) का भी लाभ नहीं मिला है और ना ही उचित वेतन दिया जाता है। 58 वर्ष तक नौकरी देने की बात कह उन्हें रखा गया था, लेकिन प्लांट के स्क्रैप घोषित होने के बाद आज हम सभी कर्मचारियों का भविष्य गर्त में चला गया है। आयोग कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध उचित निर्णय ले व हम सभी को हक व अधिकार दिलाया जाए। बता दें कि चंदवा के बाना चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट का भविष्य गर्त में जाने के बाद बैंकर्स के कर्ज भुगतान को लेकर एनसीएलटी कोर्ट के द्वारा प्लांट को स्क्रैप घोषित कर परिसमापन की प्रक्रिया में डाल दिया गया है। जिसके बाद स्क्रैप कटिंग का काम जोरों से चल रहा है। एक चरण में स्क्रैप कटिंग का काम पूरा होने के बाद बीते दिनों दूसरे चरण में स्क्रैप कटिंग का बिड लेने कंपनी के अधिकारियों के द्वारा मेन पावर कर्मचारियों के साथ बैठक की थे। इसी दौरान मैन पावर कर्मचारियों के तीखे सवाल पूछे जाने के बाद मामला गरमा गया था व मामला झड़प से लेकर हाँथपाई तह पहुच गयी थी। जिसके बाद मामले को लेकर मैन पावर कर्मचारी संघ के द्वारा चंदवा थाना में 9 लोगों पर मामला भी दर्ज कराया गया था व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से भी इसकी शिकायत की गई थी।



जांच करने पहुंचे आयोग की टीम व एसडीओ।

# सरहुल व श्रीरामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

## एक दूसरे की भावना आहत न हो इसका सभी रखें ख्याल: अमित कुमार गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राजकीय सरहुल परब, श्रीरामनवमी पूजा महोत्सव को शांति और सौहार्द वातावरण बनाने को लेकर गुरुवार को चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व संचालन बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने कहा कि एक दूसरे की धार्मिक भावना आहत ना हो इसका ख्याल सभी को रखना है। राजकीय सरहुल परब, श्रीराम नवमी महोत्सव और रमजान का माह कुछ दिनों के अंतराल में है। इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रहे इसमें प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रबुध नागरिकों एवं सभी वर्ग के लोगों की सहभागिता बेहद जरूरी है। इस दौरान अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा कि अगर आपके आसपास अप्रिय घटना होती है, तो उसे सोशल मीडिया में डालने से पहले प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराएं ताकि सही समय पर करवाई हो व सामाजिक सद्भाव भी बनी रहे। बैठक में अधिकारियों ने समाज के हर वर्ग के लोगों से बड़ा दिल रख कर एक दूसरे के त्योहार में सहयोग करने की भी बात कही। अधिकारियों ने रामनवमी के पूर्व संध्या पर निकलने वाली बाइक जुलूस एवं रामनवमी के मौके पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी रामनवमी अखाड़ा समिति के लोगों से ली व रोड मैप की मांगा। वहीं चंदवा के प्रबुद्ध जनों ने त्योहारों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने, नशाखोरी पर रोक लगाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी अपनी बातों को रखा। मौके पर जिपस पति रोहित यादव, प्रमुख पति राजू उरांव, पंसस नीलम देवी, रामयश पाठक, धनेश्वर उरांव, राजकुमार साहू, राजकुमार पाठक, इंदु भूषण पाठक, सीत मोहन मुंडा, हाजी फिरोज अहमद, रवि डे, सत्येंद्र यादव, रामप्रवेश यादव, राम प्रसाद साहू, मो अब्दाल, इंद्रजीत शाह बंटी, मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, ललिता देवी, संगीता लकड़ा, जतरु मुंडा, सुख नारायण सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।



बैठक करते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## एक नजर में

### जुबली चौक अखाड़ा समिति की बैठक संपन्न सुनील शौंडिक बने अध्यक्ष



**लातेहार।** श्री राम नवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर जिला मुख्यालय के जुबली चौक अखाड़ा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार शौण्डिक को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर समिति का विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में मदन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, लव कुश प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, जगदीश प्रसाद और अनिल प्रसाद का चयन किया गया। वही अध्यक्ष सुनील शौंडिक को बनाया गया। उपाध्यक्ष के रूप में प्रदीप प्रसाद, जितेंद्र कुमार, दिलीप प्रसाद, नितेश कुमार, संजय कुमार, मुकेश कुमार, मंटू प्रसाद, ध्रुव कुमार और निर्दोष गुप्ता का चयन हुआ। वहीं सागर कुमार और प्रियतम कुमार को सचिव तथा रितेश कुमार, राजू कुमार और राकेश कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि सदस्य के रूप में शालू कुमार, शिवम कुमार, आनंद कुमार, फंटूश कुमार, पवन प्रसाद, अवध कुमार आदि शामिल हैं। मौके पर रामनवमी पूजा को लेकर कई निर्णय लिए गए। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि पूजा को पूरी तरह शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाया जाएगा। इस दौरान समिति का कोई भी सदस्य जुलूस में नशा पान करके शामिल नहीं होगा।

### विश्व हिंदू परिषद ने पनशाला का किया उद्घाटन




पनशाला का उद्घाटन करते विहिप के लोग।

**बालूमाथ।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद की बालूमाथ इकाई की ओर से गुरुवार को बालूमाथ थाना चौक में बढ़ती गर्मी को देखते हुए पनशाला का उद्घाटन किया गया। भाजपा नेता त्रिवेणी साव और समाजसेवी महेश्वर साव ने नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा-अर्चना कर पनशाला का उद्घाटन किया। मौके पर बोलते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री अरुण साव ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद की ओर से पनशाला का उद्घाटन किया जा रहा है। ताकि आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा पानी पीने को मिल सके। हमारे धर्म मे पानी पिलाना पुण्य का काम माना जाता है। आगे उन्होंने कहा कि सड़क किनारे तथा चौक-चौराहों पर राहगीरों के लिए पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण थाना चौक में पनशाला लगाया गया है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद गुप्ता, जिला जिला अखाड़ा प्रमुख उपेन्द्र रंगिला, जिला सह मंत्री आशिष ओझा, प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझू, शैलेश सिंह बजरंग दल संयोजक अनिल प्रजापति, आदित्य गोप, संदीप प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रामपुर स्थित ईंट भट्टे में जेएसजेएमएम संगठन के उग्रवादियों ने किया हमला



क्षतिग्रस्त जेसीबी।

➲ जेसीबी को किया क्षतिग्रस्त, मजदूरों के साथ की मारपीट

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के रामपुर बरेनी गांव स्थित गुप्ता ईंट भट्ठे में बीती रात बाइक से आए हथियारबंद उग्रवादियों ने जमकर तांडव मचाया। उग्रवादियों ने भट्ठा में खड़े एक जेसीबी को छतिग्रस्त कर दिया एवं भट्ठे में मौजूद मजदूरों के साथ मारपीट भी की। भट्ठा में धावा बोलने वाले अग्रवादी अपने आप को जेएसजेएमएम संगठन के उग्रवादी बता रहे थे व मजदूरों से भट्ठा मालिक का नम्बर मांग रहे थे। मजदूरों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद भट्ठा मालिक के द्वारा इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम दल बल के जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे। लेकिन तब तक उग्रवादी घटना को अंजाम देकर निकल चुके थे। हालांकि पुलिस के द्वारा उग्रवादियों की धरपकड़ को लेकर उनका पीछा भी किया गया लेकिन पुलिस को सफलता नही मिली। भट्ठा मालिक विजेंद्र साहू ने बताया कि एक दिन पूर्व ही राज किशोर नायक उर्फ ढेंचू के द्वारा लेवी को लेकर फोन पर धमकी दी गयी थी। दूसरे दिन उक्त घटना हो गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के बाद उग्रवादियों के धरपकड़ को लेकर पुलिस के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। घटना में संलिप्त उग्रवादी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होगा।

# रेलवे लाइन मुआवजा भुगतान के लिए 25 को शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार परियोजना टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन मे अधिग्रीहित ग्राम बनवार, अमरवाडीह फूलबसिया, चेडरा व मनातू के भू- रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु बारियातू अंचल कार्यालय मे 25 मार्च को शिविर का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए सीओ दीपाली भगत व सीआई सुरेश राम ने बताया की शिविर मे कार्यों का निष्पादन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की उपस्थिति मे की जाएगी। मुआवजा हेतु वंछित कागजात मे खतियान, केवाला का छाया प्रति, लगान रसीद, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, वंशावली,हाल का रंगीन दो फोटो, नोटिस के मूल प्रति के साथ 25 फरवरी को ग्यारह बजे तक बारियातू प्रखंड कार्यालय मे उपस्थित होने की अपील की है। ताकि जांचोपरान्त मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा सके। सम्बंधित क्षेत्र के बीससूत्री अध्यक्ष, जिप सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, ग्राम प्रधान, पंसस, मुखिया सहित अंचल कर्मियों तथा अन्य प्रतिनिधियों से प्रचार करने व मुआवजा दिलाने की कार्यों मे सहयोग करने का आग्रह किया है। साथ ही बताया की फूलबसिया उर्फ अमरवाडीह जगत पाहन पिता धूजन पाहन, बालदेव पाहन पिता मंगल पाहन, विपत गंझु, सुखदेव साव, पिता इन्द्रजीत साव, हबीब मिंया वगैरह, सुगन गंझु, गंसी गंझु, पिता थोपा गंझु, दसनी कुंवर पति बोखर गंझु वैगरह, चोराटी गंझु वैगरह, सीताराम पांडेय, पिता लक्ष्मण पांडेय, चमन गंझु, पिता भूलू गंझु मो असगर वैरह, पिता जलीलउद्दीन, श्यामलाल उरांव पिता वीरू उरांव, सोमनाथ गंझु पिता बखोरी गंझु, ग्राम बनवार के झरी गंझु पिता भुखल गंझु, सोमर गंझु वैगरह,ग्राम चेडरा देशी उरांव पिता बूदा उरांव वगैरह, देवा उरांव पिता ठुपा उरांव, बालो गंझु पिता स्व बिगन गंझु, महाबीर गंझु पिता लोधर गंझु, देवा उरांव पिता ठुपा उरांव ग्राम मनातू से महाबीर गंझु पिता रौनाथ गंझु सभी बीस लोगो को ससमय निर्धारित तिथि पर आने की अपील की गई है। उपस्थित नहीं होने पर समय बीत जाने के बाद इसकी पूरी जवाब देही सम्बंधित ग्राम के भू- रैयतों की होगी।

## सिंह ठोकवा नदी में पुल नहीं होने के कारण बरसात में जान जोखिम में डालकर नदी पार करते है ग्रामीण

### बरसात के दिनों में पूरे उफान पर रहती है नदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र चुंगरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह से हेहेगड़ा गांव और रेलवे स्टेशन जाने के बीच में पड़ने वाली सिंहठोकवा नदी पर पुल नही होने के कारण ग्रामीणों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। बरसात के दिनों में लोग जान जोखिम में डाल कर नदी को पार करते है। इस नदी के दोनों ओर घनी आबादी वाले कई गांव है। जो बरसात में मुख्यालय से कट जाता है। ग्रामीणों के अनुसार हर बार जनप्रतिनिधियों द्वारा नदी के उपर पुल निर्माण करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन आज तक पुल के निर्माण का उनका सपना अधूरा ही है। यहीं नहीं ग्रामीणों में विभागीय अफसरों के खिलाफ भी जमकर नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों को विभागीय पदाधिकारी व क्षेत्रीय विधायक के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों से सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अब बरसात आने वाली है। बरसात आते ही हम लोग को समस्या में समस्या बढ़ जाती है। हम लोगों को स्वास्थ्य संबधित किसी प्रकार की समस्या होने पर यहां तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाता है। जान हथेली पर रखकर लोग ईश्वर का स्मरण करते हुए नदी पार करते हैं। जबकि गांव के पास गुजरने वाली नदी बरसात के दिनों में अपने पूरे उफान पर रहती है। ऐसे में गांव का अन्य गांवों से पूरी तरह से संपर्क टूट जाता है। नदी में पानी कम होने के बावजूद नदी पर दो माह तक पानी बहता रहता है। ऐसे में दुपहिया वाहन लेकर चलना भी मुश्किल हो जाता है ।ग्रामीणों ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से नदी पर जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है।



पुल बनाने की वर्षो से उठ रही है मांग।

# बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित बबन पासवान के आवास पर गढ़वा, पलामू, लातेहार के पासवान समाज के लोग एकत्रित होकर झारखंड सरकार से लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने का मांग किया है। मौके पर उपस्थित पासवान समाज के संरक्षक सुरेंद्र पासवान ने कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार के कैबिनेट में अनुसूचित जाति का एक भी मंत्री नहीं है झारखंड में अनुसूचित जाति का 12 प्रतिशत आबादी है लेकिन एक भी मंत्री नहीं है झारखंड सरकार में सत्यानंद भोक्ता को अनुसूचित जाति कोटा से मंत्री बनाया गया था लेकिन श्री भोक्ता आदिवासी हो गए हैं। इसीलिए झारखंड सरकार से मांग करता हूं कि अनुसूचित जाति रिजर्व क्षेत्र से चुनाव जीतकर आए लातेहार के विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाया जाए। श्री राम को मंत्री बनने से पासवान समाज एवं अनुसूचित जाति समाज को सरकार की ओर से मान सम्मान प्राप्त होगी। मौके पर गढ़वा पासवान समाज के रविंद्र पासवान,रामचंद्र पासवान, जयराम पासवान, पलामू के रंजीत पासवान, मनिका के विश्वनाथ पासवान, राजदेव पासवान, बबन पासवान, चंदन पासवान, मिथिलेश पासवान, अखिलेश पासवान, समेत कई लोग उपस्थित थे।



मंत्री बनाने का मांग करते पासवान समाज के लोग।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक आयोजित

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चिकित्सक डॉ. सुरेश राम ने कहा कि जिला उपायुक्त के निदेर्शानुसार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आगामी 25 मार्च को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। वही 27 मार्च को हेरहंज एवं 29 मार्च को बारियातू प्रखंड में आयोजित की जाएगी। इस स्वास्थ्य मेला में जिला के कई रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे एवं स्वास्थ्य मेला में आने वाले मरीजों को निःशुल्क ईलाज एवं निःशुल्क दवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में कई तरह की जांच भी निःशुल्क किया जाएगा। बारियातू प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला का प्रचार प्रसार वाहन के माध्यम से किया जाएगा एवं सहिया व आंगनबाड़ी सेविका को प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाने की जिम्मेदारी दी गई है। वही हेरहंज प्रखंड के प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी ने अपील करते हुए कहा कि इस स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने में आप लोग अपना सहयोग दे। इस मौके पर हेरहंज प्रखंड उप प्रमुख विजय उरांव, निशा सहदेव, कामेश्वर राम, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, कामनी ठाकुर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता, मृत्युंजय कुमार, स्वास्थ्य कर्मी अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# मनिका प्रखंड में रामनवमी एवं सरहुल को लेकर बैठक

## फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, इत्यादि सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

➲ डीएसपी एवं बीडीओ ने सरहुल गीत गाकर लोगों का बढ़ाया उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में श्री राम नवमी पर्व एवं सरहुल पूजा मनाने को लेकर दिन गुरुवार को मनिका थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी दिल्लू लोहरा ने किया। बैठक के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों में श्री राम नवमी पर्व को लेकर अखाड़ों एवं जुलूस के विषय में जानकारी लिया गया। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से सरहुल पूजा एवं श्री राम नवमी पर्व को संपन्न करवाने का आग्रह किया। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी कमेटी के द्वारा जुलूस निकाले जाते हैं वे सभी अपना लाइसेंस, आवेदन और सदस्यों का नाम थाना में लाकर जमा करें। जिनके पास लाइसेंस नहीं है वे लाइसेंस के लिए एसडीओ ऑफिस में आवेदन दें ताकि समय रहते हैं उन्हें लाइसेंस दिया जा सके। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान अश्लील गाना एवं भड़काऊ भाषण बजाने पर प्रतिबंध रहेगा अगर किसी भी कमेटी या डीजे संचालक के द्वारा शांति व्यवस्था को भंग करने का काम किया गया तो उन्हें चिन्हित कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब इत्यादि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहीं बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने लोगों को संबोधित किया। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा एवं बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने सरहुल गीत गाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया और उपस्थित सभी लोगों को सरहुल पर्व एवं रामनवमी की शुभकामनाएं दी। मौके पर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, समाजसेवी बल्ली यादव, राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, मिथिलेश पासवान, गंगेश्वर यादव, राजदेव राम, विनोद यादव, माया रानी देवी, उमेश यादव, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, धर्मजीत राय, थाना एसआई राजकुमार तिगा, अख्तर अंसारी, सिंजो ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, मनिका ग्राम प्रधान भरत प्रसाद, अमरेंद्र यादव, हैदर अंसारी, अरुण सिंह, कयूम अंसारी, प्रमोद राम, सुदेश्वर सिंह, वृंद बिहारी यादव अनिल पासवान समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

# चाल धंसने से चार की मौत

## अवैध ढंग से कोयले का कर रहे थे उत्खनन, आधिकारिक पुष्टि नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद जिले में कोयला का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन अवैध उत्खनन को लेकर आपसी झड़प एवं चाल धंसने की घटना घट रही है। जहां एक और अवैध उत्खनन के कारण बिहारी मजदूरों की असमय मौत हो रही है वहीं दूसरी ओर बीसीसीएल के अधिकारी सीआईएसएफ और पुलिस की मिलीभगत से सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है। गुरुवार को अहले सुबह 5.30 बजे बाघमारा अनुमंडल के तेतुलमारी थाना क्षेत्र में बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के अंतर्गत चलने वाले बीएस आउटसोर्सिंग में अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसने से 4 लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि घटना के आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।लेकिन सूत्रों के अनुसार बेजकाताड़ के राजेन्द्र महतो, टीलाताड़ के मीणा देवी, नागरीकला के कर्ण रवानी की मौत चाल धंसने से हुई है। इसके अलावे आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिसकापास के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना घटने के बाद बीएस आउटसोर्सिंग में अफरा-तफरी का माहौल हो गया घटना की सूचना मिलने के बाद भी घंटो तक पुलिस नहीं पहुंची। में कई लोग घायल भी हैं जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

## छात्र की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा, लाठीचार्ज



**धनबाद।** गुरुवार को धनबाद के पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में इलाज के दौरान छात्र रोशन कुमार महतो की मौत हो गई। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन एवं परिजनों में जमकर हंगामा हुआ । मारपीट हुई। मारपीट की स्थिति को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।मृतक रोशन के पिता रणधीर महतों ने बताया कि उनका पुत्र का एक्सीडेंट हुआ था। जिसके बाद उसे पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने बताया कि गुरुवार 11C00 दिन तक रोशन की स्थिति बिल्कुल स्थिर थी। लेकिन मुह से खाना नहीं खा पाने के कारण 55 सौ रुपए का सामान मंगाया गया। जिसके बाद उसका सीटी स्कैन करने के लिए ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है वह घटना के बाद परिजन थाना में आवेदन देने की तैयारी कर रहे हैं इस घटना के बाद मृतक छात्र के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## राहुल चौक पर सड़क दुर्घटना में हाइवा के उड़े परखच्चे, खलासी घायल

**कतरास।** नेशनल हाईवे 32 आकाश किनारी से लेकर कांको मठ तक आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घट रही है। लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई लोगों की जान भी जा चुकी है। सड़क बनाने वाली कंपनी अशोका बिल्डकॉन ने जैसे-तैसे सड़क का निर्माण कर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को हैंड ओवर कर दिया है। बताते चलें कि सड़क बनाने वाली कंपनी अशोका बिल्डकॉन के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने के कारण सड़क बनने से पहले ही कई जगह फट गई है। अभी तक सड़क में लाइट नहीं लगा है जबकि प्रत्येक दिन इस सड़क पर 100 किलोमीटर रफ्तार की से गाड़ियां दौड़ती है अंधेरा होने के कारण भी दुर्घटना घट रही है। सबसे ज्यादा खतरा कतरास कॉलेज के पास भगत सिंह चौक के पास एवं राहुल चौक के पास है बताते चले कि बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू के सहयोग से बैरकटिंग की व्यवस्था राहुल चौक पर की गई है लेकिन इस बैरिकेडिंग से भी दुर्घटना में कमी नहीं हो रही है। गुरुवार अहले सुबह 4:30 बजे राहुल चौक में कोयला लोड एक हाईवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें हाइवा खलासी राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

# भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने देवी दुर्गा मंडप में टेका मत्था

## लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की



खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** चैत नवरात्र को लेकर 22 मार्च से कलश स्थापना के साथ ही देवी दुर्गा का नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया। भागा गाड़ीबान पट्टी छठ तालाब स्थित दुर्गा मंदिर में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने पूजा आराधना कर परिवार व समस्त कोयलांचल वासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। रागिनी सिंह ने कहा कि मां दुर्गा की विधिपूर्वक आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं व वह पाप मुक्त हो जाता हैं. मौके पर उमेश यादव, अरुण साव, श्रवण राम, मनोज प्रसाद, जितेंद्र राम, राजेश यादव, गुड्डू, मोनू सिंह, अखिलेश सिंह, छोटू सिंह, रघु राम, राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### दंडाधिकारी ने की राशन दुकान की जांच

**बोकारो/कसमार।** फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामल झा के पीडीएस दुकान की जांच जिले की आवासीय दंडाधिकारी मनीषा वत्स ने की। इस दौरान दंडाधिकारी ने रजिस्टर पंजीए स्टाक पंजी सहित अन्य पंजियो की जानकारी ली। दंडाधिकारी ने लाभुकों से भी जानकारी ली। बताया गया कि लाभुकों की शिकायत के बाद पीडीएस दुकान की जांच की गई है। जांच के दौरान लाभुकों से भी खाद्यान्न की जानकारी ली गई। लाभुकों ने बताया कि खाद्यान्न में कटौती नहीं की जाती है। ससमय सभी को अनाज का वितरण किया जाता है। मौके पर जनसेवक राजकिशोर मिश्राए हरेंद्र कुमार सहित अन्य लाभुक मौजूद थे।

### बीएसएल के सिंटर प्लांट में कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग में श्कार्यस्थल पर कार्मिकश नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक बी के बेहराए उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह सहित सिंटर प्लांट के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह द्वारा प्रतिभागियों को एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अनुकम्पा पर नियोजनए मेडिकल इनवेलिडेशन एवं ईएफबीएस स्कीम की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रवीण कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### शहीदे आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मना

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के माकपा कार्यालय में माकपा लोकल कमिटी के सचिव सह जिला सचिव मंडल सदस्य काण शकूर अंसारी ने शहीदे आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि भगत सिंह ने गुलाम भारत की सोई हुई जनता को जगाने के लिए ही फांसी के फंदे को चुना था। मौके पर इमामुल हुसैनए उमाशंकर महाराजए जटावीर सिंहए मुमताज अंसारीए इरफान अंसारीए सहबान अंसारीए जमाल खांए सगीर अंसारीए विनोद चन्द्र मुखर्जीए शरीफ अंसारीए सलीम अंसारी आदि कई लोग मौजूद थे।

### ढोरी जीएम ने 20 कामगारों को किया सम्मानित

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के सीसीएल ढोरी एरिया के अंतर्गत खास ढोरी के 7.8 इंक्लिन में गुरुवार को महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने बेहतर काम करने वाले 20 कामगारों को पुरस्कृत किया। कहा कि 2022.23 का कोयला उत्पादन का लक्ष्य 42 लाख है। इसे सभी को मिलकर हर हाल पूरा करना है। कहा कि कोल इंडिया सहित ढोरी क्षेत्र लगातार प्रगति की और अग्रसर है। इसमें कामगारों, अधिकारियों का भी अहम योगदान है। कहा कि लक्ष्य हासिल करेंगे। प्रबंधन मजदूर सुविधाओं के लिए दृढ़ संकल्पित है। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमारए पीओ रंजीत कुमारए मैनेजर मृत्युंजय कुमार, एसओसी उज्जवल कुमार, एएफएम राजीव कुमार, सेफ्टी ऑफिसर अक्षय लाल यादव आदि मौजूद थे।

## फुसरो नगर परिषद के 16 गांवों को पंचायत में शामिल करने की मांग पर आंदोलन होगा तेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र से 16 गांवों को अलग कर पंचायत में शामिल करने की मांग को लेकर आजसू के केंद्रीय सचिव संतोष कुमार महतो ने गुरुवार को करगली गेट सित आजसु कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेस कियाण यहाँ उन्होने कहा कि फुसरो नप क्षेत्र के घुटियाटांड़ बस्तीए कदमाडीह बस्तीए कारो बस्तीए ताराबेड़ा बस्तीए बंदुकबेड़ा बस्तीए अमलो बस्तीए सिंगारबेड़ा बस्तीए मधुकनारी बस्तीए भेड़मुक्का बस्तीए रेहवाघाट बस्तीए बड़कीटांड बस्तीए बालूबैंकर बस्तीए ढोरी बस्ती सोतारडीहए राजाबेड़ा बस्ती, भलचौथी बस्ती, कारीपानी बस्ती फुसरो शहर से लगभग दो-तीन किमी की दूरी पर है। इन ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी तरह की बुनियादी सुविधा पेयजल व्यवस्थाए सड़क आदि नगर परिषद द्वारा नहीं दी गयी हैण आजादी के 70 साल के बाद भी यहां के लोग पेयजल के लिए दामोदर नदी व नाला के प्रदूषित जल पर ही आश्रित रहते हैं।

## धनबाद में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन धनबाद पहुंचे। इस दौरान पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राज्यपाल धनबाद परिसदन पहुंचे। जहां उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह व वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात महामहिम राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन को धनबाद परिसदन परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, अपर जिला दंडाधिकारी कमलाकांत गुप्ता, जिला वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री कुमार बंधु कच्चछप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर कुमार पांडेय, डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बोकारो नराकास की उप समिति की बैठक

**बोकारो।** बोकारो नराकास के सदस्य सचिव एन ए सैफी की अध्यक्षता में नराकास उप समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें डीजीएम यू के सिंहए बीएसएल के राजभाषा अधिकारी शशांक शेखरए बैंक ऑफ इंडिया के वरीय प्रबंधक चन्दन कुमार, एसआरयू के एस कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के विकास कुमारए ओएनजीसी के एस शेखरए एफएसएनएल के अतुल सिंह सहित बोकारो नराकास के अन्य संगठनो के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। शशांक शेखर ने सभी का स्वागत करते हुए नराकास की तिमाही रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की साथ ही राजभाषा की ऑनलाइन रिपोर्ट भरने की जानकारी दी।

## एलआईसी के आधुनिक भवन का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) के हजारीबाग मंडल की आधुनिकृत भवन सिन्दरी शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि एलआइसी के पटना जोन के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को फीता काटकर किया। उन्होंने शीलापट्ट का उद्घाटन करते हुए कस्टमर फ्रेंडली बनने के लिए एलआइसी अभिकताओं को शुभकामना दी एवं लक्ष्य हासिल करने के लिए उनमें जोश भी भरा। मुख्य अतिथि पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय पटना के जोनल मैनेजर श्री श्रवण कुमार के साथ विशिष्ट पदाधिकारियों में पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य अभियंता श्री बलिराम बी जाधव, प्रादेशिक प्रबंधक श्री एन एस रावत व हजारीबाग मंडल प्रबंधक श्री मुकेश कुमार शामिल थे। इस अवसर पर विशिष्ट पदाधिकारियों ने अशोक के वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उद्घाटन समारोह में सिन्दरी शाखा में पहली बार आए जोनल मैनेजर का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया और पंडित अश्विनी कुमार ने विधिवत पूजन कराया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर व नारियल फोड़कर शाखा की नये सिरे से शुरूआत की। उन्होंने कस्टमर फ्रेंडली बने शाखा का निरीक्षण भी किया और अभिकताओं व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। एलआइसी सिन्दरी शाखा प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बीमा कंपनियों के राष्ट्रीयकरण वर्ष 1956 में स्थापित सिंदरी शाखा का आधुनिकीकरण 67 वर्षों बाद किया गया है।



### समारोह में थे मौजूद

समारोह में एलआइसी सिन्दरी शाखा प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार पाठक, प्रशासनिक पदाधिकारी रीता तिर्की, रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार, केश्वर बैठा, शिव शंकर सिन्हा, अविनाश कुमार, विकास पदाधिकारी श्याम बिहारी पाठक, रूपेश कुमार, ओम प्रकाश शामिल थे।

## बीजीएच के चिकित्सकों को मिले कई पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड नेत्र रोग सोसायटी द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन में द्वितीय वर्ष डीएनबी डॉ शीतला को डॉ वीएस गुप्ता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। पीजी शिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बीजीएच को उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया एवं एचओडी नेत्र रोग में अनुकरणीय भूमिका के लिए डॉ सोफिया अहमद को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पटना में आयोजित मध्यावधि अखिल भारतीय सम्मेलन में डॉण दीप्ति पी एक्काए सलाहकार नेत्र रोग एवं डॉ ऐश्वर्या मोहंती तृतीय वर्ष को डीएनबी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत करने के लिए के लिए दो पुरस्कार दिए गए। चिकित्सकों की इस उपलब्धि पर सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




## पेज तीन का शेष

### 1932 से हटने का...

**तीन साल में सरकार के काम बेहतरीन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संकट के बावजूद हमारी सरकार ने तीन साल में बेहतरीन कार्य किये। 10,00,000 किसानों को ऋण उपलब्ध कराया। महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों, अनुबंध कर्मियों, दिहाड़ी मजदूरों की बच्चियों को हम लोगों ने लाभ देने का काम किया है। अब तो जीएसटी की ऐसी व्यवस्था आ गयी है, जब तक केंद्र सरकार की कृपा नहीं बरसेगी, तब तक कोई काम कर नहीं पायेंगे। राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू की गयी है। पूरे भारत में झारखंड सरकार ने ही पुरानी पेंशन योजना देने का काम किया है। हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं कि हम रेवड़िया बांटते हैं। गरीबों को सम्मान देना, गरीबों को हक के लिए लड़ना रेवड़ी बांटना नहीं होता है। झारखंड ऐसा राज्य है, जिसके बच्चे विदेश में पढ़ने जाते हैं। जिन्हें हंड्रेड परसेंट स्कॉलरशिप देने का काम किया जाता है। इसे दूसरे राज्य की सरकार भी लागू कर रही है। हमारे राज्य में जो भी कानून बनाता है उसे दूसरे राज्य अपनाते हैं। मजदूरों के लिये जो लोग बाहर जाकर के काम करते हैं उसे पूरा देश देख रहा है।

**अपना हक मांगते हैं तो भाजपा विरोध करती है :** भाजपा ने 20 सालों में कभी भी तपोवन मंदिर का काम नहीं किया। हमारी सरकार ने ही तपोवन मंदिर का जीर्णोद्धार किया है। भाजपा सिर्फ हिंदुओं का वोट बटोरने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हम 100 प्रतिशत लोगों को नौकरी देने की व्यवस्था करते हैं तो भाजपा के लोग ही विरोध करते हैं। जब हम केंद्र से अपना हक अधिकार मांगते हैं तो यही भाजपा के लोग विरोध करते हैं। भाजपा लगातार आचरण बदलती रहती हैं। भाजपा के लोग यह बतायें कि गरीब वर्गों के लिए क्या किया है, रोजगार के लिए क्या किया है। यही लोग कहते थे कि गरीब लोग हवाई चप्पल पहन कर के हवाई जहाज में सफर करेंगे। इन लोगों की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। केंद्र सरकार की नीतियां भी लगातार कमजोर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में तीन-चार व्यापारी ही देश के विधान हो गये हैं। उन्हीं के पास सब कुछ रह गया है बाकी सभी लोग हाशिये पर चले गये हैं। भाजपा के कार्यकाल में 12,000 से ज्यादा व्यापारियों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने कहा कि लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन कंपनी का क्या हाल हो गया। लोगों पर लाठी मारने का काम भाजपा सरकार ने किया है। विद्यालय भी भाजपा ने बंद कराया। गरीबों का निवाला भी भाजपा सरकार ने खाया। गरीबों का कंबल भाजपा ने लूटा। एक 11 लाख राशन कार्ड भाजपा ने रद्द कराया है सीएनटी एसपीटी एक्ट को भाजपा ने कमजोर कराया। हाथी उड़ाने का प्लान भी भाजपा ने बनाया था। सीपी सिंह ने हरमू नदी को हरमू नाला बना दिया। ऐसा न हो कि मदर ऑफ डेमोक्रेसी को फादर ऑफ पावर कुचल दे। सीएम ने कहा कि भाजपा की नीतियों से आज देश को शर्मसार होना पड़ रहा है। ये लोग देश की जमापूंजी डुबाने में लगे हैं। कुछ दिन पहले राज्य में गृहमंत्री और कई मंत्री आये। उन्होंने यहां अपनी योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास किया, लेकिन राज्य सरकार को नहीं पूछा। आज भी केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम था। प्रोटोकॉल के मुताबिक मंत्री को जहां आगे होना चाहिए था, पर वह नीचे हैं। भाजपा के सदस्य आगे हैं। भाजपा सांसद दीपिका पर कितनी भद्दी टिप्पणी करते हैं। महिलाओं के प्रति इनका जो नजरिया है वो दिख रहा है। विपक्ष के लोग राज्य को चारागाह के रूप में देखते हैं।

### विधानसभा घेरने जा...

पत्थरबाजी में दर्जनों पुलिसकर्मी चोटिल हो गये। आंदोलनकारी छात्रों को पुलिस ने दौड़ा- दौड़ा कर पीटा। दर्जनों छात्र जख्मी है। किसी का सिर फूटा तो किसी का टखना। इस पर भी आंदोलनकारी छात्र डटे रहे। अंततः पुलिस को अश्रु गैस के गोले दागने पड़े। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक आंदोलनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है। इससे पहले छात्रों ने विधानसभा सत्र में भाग लेने जा रहे पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के काफिले पर बोतल फेंक दी। हालांकि, इसमें मंत्री बाल-बाल बच गये। देर शाम जगन्नाथपुर थाना में नामजद समेत 500 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। **शहीद मैदान में जुटे थे आंदोलनकारी :** पांच सौ से भी अधिक की संख्या में विधानसभा घेरने निकले छात्रों का जामावड़ा शहीद मैदान में लगा था। मंत्री का काफिला गुजरने के पहले मुख्यमंत्री का काफिला भी उधर से ही गुजरा। तब तक छात्र आंदोलित नहीं हुए थे। सरकार ने 60:40 के नियोजन नीति के बाद जारी रोस्टर में कई जिलों से ओबीसी आरक्षण को हटाने छात्र नाराज हैं। वे लगातार कई दिनों से सड़कों पर आंदोलनरत हैं। इससे पूर्व छात्र संगठनों ने 20 मार्च को भी विधानसभा घेरने का कार्यक्रम बनाया था, तब ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से वार्ता होने के बाद घेराव स्थगित कर दिया था। 22 मार्च को मोरहाबादी मैदान में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में घेराव कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया था।

### अमेरिका से अच्छी...

श्री गडकरी ने कहा कि बिरसा की धरती पर सही से संसाधनों के उपयोग, सबका साथ, सबका विश्वास के मंत्र से यह राज्य आगे बढेगा। पिछले 60-70 सालों में जो विकास के काम नहीं हुए, वे 2014 के बाद रफ्तार से हो रहे हैं। यह मोदी नहीं, यहां की जनता के भरोसे से हो रहा है। उन्होंने कोयले के उपयोग से हाइड्रोजन तैयार करने की अपील की है। कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन ही भविष्य है। आनेवाले समय में गाडियां भी इसी से चलेंगी। बायो इथिनॉल से भी यहां के किसान और युवा लाभान्वित हो सकते हैं। प्रदूषण की समस्या से भी निजात मिलेगी। मौके पर भाजपा के तमाम नेता व एनएचएआई के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## तेनुघाट जलाशय में 2.80 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट।** रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो जिले के तेनुघाट जलाशय में लगभग दो लाख अस्सी हजार मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन किया गया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मोहन नायक ने कहां की मत्स्य पालन से जलाशय के कई विस्थापितों को रोजगार मिला है। साथ ही उन्होंने कहां की तेनुघाट जलाशय निर्माण के मुख्य उद्देश्य मत्स्य रोजगार को बढ़ावा देने के साथ साथ किसानों को सिंचाई में भी सुविधा पहुँचाना है।उन्होंने कहा कि विधायक डॉ लम्बोदर महतो का लगातार प्रयास है कि तेनुघाट जलाशय मत्स्य रोजगार के लिए एक हब बनकर उभरेएइसके लिए वह लगातार प्रयासरत है। जल्द मुख्यमंत्री से मिल इसपर भी पहल करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन से जलाशय में मत्स्य उत्पादन में बढोतरी होती है।



## भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का शहादत दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** मासस छाताटांड अंचल कार्यालय, केन्दुआ मे अंचल अध्यक्ष कॉ राकेश सिंह की अध्यक्षता मे शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का सहादत दिवस मनाया गया एंव चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि के रूप मे मासस महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष एवं वार्ड 10 के पूर्व पार्षद कॉ देवाशीष पासवान उपस्थित हुए। श्री पासवान ने कहा की शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु देश की आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया।अंग्रेज उनके क्रान्तिकारी आंदोलन को देखते हुए घबरा गए। महानगर सचिव कॉ विजय पासवान ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह एंव बटुकेश्वर दत्त ने एसेम्बली मे बम विस्फोट कर गिरफ्तारी दी एंव पूरे देश को आजादी आजादी के लडाई मे आगे आने को प्रेरित किया।जिससे अंग्रेजी हुकूमत के दांत खट्टे हुए और शहीदे ए आजम भगत सिंह, सुखदेव एंव राजगुरु को अंग्रेजो ने फांसी दी गई। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला के नेता नरेश पासवान, सुखदेव पासवान, भोला ताम्रकार, चन्द्र मोली पांडे, अरविंद तिवारी,सुरेश पासवान, रियाज अंसारी,औरंगजेब खान, मनोज वर्मा, उमेश पासवान शामिल थे।

### राजद कार्यालय में मनी डॉ लोहिया की जयंती

**सिंदरी।** राष्ट्रीय जनता दल धनबाद जिला कार्यालय सिन्दरी में गुरुवार को जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव की अध्यक्षता में भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता डॉ राम मनोहर लोहिया की 113 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर स्वतन्त्रता संग्राम के वीर अमर शहीदों शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को भी याद करते हुए बलिदान दिवस पर नमन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्व राम मनोहर लोहिया के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की जरुरत है। समाज सेवा में लोहिया जी के आदर्शों पर चलते हुए जननायक कपूरी ठाकुर व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने गरीबों के कई काम किये।

# रामनवमी में डीजे और अश्लील गाना बजाने पर रोक

## रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। रामनवमी को लेकर गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी अखाड़ा दल रामनवमी त्योहार की गरिमा को बरकरार रख हर्षोल्लास पूर्वक त्यौहार मनाए। उन्होंने सभी अखाड़ा दल से खतरनाक खेल से परहेज करने की अपील की। साथ ही जिस स्थान पर अखाड़ा दल इकट्ठा होते हैं वहां सीसीटीवी कैमरा लगाने का तथा पुलिस प्रशासन की टीम को सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि त्योहार के दरमियान सामान्य वॉल्यूम पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर सकते हैं परंतु अत्याधिक वॉल्यूम के साथ डीजे बॉक्स बजाने व अश्लील गाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने यह संदेश डीजे संचालकों को देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा राम नवमी के अवसर पर किसी भी अखाड़ा दल को नए रूट पर चलने की अनुमति नहीं मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति के सदस्यों को जिला स्तरीय पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा। स्वयंसेवकों को सभी आवश्यक कांटेक्ट नंबर और पहचान पत्र भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### अफवाहन की जानकारी थाना को दें

उपायुक्त ने कहा सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित थाना को सूचित करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध आईटी एवं आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगा।

### ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

मौके पर एसएसपी संजीव कुमार ने कहा कि वैमनस्य का माहौल उत्पन्न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर जुलूस में पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। एक वीडियोग्राफर भी रहेगा। कुछ क्षेत्रों में ड्रोन एवं सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।

### शांति समिति की बैठक में थे शामिल

बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, एसएसपी संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमला कांत गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवाल, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, चिरकुंडा नगर पर्षद अध्यक्ष डबलु बाउरी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविन्द कुमार बिन्हा, डीएसपी मुख्यालय एक श्री अमर कुमार पांडेय, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी बीडीओ सहित विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## कसमार: रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**बोकारो/कसमार।** रामनवमी को लेकर कसमार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत प्रतिनिधियों और दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व संचालन छोगालाल सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारीए प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारीए अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्लाए बीडीओ विजय कुमारए थाना प्रभारी उज्जवल पाण्डेयए 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## छत्तीसगढ़ में पांच नक्सली गिरफ्तार

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के बाद पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के एराबीर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोत्तालेण्ड्रा के जंगल सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी का दल कोत्तालेण्ड्रा गांव के जंगल के पास मौजूद है। यह दल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की कोशिश में है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना के बाद सुरक्षा बलों को जंगल की ओर रवाना किया गया। जब यह दल सुबह लगभग 11.30 बजे कोत्तालेण्ड्रा के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां से पांच नक्सलियों को पकड़ा।

## पूर्णागिरी मेले में बस से कुचलकर पांच मरे

**चंपावत /देहरादून।** उत्तराखंड के चंपावत जिले के टनकपुर क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि के पर्व पर मां पूर्णागिरि मेले में आए उत्तर प्रदेश के पांच श्रद्धालुओं की बृहस्पतिवार को एक बस के पहियों से कुचल जाने के कारण मृत्यु हो गयी। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।हादसे में पांच अन्य लोग घायल भी हो गए जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया है।

## कोलकाता में 25 से बिम्स्टेक की बैठक

**कोलकाता।** बिम्स्टेक का दो दिवसीय मंत्रीस्तरीय सम्मेलन 25 मार्च से कोलकाता में होने वाला है जिसमें जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा होगी। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्नीकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (बिम्स्टेक) के सात सदस्यों के बीच क्षेत्रीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे जिससे भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों की रूपरेखा तैयार होगी।

## अमन मालड़ी गिरोह के सात गुर्गे गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण की विशेष पुलिस टीम ने नकोदर क्षेत्र के आसपास भय का माहौल बनाकर रंगदारी वसूलने वाले अमन मालड़ी गिरोह के सात गुर्गों को 25 लाख रुपये रंगदारी सहित गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी (देहात) स्वर्णदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को नकोदर इलाके में भय का माहौल बनाकर फिरौती लेने की खुफिया शिकायतें मिल रही थीं।

## अमृतपाल सिंह को शरण देनेवाली महिला गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर कट्टर अलगाववादी अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगी पपलप्रीत सिंह को कुरुक्षेत्र जिले में अपने घर में शरण दी थी। पुलिस ने बताया कि महिला को शाहबाद इलाके से गिरफ्तार किया गया। कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुरिंदर सिंह भोरिया ने बताया कि हमने रविवार को शाहबाद में अपने घर पर अमृतपाल और उसके सहयोगी पपलप्रीत सिंह को शरण देने वाली महिला बलजीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है।

## रिश्वतखोरी में रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने मध्य प्रदेश के कटनी में पश्चिम मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर को एक व्यवसायी से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। इंजीनियर एस के. सिंह पर भ्रष्टाचार के आरोप में एक शिकायत के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बहुविवाह व निकाह-हलाला मामले में फिर होगी सुनवाई

### सुप्रीम कोर्ट पांच न्यायाधीशों की नयी संविधान पीठ करेगा गठित



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन सही समय पर करेगा।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ से वकील अश्विनी उपाध्याय ने मामले पर नई संविधान पीठ के गठन का अनुरोध किया है। अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर की गई जनहित याचिका में कहा गया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-494 बहुविवाह, हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे खत्म किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इस पर गौर करूंगा। सही समय पर मैं संविधान पीठ का गठन करूंगा। पिछली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने गत 30 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग , राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को जनहित याचिकाओं में पक्षकार बनाया था और उनसे जवाब मांगा था। तत्कालीन संविधान पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति बनर्जी कर रही थीं और न्यायमूर्ति गुप्ता, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया इसमें शामिल थे। हालांकि, न्यायमूर्ति बनर्जी और न्यायमूर्ति गुप्ता पिछले साल क्रमशः 23 सितंबर और छह अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए, जिससे बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं के खिलाफ आठ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता पड़ी। उपाध्याय ने अपनी जनहित याचिका में बहुविवाह और निकाह हलाला को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2018 में उनकी याचिका पर विचार किया था और इस मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जो पहले से ही ऐसी ही याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

# राहुल गांधी को संसद से बाहर रखने की हो रही साजिश : खड़गे

### कहा- हर हाल में सरकार के कुकर्मों का पर्दाफाश करते रहेंगे



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी को लेकर सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गुरुवार को कहा कि यह सब पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष (राहुल गांधी) को संसद से बाहर रखने का प्रयास है क्योंकि वह सच बोलते हैं उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस इस सरकार से सवाल पूछते रहेंगे और जनता की आवाज उठाते रहेंगे।

खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित पुस्तक माटी के लाल के विमोचन के मौके पर कहा कि राहुल पर गुजरात में जो कार्यवाही हुई है, उसके खिलाफ हम ऊपरी अदालत में अपील करेंगे, लेकिन न तो डरेंगे न पीछे हटेंगे। हम हर हाल में इस सरकार के कुकर्मों का पर्दाफाश करते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में कुछ नहीं है, लेकिन सच बोलने के लिए वो (सरकार) राहुलजी को संसद से बाहर रखने के लिए ये सारे तरीके तलाश रहे हैं। ये सब डराने के लिए किया जा रहा है। इससे पहले, खड़गे ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले न्यायाधीशों को बदला गया। हमको पहले से अंदाजा लग रहा था, लेकिन हम कानून और न्यायपालिका में विश्वास रखने वाले हैं और कानून के तहत लड़ेंगे। उन्होंने ट्वीट किया कि कायर, तानाशाह भाजपा सरकार राहुल गांधी और विपक्ष से तिलमिलाई हुई है, क्योंकि हम उनके काले कारनामों को उजागर कर रहे हैं। जेपीसी की मांग कर रहे हैं। राजनीतिक दिवालियेपन की शिकार मोदी सरकार, ईडी, पुलिस भेजती है। राजनीतिक भाषणों पर केस थोपती है। उन्होंने कहा कि हम उच्च न्यायालय में अपील करेंगे।

पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम में खड़गे ने दावा किया कि हम गांधी टोपी वाले लोग हैं। मोदी साहब के सिर पर काली छतरी रहती है। काली छतरी के नीचे सब काले धंधे वाले लोग रहते हैं।

उन्होंने रिमोट कंट्रोल संबंधी प्रधानमंत्री के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी जो बयान देते हैं, वह उनको शोभा नहीं देता है। प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि मेरा रिमोट कंट्रोल कहीं ओर है। मैं उनसे पूछता हूं कि नड्डाजी का रिमोट कंट्रोल किसके पास है।

## पटनायक से मिलीं ममता, तीसरे मोर्चे के सवाल पर दोनों साधे चुप्पी

**भुवनेश्वर।** भाजपा के खिलाफ तीसरे मोर्चे की चर्चा के बीच तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। ओडिशा की तीन दिवसीय दौरे पर आईं बनर्जी के यात्रा के अंतिम दिन नवीन पटनायक के साथ बैठक की। पटनायक के आवास नवीन निवास में बैठक खत्म होने पर ओडिशा के मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि हमने देश के संघीय ढांचे को स्थायी और मजबूत करने का संकल्प लिया और कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। बनर्जी ने पटनायक का समर्थन किया और कहा कि नवीज जी ने जो कहा है मैं उसका पुरजोर समर्थन करती हूं और इसकी सराहना करती हूं। हालांकि दोनों नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए क्षेत्रीय दलों के गठबंधन या तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। पटनायक ने कहा कि यह शिष्टाचार भेंट थी। गंभीर राजनीतिक मुद्दों पर कोई गहन चर्चा नहीं हुई। हमारी मित्रता बहुत पुरानी है।

इससे पहले बनर्जी, पटनायक के आवास पहुंची जहां ओडिशा के मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ का श्री अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। पटनायक ने तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो को तीन रथों की प्रतिकृति भी भेंट की। उन्होंने बनर्जी को जरदोजी का काम और कुछ मिठाइयां भी भेंट कीं। बनर्जी ने पटनायक को शॉल भेंट किया।

# सेना और वायुसेना ने किया वायु प्रहार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय सेना और वायुसेना ने आपसी समन्वय वाले अभियानों को अंजाम देने की योजना को पुख्ता करने के लिए पूर्वी थिएटर कमान में एक बहु-क्षेत्रीय हवाई-जमीनी अभ्यास वायु प्रहार किया। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संयुक्त अभ्यास मार्च के दूसरे सप्ताह में किया गया। सूत्रों के मुताबिक, संयुक्त अभ्यास के दायरे में भीतरी इलाकों में मौजूद एक निर्धारित त्वरित प्रतिक्रिया बल को हवाई-जमीनी अभियान को अंजाम देने के लिए तेजी से लामबंद करना शामिल था। उन्होंने बताया कि वायु प्रहार के तहत सेना और वायुसेना ने ऊंचाई वाले इलाकों की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में यथार्थवादी अभ्यास परिदृश्य के अनुसार आकस्मिक कार्यों को भी अंजाम दिया। एक सूत्र ने कहा कि संयुक्त अभ्यास वायु प्रहार के आयोजन से एक थिएटर के भीतर बलों की त्वरित लामबंदी, आपूर्ति और तैनाती के लिए विभिन्न एजेंसी के बीच समन्वय और पूर्वाभ्यास संभव हो सका, ताकि इस कार्य को भविष्य में सभी थिएटर में निष्पादित किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, इस अभ्यास ने समन्वय वाले संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए सर्वोत्कृष्ट प्रक्रियाओं को पुख्ता और परिष्कृत किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना और वायुसेना के बीच पूर्वी थिएटर में 96 घंटे लंबे इस संयुक्त अभ्यास में विभिन्न सैन्य दलों और विशेष बलों ने हिस्सा लिया।



## उत्तर कोरिया ने दागी चार क्रूज मिसाइलें



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री ली जोंग-सुप ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछले दिन चार क्रूज मिसाइलें दागीं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सियोल के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा है कि उसने बुधवार सुबह उत्तर पूर्वी शहर हमहंग से कई मिसाइलें लॉन्च करने का पता लगाया। राष्ट्रीय रक्षा पर नेशनल असेंबली की समिति के एक सत्र के दौरान मंत्री ने कहा, हमारा मानना है कि चार मिसाइल दागे गए। हमने प्रारंभिक विश्लेषण किया है, और दक्षिण कोरिया और अमेरिका इसकी जांच कर रहे हैं। इस पर टिप्पणी करते हुए कि क्या उत्तर कोरिया के पास परमाणु आयुध को सामरिक हथियारों पर लगाने की तकनीक है, ली ने कहा कि इस मामले में उत्तर कोरिया ने काफी प्रगति कर ली है।

# सम्राट चौधरी बने बिहार भाजपा के नये अध्यक्ष

### राजस्थान में जोशी, दिल्ली में सचदेवा और ओड़िशा में सामल ने प्रदेश अध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** लोकसभा और इस साल कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने गुरुवार को चार राज्यों में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव किए। इसके तहत पार्टी ने बिहार विधान परिषद में पार्टी के नेता सम्राट चौधरी को बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया जबकि चितौड़गढ़ से सांसद चंद्र प्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को भाजपा की राजस्थान इकाई की जिम्मेदारी सौंपी गई।पार्टी महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी अलग-अलग विज्ञप्तियों के मुताबिक दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को प्रोन्नत करते हुए प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया और ओडिशा के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता मनमोहन सामल को राज्य इकाई के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिंह ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इन नियुक्तियों को हरी झंडी दी है और यह तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। कुशवाहा (अन्य पिछड़ा वर्ग) समाज से आने वाले सम्राट चौधरी बिहार के दिग्गज नेता रहे शकुनी चौधरी के पुत्र है। शकुनी चौधरी सात बार विधायक रहे हैं। सम्राट चौधरी बिहार भाजपा अध्यक्ष के रूप में संजय जायसवाल की जगह लेंगे। जायसवाल ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन नयी बुलन्दियों को प्राप्त करेगा। सम्राट चौधरी बिहार भाजपा के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह 1999 में कृषि मंत्री और 2014 में शहरी विकास और आवास विभाग के मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। चौधरी 54 वर्ष के हैं और 2018 में भाजपा में शामिल होने के बाद उनके कद में लगातार इजाफा हुआ है। कभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के करीबी रहे, सम्राट चौधरी ने वर्ष 2014 में राजद छोड़कर जदयू का दामन थाम लिया था। ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वालेजोशी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज की और दूसरी बार संसद पहुंचे। वह प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सतीश पूनिया की जगह लेंगे।

## वाणिज्य की खबरें

### सेंसेक्स 289 अंक लूढ़का



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर गुरुवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 289 अंक टूटकर 58,000 अंक से नीचे फिसल गया। यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के साथ बैंक, वित्तीय और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भारी बिकवाली से बाजार पर दबाव बना। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 289 .31 अंक यानी 0 .50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,925 .28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 375 .74 अंक तक टूट गया था।पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 75 अंक यानी 0 .44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,076 .90 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में भारतीय स्टेट बैंक रहा। इसमें 1.69 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, विप्रो, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, पावरग्रिड और एचडीएफसी बैंक तथा एचडीएफसी लि. भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर लाभ में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, मारुति, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे जबकि जापान के निक्की में गिरावट आई।

### बढ़ेंगे मारुति सुजुकी के वाहनों के दाम

नयी दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया के वाहनों के दाम अप्रैल से बढ़ने वाले हैं। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि नियामक आवश्यकताओं और मुद्रास्फीति के असर को आंशिक रूप से कम करने के लिए उसे दामों में वृद्धि करनी पड़ रही है। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि मूल्य वृद्धि कितनी होगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजारों को भेजी जानकारी में कहा कि कुल मुद्रास्फीति और नियामक आवश्यकताओं की वजह से उसे लागत दबाव का लगातार सामना करना पड़ रहा है। कंपनी लागत को घटाने के हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन मूल्य वृद्धि का कुछ भार ग्राहकों पर डालने पर वह मजबूर है। कंपनी ने कहा कि वाहनों के दाम अप्रैल 2023 से बढ़ाए जाएंगे और यह मूल्य वृद्धि विभिन्न मॉडल के लिए भिन्न होगी। इससे पहले, होंडा कार्स, टाटा मोटर्स और हीरो मोटोकॉर्प समेत कई कंपनियां वाहनों के दामों में अप्रैल से वृद्धि करने की घोषणा कर चुकी है।

### सेडान अमेज अप्रैल से होगी महंगी

**नयी दिल्ली।**होंडा कार्स इंडिया की एक अप्रैल से अपनी शुरूआती स्तर की कॉम्पैक्ट सेडान अमेज के दाम 12,000 रुपये तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी नेकहा कि कीमतों में वृद्धि अगले महीने से लागू सख्त उत्सर्जन नियम के मद्देनजर की गई है। कीमतों में यह बढ़ोतरी मॉडल के अलग-अलग संस्करण के लिए भिन्न होगी।

### कोयले की मांग बनी रहेगी : वर्मा



**नयी दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड कोलकाता में 16वीं इंडियन कोल मार्केट्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ विनय वर्मा ने कहा कि यह एक कठिन लक्ष्य है क्योंकि वित्त वर्ष 23 में अनुमानित 700 मिलियन टन की तुलना में 80 मिलियन टन अधिक कोयले की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारत में, गैस और तेल की आपूर्ति से जुड़े भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच ऊर्जा सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए कोयला महत्वपूर्ण है। ऐसे में विश्वसनीय और लागत प्रभावी संसाधन के रूप में कोयले की मांग बनी रहेगी।

### एशियन पेंट्स का इमल्शन लॉन्च

**नयी दिल्ली।** किसी भी मकान मालिक के लिए बात जब सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान की हो तो एक सुंदर घर होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। बजट की बंदिश उन्हें आमतौर पर घर पेंट कराने के सस्ते विकल्पों को चुनने के लिए मजबूर कर देती है, लेकिन ऐसा करते हुए वह गुणवत्ता से भी समझौता करते हैं। उपभोक्ताओं की इसी समस्या को दूर करते हुए ट्रैक्टर स्पार्क एवं ऐस स्पार्क इमल्शन लॉन्च किया है। यह किफायती पेंट्स हैं, जो घर की बाहरी और भीतरी दीवारों को शानदार फिनिश देते हैं।1942 में अपनी स्?थापना के बाद से एशियन पेंट्स ने भारत की अग्रणी और एशिया की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी बनने के लिये एक लंबा सफर तय किया है। कंपनी का टर्नओवर 29,101.28 करोड़ रुपये (291 बिलियन रुपए) है। एशियन पेंट्स 15 देशों में परिचालन करती है और पेंट बनाने के लिये दुनिया में उसकी 27 सुविधाएं हैं।

# कंगना ने जन्मदिन पर जारी की भावनात्मक पोस्ट



**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत गुरुवार को 36 साल की हो गईं और उन्होंने उन लोगों से माफी मांगी, जिन्हें उन्होंने जाने अनजाने में ठेस पहुंचाई है और यहां तक कि अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के लिए एक संदेश भी साझा किया। कंगना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जहां वे हरे रंग की साड़ी पहने और बालों को पीछे की ओर बांधे हुए शाही अंदाज में दिख रही हैं। धाकड़ अभिनेत्री ने सबसे पहले अपनी मां, पिता और अपने गुरुओं (सद्गुरु और स्वामी विवेकानंद) को उनकी शिक्षाओं के लिए धन्यवाद दिया। वह फिर अपने शत्रुसे बात करने लगी। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, मेरे शत्रु, जिन्होंने आजतक मुझे कभी आराम नहीं करने दिया। चाहे जितनी भी सफलता मिली, फिर भी मुझे सफलता के मार्ग पे तत्पर रखा। मुझे लड़ना, संघर्ष करना सिखाया। उनकी भी मैं हमेशा आभारी रहूंगी। उन्होंने आगे कहा, दोस्तों मेरी विचारधारा बहुत सरल है, मेरी सोच भी बहुत सरल है और मैं हमेशा ही सबका अच्छा चाहती हूं। इसके चलते अगर मैंने कभी किसी के लिए देश में या बड़ी तस्वीर के लिए किसी के लिए कुछ कहा हो और उनको उसका दुख हुआ हो, मैं उसके लिए भी क्षमा चाहती हूं। उन्होंने कहा कि, उनके पास केवल स्नेह और अच्छे विचार हैं। काम के मोर्चे पर, कंगना ने हाल ही में 'चंद्रमुखी 2' की शूटिंग पूरी की है। उनके पास 'इमरजेंसी', 'तेजस', 'मणिकर्णिका रिटर्न्सः द लीजेंड ऑफ दिद्दा' और 'द अवतारः सीता' भी हैं।

## ओडिशा में टैक्स फ्री हुयी फिल्म ज्विगाटो

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म ज्विगाटो'को ओडिशा सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया है। नंदिता दास के निर्देशन में बनी फिल्म ज्विगाटो में कपिल शर्मा और सहाना गोस्वामी की मुख्य भूमिका है।ज्विगाटो एक आम आदमी की कहानी है जो कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी नौकरी से हाथ धो बैठता है।

इस वजह से वह फूड डिलीवरी बॉय की तरह काम कर रहा है। कपिल शर्मा और नंदिता दास की फिल्म को ओडिशा सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया है। इस फिल्म की शूटिंग भुवनेश्वर में हुई है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने फिल्म 'ज्विगाटो' के लिए मनोरंजन कर से छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। नंदिता दास ने इसके लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभार जताया है। फिल्म 'ज्विगाटो' में कपिल शर्मा ने एक फूड डिलीवरी बॉय का रोल निभाया है।



स्पीड न्यूज

## जमीन विवाद में चली गोली एक व्यक्ति घायल, रेफर

**बासुकीनाथ ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र के हटिया टोला में गुरुवार की दोपहर दिनदहाड़े गोली चलने की घटना से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। इस घटना में हटिया टोला के 50 वर्षीय नुनूलाल प्रसाद, पिता स्व जगदीश लाल अपराधियों की गोली से घायल हो गए। जिसमें उसकी बाएं हाथ की दो उंगलियां बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसे आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरमुंडी पहुंचाया गया। जहां डा अंजू एवं डा देवाशीष रक्षित ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुट गई। इस संबंध में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक दयानंद साह प्रथम दृष्टया आपसी जमीन विवाद को घटना की वजह बताते हैं। सूत्रों के मुताबिक आधा दर्जन अपराधी स्कॉर्पियो पर सवार होकर आए थे। जो घर के सामने बैठे नुनूलाल प्रसाद के ऊपर गोली मार घायल कर फरार होने में कामयाब रहे।

## बिजली बिल जमा लेने के लिए आज खुला है काउंटर

**चक्रधरपुर।** सरहुल पर्व का अवकाश होने के बावजूद वित्तीय वर्ष के अंतिम माह होने के कारण उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शुक्रवार को चक्रधरपुर और मनोहरपुर के बिजली विभाग का एटीपी मशीन काउंटर खुला रखा गया है। जो उपभोक्ता बिल जमा करना चाहते है, आसानी से बिल का भुगतान कर सकते हैं। मालूम हो कि पांच हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है।

## कांग्रेसियों ने संकल्प सभा का किया आयोजन

**दुमका।** सूरत कोर्ट से राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को दो वर्ष की सजा सुनाने को लेकर कांग्रेस भवन जिला कार्यालय में संकल्प सभा का आयोजन गुरूवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने किया। संकल्प सभा का आयोजन कर राहुल गांधी के हर संघर्ष के साथ आगे बढ़ने एवं हर चुनौतियों का सामना करने के लिए उनके साथ हर कदम पर साथ देने के लिए उपस्थित कार्यकर्ता ने संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोज अंबष्ट, महासचिव युगल किशोर सिंह, संजीत कुमार सिंह, प्रेम कुमार साह, सत्य नारायण यादव, महिला जिला अध्यक्ष छबि बागची, शाहरोज शेख बिलियम टुडू, नगर अध्यक्ष अलीमाम उर्फ टिंकू आदि मौजूद थे।

## पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया

**मसलिया।** प्रखंड क्षेत्र के सिंगरोगादी गांव में शहीदे आजम भगत सिंह सुकदेव व राजगुरु की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। शहीद दिवस के कार्यक्रम की अगुवाई जीनियस स्मार्ट कोचिंग सेंटर के संचालक इंद्रजीत कुमार यादव ने किया। जिसमें कोचिंग सेंटर के बच्चों ने भगत सिंह समेत तीनों शहीदों को नमन किया। इंद्रजीत कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों को भूलते जा रहे हैं। पुण्यतिथि मनाकर उनके किए कृत्यों को स्मरण कर उनके पद चिह्नों पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

### सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय 7वें दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन

# विवि शिक्षा प्रणाली मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाये

कोरोनाकाल जैसे विषय परिस्थितियों में भी सत्र नियमितिकरण में छात्र और शिक्षकों की भूमिका रही अहम : कुलपति





राज्यपाल सह कुलाधिपति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करती कुलपति। राज्यपाल के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र एवं शोधार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** मेरे प्रिय छात्रों, आपके जीवन में बहुत खुशी और संतुष्टि का यह क्षण आपकी स्मृति में हमेशा बना रहेगा। आपके शैक्षणिक प्रयासों को उपलब्धि में बदल दिया जाता है, जो आपके जीवन के एक चरण के पूरा होने और दूसरे की शुरूआत को चिह्नित करता है। उक्त बातें राज्यपाल सह कुलाधिपति सी पी राधाकृष्णन ने सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के 7 वें दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आप अपने जीवन के अगले चरण की ओर बढ़ रहे हैं। आपको याद दिलाना चाहता हूं कि आपकी शिक्षा यहीं खत्म नहीं हो जाती। यह केवल सीखने और विकास की आजीवन यात्रा की शुरूआत है। आपने अपने समय के दौरान जो ज्ञान और कौशल प्राप्त किया है, वह आपके भविष्य के प्रयासों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेगा। राज्यपाल ने उम्मीद जताते हुए कहा कि यहां की शिक्षा ने आपको सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस किया है। लेकिन यह आप पर निर्भर है कि आप आगे बढ़ते रहें और अपने लिए जगह बनाते रहें। दुनिया लगातार विकसित हो रही है और जिज्ञासु, अनुकूलनीय और नए अनुभवों के लिए खुला रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि जब मैं आपसे बात करता हूं, तो आपके दिमाग में भविष्य के लिए सपने और लक्ष्य होने चाहिए। राज्यपाल ने आग्रह करते हुए कहा कि सपनों को हमेशा ताजा और गर्म रखें। जैसे वे अभी हैं, इस पल, आपके युवा दिलों में बढ़ रहे हैं। अपने जीवन में कभी भी किसी चीज को उन सपनों की ताजगी और सुंदरता को कम न होने दें। आपको अपनी सफलता के लिए उनकी आवश्यकता है। आपके परिवार और देश को भी उनकी जरूरत है। चुकी आप सभी जानते हैं, आज की हकीकत। क्या कल के सपने सच होते हैं। अपने सपनों की लहर पर अपनी नई यात्रा शुरू करें। राज्यपाल ने कहा कि सफलता केवल ज्ञान और कौशल के बारे में नहीं है। यह उन दृष्टिकोणों और मूल्यों के बारे में भी है। जो आप अपने काम और व्यक्तिगत जीवन में लाते हैं। राज्यपाल ने युवाओं को एक सकारात्मक मानसिकता अपनाने, नई चुनौतियों के लिए खुले रहने और सतर्क और सतर्क रहने के लिए प्रोत्साहित किया। ये गुण आपको अपने लक्ष्यों और आगे आने वाले अवसरों को प्राप्त करने के लिए पथ को नेविगेट करने में मदद करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि इस वास्तविक जीवन में आपकी चुनौतियां और जिम्मेदारियां कई गुना बढ़ जाएंगी। अब तक आपने किताबों और शिक्षकों से ही सीखा है। लेकिन अब से सीखने के लिए पूरी दुनिया एक पुस्तकालय के रूप में आपके लिए खुल जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि क्या अधिक है, आप में से प्रत्येक के पास एक आदर्श है। जिसे आप हमेशा अपने जीवन में अनुकरण करना चाहते हैं। लेकिन आज के बाद, आपसे छोटी पीढ़ियां प्रेरणा और मार्गदर्शन के लिए आपकी ओर देखना शुरू कर देंगी। इसलिए, आपको अपने शब्दों और व्यवहार में विनम्र होना चाहिए। अपने कार्यों में गरिमापूर्ण होना चाहिए, सभी के प्रति, विशेष रूप से गरीबों और वंचितों के प्रति अपने दृष्टिकोण का ध्यान रखना चाहिए। अपने सार्वजनिक जीवन में संयम, वस्तुनिष्ठता और सत्यनिष्ठा का ध्यान रखें। राज्यपाल ने कहा कि आपसे ईमानदारी से आग्रह करता हूं कि नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को याद रखना।

### 56 पीएचडी धारक समेत 22827 छात्रों को दीक्षांत समारोह में मिला प्रमाण पत्र

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह उत्साहपूर्वक बुधवार को संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 बजे एग्रो पार्क स्थित कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुई। जहां मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्ण ने स्नातक और स्नाकोत्तर के टॉपर छात्रों को गोल्ड मैडल और पीएचडी धारकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बेस्ट ग्रेजुएट समेत यूजी और जीसी के 55 टॉपर को गोल्ड मैडल और प्रमाण पत्र राज्यपाल ने देकर सम्मानित किया। जिसमें विभिन्न वोकेशनल कोर्स के 10 एवं पीजी के 20 टॉपर छात्रों को गोल्ड मैडल दिया गया। राज्यपाल ने 56 पीएचडी उपाधि प्राप्त शोधार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में बेहतर करने वाले समारोह में अंडर ग्रेजुएट के कुल 19109 छात्र एवं वोकेशनल कोर्स समेत 3662 पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शहीद सिदो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीक्षांत समारोह का शुभारंभ

दीक्षांत समारोह में शुभारंभ सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर दिग्घी में स्थित शहीद स्वतंत्रता सेनानी कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन माल्यार्पण कर नमन करने के बाद दीक्षांत समारोह कार्यक्रम स्थल कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। जहां निर्धारित समय पर राज्यपाल सह कुलाधिपति सी पी राधाकृष्णन का स्वागत किया गया। मुख्य गेट पर एसपी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने कुलाधिपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद आदिवासी परांपरागत नृत्य-संगीत और परांपरिक रिति-रिवाज लोटा-पानी से स्वागत किया गया। दीक्षांत समारोह में टॉपर छात्र कुर्ता-पैजामा, छात्राएं सलवार, शूट और लाल बोडर का साड़ी पहन पहुंचे थे। सीनेट सदस्य, अकादमी कौंसिल सदस्य, डीन और विभागाध्यक्ष भी पैजामा-कुर्ता में मौजूद थे।

**सुरक्षा के दिखे पुख्ता इंतेजमात**

दीक्षांत समारोह कार्यक्रम स्थल कन्वेंशन सेंटर में राज्यपाल सह कुलाधिपति की आगमन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजमात दिखे। डीआईजी सुदर्शन मंडल, एसपी अंबर लकड़ा, एसडीओ अभिजित सिन्हा समेत जिला प्रशासन और काफी संख्या में मुख्य गेट से लेकर कन्वेंशन सेंटर में सुरक्षा बलो की तैनाती दिखी। एनसीसी गर्ल्स एवं ब्वायज कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक समेत सादे लिबास में पुलिस के जवानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनाती रही।

## देश के महान सपूतों के पूण्यतिथि विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** समाजवाद के प्रणेता डॉ राममनोहर लोहिया के अवतरण दिवस के अवसर भारत माता के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को शहीद दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सरदार पटेल चौक में पटेल सेवा संघ व सिविल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धासुमन अर्पण कार्यक्रम सोसायटी व संघ सचिव संदीप कुमार जय बमबम के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बी के जयमाला, बी के रेखा, सिविल सोसायटी अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, प्रेम केसरी, पूर्व वार्ड पार्षद विनोद दारूका, जय माता दी सेवा समिति अध्यक्ष राजेश कुमार राउत, विजय कुमार सोनी, मानष रक्षित, प्रमोद कुमार राउत, सुदेश सिंह, शिव नारायण दर्वे, विक्रम कुमार, अथर्वदीप, राकेश महतो के अलावा भारी संख्या में कराटे, ताइक्वांडो और बास्केटबॉल के खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित होकर महान विभूतियों के भारत माता के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि व 108 दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

**जामा।** प्रखंड के बारापलासी स्थित दुर्गा मंदिर के परिसर में गुरुवार को महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर उनके तस्वीर पर हिंदू जागरण मंच के युवाओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर बारापलासी के विरांगना माताए, बहनों एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रेम कुमार यादव ने कहा कि आज की जो वर्तमान परिस्थिति और शिक्षा व्यवस्था है। उसमें हम क्रांतिकारी बलिदानी को भूलते जा रहे हैं।

## अवैध कोयला खदान को खनन टास्क फोर्स ने किया डोजरिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** नक्सल प्रभातिव शिकारीपाड़ा प्रखंड में अवैध कोयला उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनन टास्क फोर्स ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। खनन टास्क फोर्स की टीम वन क्षेत्र बादलपाड़ा, लुटियापहाड़ी, कल्याणपुर, गुमरो पहाड़ पहुंची और दर्जनों की संख्या में अवैध कोयला के सुरंगो और खदानों को बुलडोजर और जेसीबी से ध्वस्त किया। हालांकि इसमें 1- 2 खदान ही चालू रहने के संकेत मिले। लेकिन जो अन्य खदान जहां वर्तमान में उत्खनन कार्य नहीं हो रहा था। लेकिन भविष्य में कोयला नहीं निकाला जाये। इसलिए उसे ध्वस्त कर दिया गया। इस टीम में प्रशिक्षु वन पदाधिकारी प्रबल गर्ग, एसडीपीओ नूर मुस्तफा, डीएमओ कृष्ण कुमार किस्कू, सीओ राजू कमल, थाना प्रभारी उमेश राम सहित भारी संख्या में महिला और पुलिस बल के अलावा एसएसबी के जवान भी शामिल थे। यह टीम 7 जेसीबी और अन्य मशीनों को लेकर वन क्षेत्र पहुंची और कोयला खदानों को ध्वस्त किया। हालांकि इस टीम को कहीं भी भारी मात्रा में डंप किया हुआ कोयला नहीं मिला। एक दो जगह कोयला के छोटे-छोटे ढेर नजर आये। जिसे जब्त किया गया। इस कार्रवाई के संबंध में एसडीपीओ नूर मुस्तफा ने कहा कि खनन ट्रांसपोर्ट से अवैध कोयला उत्खनन को रोकने के लिए खदानों की डोजरिंग की गई है। उन्होंने बताया कि इसे कौन संचालित कर रहा था। इसकी जांच की जा रही है और उस अनुसार दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



डोजरिंग कर अवैध खदान ध्वस्त करते टास्क फोर्स

## संथालों की विलुप्त होती जा रही कठपुतली कला छादर बादरनी के संरक्षण को वर्कशॉप

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र आहलाद डुमरिया में गुरुवार को रसिक गोरवी बेसरा मेमोरियल ट्रस्ट दुमका द्वारा संथालों की विलुप्त होती जा रही कठपुतली कला छादर बादरनी के संरक्षण के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन इंग्लैंड में रहनेवाले समाजसेवी डां धुनी सोरन, आस्ट्रेलिया के समाजसेवी सिलविया एवं ट्रस्ट की संचालिका डॉ स्टेफी टेरेसा मुर्मू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ धुनि जो युनिनाइट नेशन में आदिवासीयों का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं और संथालो पर कई किताबें भी लिखी है। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि आदिवासियों को यह कला अपने संस्कृति में विरासत में मिली है। इसे संजोए रखना हमारा दायित्व है। कला हमारी पहचान है जो विलुप्त होती जा रही है। लेकिन यह कठपुतली कला गांव में अभी भी जीवित है और आहलाद डुमरिया गांव में देखने को मिलती है। ट्रस्ट की संचालिका स्टेफी टेरेसा मुर्मू ने बताया कि सिल्वीया आस्ट्रेलिया मुल्क की है। जो एक समाज सेवी हैं और पिछले 30 सालों से संथाल गांवों में काम कर रही है।गांव गांव में घूम कर छादर बादरनी कला जो आदिवासियों के दीवारों एवं धार्मिक स्थलों पर भित्तिचित्र के रूप में देखने को मिलती है। इस प्रकार के वर्कशॉप के माध्यम से इस कठपुतली कला को संरक्षण देने का काम किया जा रहा है। शिक्षाविद डॉ स्टेफी टेरेसा मुर्मू जो रांची यूनिवर्सिटी में शिक्षा विद है और समाजसेवी के तौर पर रसिक गोरवी बेसरा मेमोरियल ट्रस्ट की संचालिका है ने बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर कठपुतली कला,छादर बादरनी कला को संरक्षण देने के उद्देश्य से आहलाद डुमरिया गांव में 22 से 27 मार्च तक वर्कशाप का आयोजन किया गया है।

## कांग्रेसियों ने राहुल के संघर्ष के साथ आगे बढ़ने एवं हर चुनौतियों का सामना करने का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चाईबासा।** सूरत न्यायालय, गुजरात द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार गुरुवार शाम को कांग्रेस भवन चाईबासा में कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के संघर्ष के साथ आगे बढ़ने एवं हर चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लिया। कांग्रेसियों ने संकल्प लिया कि हम सभी हमारे सर्वमान्य नेता राहुल गांधी के संघर्ष के साथ है एवं केन्द्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश हित में जो भी निर्णय लिए जाएंगे हम उसका अक्षरशः अनुपालन करेंगे। देश हित-लोक हित में सदैव कार्य करेंगे एवं कांग्रेस पार्टी के साथ है। संकल्प लेने वालों में कांग्रेस के त्रिशानु राय, राज कुमार रजक, जितेन्द्र नाथ ओझा , लियोनार्ड बोदरा, दिकु सावैयां, इम्तियाज खान, सिकुर गोप, जगदीश सुंडी, मोहित सुल्तानियां, सिद्धेश्वर कालुण्डिया, मुकेश कुमार, बिरसा कुंटिया, रवि कच्छप, अली असगर, बुल्लू, मो.मोदस्सिर, सुशील कुमार आदि शामिल थे।

## आरोपी दारोगा ही जांच में पहुंचा, हंगामा, बैरंग लौटे

### एक दिन पहले नवजात की पैरों से कुचलकर हुई थी मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** नवजात बच्चे को कथित तौर पर कुचल कर मारने के आरोपों से घिरी देवरी पुलिस अब नये आरोप में फंस गयी है। इस बार पुलिस पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। यह आरोप तब लगा जब गावां अंचल के निरीक्षक सहदेव प्रसाद अपने साथ इस कांड के जांच के दायरे में शामिल उस पदाधिकारी को लेकर मृतक के घर और उस कमरे में जा पहुंचे जहां पर बच्चे को कुचलने की बात कही जा रही थी। उक्त पदाधिकारी के घटनास्थल पर पहुंचते ही परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। यहां परिजनों ने मौके पर मौजूद अवर निरीक्षक संगम पाठक को लेकर न सिर्फ आपत्ति जतायी बल्कि यह कहा कि घटना पर लीपापोती करने का प्रयास हो रहा ह। ज्ञात हो कि एक आरोपी को पकड़ने गयी पुलिस वाले की बूट से कुचलकर चार दिन के बच्चे की मौत हो गयी थी।

**बैरंग लौटी पुलिस :** यहां पर लोगों ने अवर निरीक्षक संगम पाठक के साथ साथ जांच के लिए पहुंचे पुलिस निरीक्षक सहदेव प्रसाद को भी वहां से चले जाने को कहा। इस दौरान काफी शोर शराबा भी हुआ। उन्हें देवरी थाना से हटा कर एसपी ने लाइन क्लोज कर दिया है। जब संगम पाठक को थाना से हटा दिया गया है और वे खुद जांच के दायरे में हैं तो वह कैसे जांच करने आ सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एसपी ने देवरी थाना प्रभारी संगम पाठक को हटा कर लाइन क्लोज कर दिया है। लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस निरीक्षक सहदेव प्रसाद, लाइन क्लोज अवर निरीक्षक संगम पाठक दल बल के साथ वापस चले गये। इस दौरान झामुमो नेता प्रदीप हाजरा ने कहा कि बिल्ली को दूध की रखवाली का जिम्मा कैसे दिया जा सकता है। जांच के लिए अवर निरीक्षक संगम पाठक का मृतक के घर आना खुद में सवाल खड़ा करता है। झामुमो नेता ने कहा कि निलंबन और लाइन हाजिर से कुछ नहीं होनेवाला है। आरोपी पर सक्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### क्या है मामला

बुधवार की सुबह कोशोगोंदोदिघी निवासी भूषण पांडेय को गिरफ्तार करने देवरी पुलिस उनके घर पर गयी थी। भूषण की खोज में पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई। इसके कुछ घंटे के बाद भूषण के घरवालों ने आरोप लगाया कि छापेमारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों ने पैरों से भूषण के चार दिनों के पोते को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। इस आरोप के बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जांच की गयी। दंडाधिकारी की मौजूदगी में बच्चे के शव का पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम किया गया। एसपी ने भी जांच करते हुए पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया, इसके साथ ही प्रभारी थानेदार संगम पाठक को लाइन क्लोज कर दिया।

# गुदड़ी बाजार की 11.43 लाख में हुई बंदोबस्ती

12.15 लाख में बस स्टैंड, 2,88,500 लाख में ठेला-खोमचा और 3.2 लाख में विवाह भवन की हुई बंदोबस्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** नगर परिषद कार्यालय में गुरूवार को एसडीओ सह प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी रीना हंसदा की अध्यक्षता में गुदड़ी बाजार, बस स्टैंड, विवाह भवन एवं नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत लगने चाले ठेला-खोमचा एवं चलंत दुकानों की बंदोबस्ती हुई। रौशन कुमार जयसवाल ने ने गुदड़ी बाजार के लिए 11.43 लाख रुपए की सबसे उंची बोली लगाकर बंदोबस्ती अपने नाम कर ली। 11.42 लाख के साथ दर्पण लाल साह दूसरे स्थान पर रहे। जबकि गुदड़ी बाजार का न्यूनतम निर्धारित राशि 11,29,150 रुपए था। वहीं बस स्टैंड के लिए श्रवण खटिक ने 12.15 लाख रुपए की सबसे उंची बोली लगाई। दूसरे स्थान पर रहे कृष्णा साव ने 12.14 लाख रुपए की बोली लगाई। बस स्टैंड का न्यूनतम निर्धारित राशि 12,11,210 रुपए था। ठेला-खोमचा के लिए राहुल गुप्ता ने 2,88,500 रुपए की सबसे उंची बोली लगाई। दूसरे स्थान पर 2,88,200 रुपए के साथ मयंक साव रहे। ठेला-खोमचा का न्यूनतम निर्धारित राशि 2,87,375 रुपए था। सबसे अंत में नगर परिषद कार्यालय भवन के पीछे स्थित विवाह भवन की बंदोबस्ती हुई। कमल कुमार आजमानी ने 3.2 लाख रुपए की बोली लगाकर बंदोबस्ती हासिल की। दूसरे स्थान पर अंकिता आजमानी 3.1 लाख रुपए की बोली लगाई। विवाह भवन का न्यूनतम निर्धारित राशि तीन लाख रुपए था। बंदोबस्ती के दौरान नगर प्रबंधक अभिषेक राहुल, मोहम्मद शाहिद, पार्थ रवानी, वेंकट कुमार आदि उपस्थित थे।

## मंत्री जोबा माझी के नेतृत्व में सीएम से मिला पान तांती कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** झारखंड प्रदेश पान तांती स्वासी कल्याण समिति का प्रतिनिधि मंडल मंत्री जोबा मांझी के अगुवाई में झारखंड विधानसभा कक्ष में गुरूवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को पान तांती की जातीय विसंगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएम को विभिन्न अभिलेख एवं हाल ही में पिछड़ा वर्ग आयोग और सरकार को सलाह के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद बहुत जल्द ही निपटारा करने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में महासचिव विजय कुमार दास, प्रदेश संयोजक सचिव गोपीचंद दास, किशोर दास, गोविन्द तांती, अनिल पान, देवेंद्र पान, अनिल कुमार पान आदि शामिल रहे।